3 बस्तर संभाग
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जनता...

6 अभिमत
एक तापस वेशधारी फिर बना मेरा उद्धारक

10 संस्कारधानी
विधायक छाबड़ा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच मार्ग का भूमिपूजन...

11 न्यायधानी
डॉक्टर, कैदी, बच्ची, गृहणी समेत 65 नए मरीज

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 8 अगस्त 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-351 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### प्रदीप जोशी यूपीएससी के नए चेयरमेन बनें



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी को संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी के नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यूपीएससी भारत के नौकरशाहों एवं राजनयिकों समेत अहम पदों पर नियुक्ति के लिए सिविल सेवा परीक्षा का आयोजन करता है. जोशी अभी तक आयोग में ही बतौर सदस्य नियुक्त थे। यूपीएससी के नए अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर जोशी का कार्यकाल 12 मई, 2021 तक रहेगा। प्रोफेसर जोशी 2011 से 2013 तक छत्तीगसढ़ पीएससी के चेयरमैन रहे। छत्तीसगढ़ पीएससी के चेयरमैन बनने ➢शेष पेज 8 पर

### नाबालिग से छेड़खानी मामले में पुलिस ने अस्पताल कर्मी को किया गिरफ्तार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रावाभाटा स्थित निजी चिकित्सालय गायत्री अस्पताल से मानवता को शर्मनाक करने वाला मामला सामने आया। आपको बता दे कि उक्त चिकित्सालय में राज्य सरकार ने कोरोना उपचार के लिए व्यवस्था दी है, अस्पताल के कर्मचारी ने ब्रश करने गई एक नाबालिक के साथ अश्लील कृत्य किया। इधर मामले की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री को मिलने के बाद उन्होंने तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर ➢शेष पेज 8 पर

### मोदी सरकार बुनकर समुदाय के समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध : शाह

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आज कहा कि मोदी सरकार बुनकर समुदाय के समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध है। श्री शाह ने अपने ट्वीट संदेश में कहा , ÷ 2014 के बाद पहली बार हमारे मेहनतकश बुनकरों के वास्तविक कौशल को विकसित कर बुनकरों को उनका उपयुक्त श्रेय दिया जा रहा है। उन्हे और प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित किया ताकि बुनकरों को भारत के विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। एक अन्य ट्विट में उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र निश्चित रूप से हथकरघा क्षेत्र के मनोबल को बढ़ावा देगा।

# नई शिक्षा नीति से नए भारत की नींव रखी जाएगी : मोदी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि तीन-चार साल के विचार-मंथन और लाखों सुझावों के बाद नई शिक्षा नीति को मूर्त रूप दिया गया है और यह नए भारत की नींव रखने का काम करेगा।

श्री मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा में होने वाले परिवर्तनकारी सुधारों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर विचारधारा के लोग इस नयी शिक्षा नीति पर मंथन कर रहे हैं। इस नीति का कोई विरोध नहीं कर रहा है क्योंकि इसमें कुछ भी एकतरफा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कोई सर्कुलर नहीं बल्कि एक महायज्ञ है, जो नए देश की नींव रखेगा और एक सदी तैयार करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा नीति में देश के लक्ष्यों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि भविष्य के लिए पीढ़ी को तैयार किया जा सके। कई दशकों से शिक्षा नीति में बदलाव नहीं हुआ था इसलिए समाज में भेड़चाल को प्रोत्साहन मिल रहा था। कभी डॉक्टर, कभी इंजीनियर कभी वकील बनाने की होड़ लगी हुई थी लेकिन अब युवा क्रिएटिव विचारों को आगे बढ़ा सकेगा, अब सिर्फ पढ़ाई नहीं बल्कि वर्किंग कल्चर को विकसित किया गया है। युवाओं में क्रिटिकल सोच विकसित करना होगा।

उन्होंने कहा कि हमारे सामने सवाल था कि क्या हमारी नीति युवाओं को अपने सपने पूरा करने का मौका देती है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था युवा को सक्षम बनाती है। नई शिक्षा नीति को बनाते समय इन सवालों पर गंभीरता से काम किया गया है। दुनिया में आज एक नई व्यवस्था खड़ी हो रही है, ऐसे में उसके हिसाब से शिक्षा व्यवस्था में बदलाव जरूरी है। ➢शेष पेज 8 पर



### अब इनोवेटिव थिंकिंग पर जोर

बीते कई साल से हमारे एजुकेशन सिस्टम में बदलाव नहीं हुए, जिससे समाज में क्यूरोसिटी और इमेजिनेशन की वैल्यू को प्रमोट करने के बजाय भेड़ चाल को बढ़ावा मिलने लगा था। कभी डॉक्टर तो कभी इंजीनियर तो कभी वकील बनाने की होड़ लगने लगी। इससे बाहर निकलना जरूरी था। जब तक शिक्षा में पैशन और परपज ऑफ एजुकेशन नहीं हो, तब तक हमारे युवाओं में क्रिटिकल और इनोवेटिव थिंकिंग डेवलप कैसे हो सकती है?

### स्वदेशी शिल्प को संरक्षित करने के प्रयास सराहनीय : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की सराहना करते हुए कहा है कि स्वदेशी शिल्प को संरक्षित करने के उनके प्रयास सराहनीय हैं। श्री मोदी ने आज यहां एक ट्विट संदेश में कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर हम अपने जीवंत एवं उर्जावान हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को नमन करते हैं। इन अनुकरणीय लोगों ने हमारे राष्ट्र के स्वदेशी शिल्प को संरक्षित करने के लिए निरंतर सराहनीय प्रयास किए हैं। आइए, हम सभी 'वोकल फॉर हैंडमेड' हो जायें और 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने की दिशा में अपने प्रयासों को सतत रूप से मजबूत करें।'' इस दिवस का उद्देश्य हथकरघा उद्योग के महत्व एवं सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में इसके योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना, हथकरघा को बढ़ावा देना और बुनकरों की आय बढ़ाना है।

### नई नीति में स्किल्स पर फोकस

21वीं सदी के भारत में हमारे युवाओं को जो स्किल्स चाहिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस पर विशेष फोकस है। भारत को ताकतवर बनाने के लिए, विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए इस एजुकेशन पॉलिसी में खास जोर दिया गया है। भारत का स्टूडेंट चाहे वो नर्सरी में हो या फिर कॉलेज में, तेजी से बदलते हुए समय और जरूरतों के हिसाब से पढ़ेगा तो नेशन बिल्डिंग में कंस्ट्रक्टिव भूमिका निभा पाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक कोरोना पॉजिटिव पाये गये

## कई लोगों को अब कराना होगा टेस्ट, आइसोलेट भी होना होगा


पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। अब इसकी चपेट में खुद नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक भी आ गये हैं। धरमलाल कौशिक की कोरोना रिपोर्ट पॉजेटिव आयी है। कोरोना की वजह से धरमलाल कौशिक मानसून सत्र की तैयारी बैठक में भी नहीं पहुंचे। इधर नेता प्रतिपक्ष को कोरोना की खबर के सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष के संपर्क में आये कई लोगों को अब क्वारंटीन होना पड़ सकता है। बता दें कि इसके पूर्व प्रदेश के और भी राजनेताओं की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कुछ विधायक की भी रिपोर्ट पॉजेटिव आयी थी, जिसके बाद अब वो स्वस्थ्य भी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों से नेता प्रतिपक्ष की तबीयत सही नहीं चल रही थी, जिसके बाद उनकी टेस्ट करायी गयी थी, अब उनकी रिपोर्ट पॉजेटिव आयी है।

### पहली बार एक दिन में 62 हजार से अधिक मामले, 49 हजार रोगमुक्त

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक 62 हजार से अधिक नये मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या 20.27 लाख और सक्रिय मामलों की संख्या छह लाख के पार हो गयी है। राहत की बात यह है कि इस दौरान 49,769 लोगों के स्वस्थ होने से संक्रमणमुक्त होने वालों की संख्या भी 13,78,106 लाख पर पहुंच गयी। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पहली बार एक दिन में सर्वाधिक 62,538 संक्रमण के मामले आने से इनकी संख्या 20,27,075 हो गयी तथा 886 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 41,585 पर पहुंच गयी है। मंत्रालय के अनुसार स्वस्थ होने वालों की दर 67.98 प्रतिशत ➢शेष पेज 8 पर



### कोरोना से विश्व में 1.90 करोड़ से अधिक संक्रमित

**बीजिंग/जिनेवा/नयी दिल्ली (वार्ता)।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और इसके कारण अब तक 1.90 करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं तथा 713,813 लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे, मेक्सिको तीसरे और ब्रिटेन चौथे स्थान पर है जबकि भारत मृतकों की संख्या के मामले में पांचवें स्थान पर है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर ➢शेष पेज 8 पर

# केरल में भूस्खलन से 13 लोगों की मौत 66 लापता

वार्ता < मुन्नार
www.dailypioneer.com



केरल में ईडुकी जिले के पेटीमुडी में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी और करीब 66 अन्य लापता हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुरुवार रात से क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है जिसके कारण मुन्नार ग्राम पंचायत में राजामला के पेटीमुडी में तड़के करीब चार बजे भूस्खलन की यह घटना हुई। इस इलाके से अन्य क्षेत्रों का संपर्क कम होने के कारण घटना के बारे में कई घंटों बाद सुबह पता चल सका।

उन्होंने बताया कि 13 शवों में नौ की शिनाख्त कर ली गयी है। भूस्खलन से चाय बागान मजदूरों की एक कतार में बने मकान जमींदोज हो गए । मलबे में कम से कम 66 लोगों के दबे होने की आशंका है। इसके अलावा 12 लोगों को बचा लिया गया है , जिनमें से चार को मुन्नार टाटा अस्पताल और अन्य को कोलेनचेरी मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंच गयी है और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। ➢शेष पेज 8 पर

### 2 एसपी समेत 5 आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

#### डी श्रवण को राजनांदगांव का बनाया गया नया एसपी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दो एसपी समेत 5 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर आर्डर जारी हुई है। राज्य सरकार ने मुंगेली और राजनांदगांव के एसपी को बदल दिया है। मुंगेली एसपी डी श्रवण को राजनांदगांव का नया एसपी बनाया गया है। वहीं अरविंद कुजूर अब मुंगेली के नये एसपी होंगे। वहीं राजनांदगांव के एसपी जितेंद्र शुक्ला को कबीरधाम के 17वीं बटालियन का कमांडेंट बनाया गया है। सदानंद कुमार को ईओडब्ल्यू एसपी से नारायणपुर सीएएफ का कमांडेंट बनाया गया है। वहीं जगदलपुर के एडिश्नल एसपी संजय महादेवा अब गौरेला पेंड्रा के नये एडिश्नल एसपी होंगे।

# सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

## दाम 57 हजार रुपये के पार



सोने की कीमतों में लगातार 16वें दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को 10 ग्राम सोने की कीमतें पहली बार 57 हजार रुपये के पार पहुंच गई। वहीं, एक किलोग्राम चांदी के दाम रिकॉर्ड स्तर 77 हजार रुपये पर पहुंच गए। कमोडिटी बाजार के जानकारों का कहना है कि कमजोर अमेरिकी डॉलर के चलते सोने के दाम चढ़े हैं। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर इंडेक्स दो साल से भी निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा केंद्रीय बैंकों की तरफ से और प्रोत्साहनों की उम्मीद और चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों में उछाल आया।

सोने की नई कीमतें

शुक्रवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में 99।9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव अब तक के नए उच्चतम स्तर पर 57,008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले गुरुवार को ये 57,002 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान सोने में 6 रुपये प्रति दस ग्राम की तेजी दर्ज हुई है। वहीं, मुंबई में सोने के दाम बढ़कर 56254 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गए।

### चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी

शुक्रवार को दिल्ली में एक किलोग्राम चांदी के दाम 77,264 रुपये से बढ़कर 77,840 रुपये हो गए है। इस दौरान कीमतों में 576 रुपये की जोरदार तेजी आई है। मुंबई में चांदी के दाम बढ़कर 76008 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गए है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई ऊंचाई को छुआ

वैश्विक बाजारों में, हाजिर सोना आज 0.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,068।32 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले सोने ने पहली बार 2072 डॉलर प्रति औंस का स्तर छुआ। चांदी 30 डॉलर के आसपास पहुंच गई। वहीं, सोने की कीमतों पर असर डालने वाले 10 साल वाले बेंचमार्क अमेरिकी बॉन्ड की यील्ड पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। कारोबारियों की नजर आज जारी होने वाले अमेरिका के मासिक रोजगार आंकड़ों पर है।

### मुलायम सिंह की तबीयत बिगड़ी, मेदांता अस्पताल में भर्ती



**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की तबीयत एक बार फिर बिगड़ गई है। मुलायम को लखनऊ मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुलायम को पेट में दर्द और पेशाब में संक्रमण की समस्या है। मेदान्ता अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर का कहना है कि अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर के मुताबिक मुलायम सिंह के गुरुवार को पेट दर्द होने लगा। दोपहर साढ़े बारह बजे उन्हें अस्पताल लाया गया। यहां भर्ती कर कोरोना टेस्ट कराया गया। कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई। मुलायम का अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट भी कराया गया है। उनको पेशाब में संक्रमण की समस्या है। इसका इलाज चल रहा है।

## दौड़ में वरिष्ठ नेताओं के साथ पांच विधायक भी शामिल

# निगम- मंडलों और आयोगों की दूसरी सूची के लिए उम्मीदवारों की संख्या सैकड़ा पार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया राजधानी पहुँचे। निगम- मंडलों और आयोगों के लिए उम्मीदवार नेताओं की लंबी फेहरिस्त है। सभी अपने हिसाब से जुगाड़ लगाने में सक्रिय है। श्री पुनिया के आने के बाद शनिवार को होने वाली समन्वय समिति की बैठक में नामों पर चर्चा होना फिर फायनल लिस्ट घोषित होना तय माना जा रहा है।

हालांकि राजनीतिक गलियारों में इसकी खूब चर्चा है कि शेष निगम-मंडल व आयोग की जिम्मेदारी किन्हें मिलेगी, इसके लिए खाका पूर्व से खींचा जा चुका है। ताजा जानकारी के मुताबिक जिन नामों पर चर्चा होनी है, उनमें पांच चिधायकों के नाम प्रमुखता से शामिल किए गए हैं। राजनीतिक समीकरणों का ध्यान में रखते हुए यह सूची तैयार की गई है। जिन जिलों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है, माना जा रहा है कि उन्हें पहली प्राथमिकता सूची में रखा गया है।

### इन नामों पर प्रमुखता से होगी चर्चा

विधायक अनिता शर्मा, छन्नी साहू, विनय भगत, आशीष छाबड़ा, संगीता सिन्हा।

### ये भी हैं दावेदार

गोपाल थवाईत, रमेश वर्लियानी, मलकीत सिंह गौदु, चंद्रशेखर शुक्ला, दीपक दुबे, मनीष श्रीवास्तव, लेखराम साहू, आर पी सिंह, विकास तिवारी, जितेंद्र मुदलियार, लक्ष्मण चन्द्राकार , राजेन्द्र साहू, विजय बघेल, हरीश परसाई, शिव सिंह ठाकुर, उत्तम वासुदेव, संजय सिंह ठाकुर, पंकज शर्मा, प्रवीण साहू, हेमंत बंजारे, इदरीश गांधी, विनोद तिवारी, नवाज खान, अशोक राज आहूजा, चैन सिंह समले, शैलेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र बोरर बिलासपुर प्राधिकरण, द्वारिका साहू, अमरजीत चावला, अनिल टांह, पप्पू बंजारे, इरफान (भिलाई), शरीक राइस खान, अमीन मेमन, गणेश गौसेवक, प्रेम चंद जायसी, हसन खान, प्रमोद चैबे, सत्तार अली, अवधेश गौतम, प्रमोद तिवारी, सूर्यमणि मिश्रा, मनहरण राठौर, मंजू सिंह, हर्षद मेहता, जतिन जैसवाल, योगिराज सिंह, पंकज सिंह, केशव हरमुख बंटी, महेंद्र चन्द्राकर, मोहन लालवानी, शशिसिंह गौर, प्रकाश सकलकर, दिलिप खटवानी, प्रदीप शर्मा, यज्ञ देव पटेल, राकेश मिश्रा, सुदेश देशमुख संजय पाठक, पदम् कोठारी, सुजीत बघेल, धरेंद्र यादव, रउफ कुरैशी, सुरेंद्र तिवारी, थानेश्वर साहू, भवानी शुक्ला, अरुण भद्रा, सुन्नी अग्रवाल, किशन खंडेलवाल, भागवत साहू, पंकज वाधवा, रमेश डाकलिया, अमरचन्द, राम गडलानी, राजेश दिवान, महेश ठक्क र, अखिलेश चंदेल, जीतेंद्र ठाकुर, कौशल पोयाम, महेंद्र चन्द्राकर, बलराम मौर्य, शकील रिजवी, पुष्पेंद्र परिहार, यशवर्धन राव, ओमकार सिंह जयसवाल, सगीर कुरैशी, शैलेंद्र साहू, फिरोज गांधी आदि।

### जेईई और नीट की परीक्षा स्थगित करने की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में कोरोना के कारण स्थगित हुई कई परीक्षाएं रद्द और स्थगित की जा चुकी हैं। ऐसे में जेईई और नीट कैंडिडेट्स भी लगातार परीक्षा स्थगित करने की मांग कर रहे हैं। अब 11 राज्यों के स्टूडेंट्स ने सुप्रीम कोर्ट में दोनों प्रवेश परीक्षाओं को स्थगित करने के लिए याचिका दायर की है। याचिका में स्टूडेंट्स ने से 6 सितंबर को होने वाली दोनों परीक्षाओं को फिलहाल टालने की अपील की है। स्टूडेंट्स का कहना है कि स्थितियां सामान्य होने के बाद ही परीक्षा कराई जाएं। एडवोकेट अलख आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि हमने याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि कोविड-19 संकट खत्म होने के बाद ही परीक्षाएं करवाई जाएं। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों में बढ़ोतरी की बात भी अपील में है। कहा गया है कि देश के हर जिले में कम से कम एक एग्जाम सेंटर बनाया जाए।

# मानसून सत्र : विपक्ष कोरोना एवं विकास कार्य जैसे मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार को घेरने लिए तैयार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में 24 अगस्त से मानसून सत्र चालू होने वाला है, जिसको लेकर विपक्ष अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। आज भाजपा कार्यालय में इसी विषय को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें यह बात सामने आया कि भाजपा कोरोनावायरस एवं विकास कार्य जैसे मुद्दे को लेकर प्रदेश की सरकार को घेरने के लिए तैयार हैं। भाजपा कार्यालय में मानसून सत्र की तैयारी के लिए विचार विमर्श किया गया जिसमें बहुत से मुद्दे भाजपा ने रखी है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि हमारे पास सरकार को घेरने के लिए ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जो कि 4 दिन के चलने वाले शेशन में भी पूरे नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सरकार में रेत, शराब और कोल माफियाओं की संख्या लगातार बढ़ी है। इसके साथ ही उन्होंने सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि कोरोनावायरस छत्तीसगढ़ में हावी है, लेकिन सरकार इसे रोकथाम करने के लिए विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि कोरोना जांच के लिए सैंपल बहुत कम हुई है इसके साथ ही क्वॉरेंटाइन सेंटरों में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। बहुत से ➢शेष पेज 8 पर

# निरस्त वन अधिकार दावों पर पुनर्विचार कर पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्रों के वितरण में लाएं तेजी : भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में निरस्त किए गए वन अधिकार दावों पर पुनर्विचार कर पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्रों के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बघेल ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत निरस्त किए गए वन अधिकार दावों की समीक्षा के काम को राज्य सरकार ने अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्यों में शामिल किया है। इस कार्य में तेजी लाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ काम करें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र से लाभ पहुंचाने की कार्रवाई में तेजी लाएं। बघेल ने मुख्य सचिव को इस कार्य की मॉनीटरिंग के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त हितग्राहियों को वितरित की गई जमीन पर आवश्यकतानुसार भूमि समतलीकरण और मे? बंधान के कार्य कराए जाएं। सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नलकूप, कुंए के लिए सहायता दी जाएं, इन हितग्राहियों को खेती-किसानी के लिए खाद बीज और कृषि उपकरण भी उपलब्ध कराए जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 4 लाख 22 हजार व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए गए हैं, जिसके तहत 3 लाख 81 हजार 148 हेक्टेयर वन भूमि वितरित की गई है। इसी प्रकार प्रदेश में 30 हजार 900 सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए गए है, जिनमें 12 लाख 37 हजार 822 हेक्टेयर वन भूमि वितरित की गई है। नई सरकार के गठन के बाद निरस्त किए गए वन अधिकार मान्यता पत्रों की समीक्षा के बाद एक जनवरी 2019 से अब तक 26 हजार 924 व्यक्तिगत वन अधिकार के दावें स्वीकृत किए गए, इनमें से 16 हजार 716 व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्रों के तहत हितग्राहियों को 6 हजार 835 हेक्टेयर वन भूमि वितरित की गई। बैठक में बताया गया कि 10 हजार 727 सामुदायिक दावों को स्वीकृत किया गया और 6 हजार 311 सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्रों का वितरण किया गया। सामुदायिक वन अधिकार पत्रों में कुल 4 लाख 37 हजार हेक्टेयर वन भूमि मान्य की गई है। इसी प्रकार वनों के संसाधनों पर 23 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों में 26 हजार 900 हेक्टेयर वन भूमि मान्य की गई है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त हितग्राहियों की भूमि पर कराए गए भूमि विकास के कार्यों, उन्हें दी गई खाद-बीज और कृषि उपकरणों के लिए दी गई सहायता, हितग्राहियों की भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त एक लाख 49 हजार 762 हितग्राहियों की कुल 58 हजार 812 हेक्टेयर भूमि में भूमि समतलीकरण और मेड़ बंधान के कार्यों के लिए 365 करोड़ 80 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह एक लाख 84 हजार 311 हितग्राहियों को खेती के लिए खाद एवं बीज की सहायता उपलब्ध कराने के लिए 43 करो? 45 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त 11 हजार 40 हितग्राहियों को कृषि उपकरण के लिए 4 करोड़ 44 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन हितग्राहियों की भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नलकूप, कुआं और स्टापडेम निर्माण के 41 हजार 237 कार्यों के लिए 204 करोड़ 44 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों से 11 लाख 83 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त 95 हजार 957 हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास बनाए गए हैं।

इस अवसर पर वनमंत्री मोहम्मद अकबर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, सांसद बस्तर दीपक बैज, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा और राजेश तिवारी, मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल,मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव वन मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, आदिवासी विकास विभाग के सचिव डी. डी. सिंह, राजस्व सचिव रीता शांडिल्य उपस्थित थीं।

## मुख्यमंत्री से कोया-कुटमा समाज के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात

### संभाग स्तरीय सामाजिक सामुदायिक भवन और संग्रहालय की मांग की



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहाँ उनके निवास में बस्तर संभाग के कोया-कुटमा समाज के सदस्यों ने चित्रकोट विधायक राजमन बेन्जाम के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल से कोया-कुटमा समाज के सदस्यों ने संभाग स्तरीय सामाजिक सामुदायिक भवन और बस्तर की सांस्कृति, पारम्परिक नृत्यों, शिल्प कलाओं, ऐतिहासिक धरोहरों एवं पुरातात्विक विरासतों को सहेजने के लिए संग्रहालय की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उनकी इस मांग पर विचार का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने समाज के सदस्यों से बस्तर में वर्षा जल की उपलब्धता की जानकारी ली साथ ही बोधघाट बहुउद्देश्यीय परियोजना से किसानों एवं आमजन को होने वाले लाभ से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना पूर्णतः किसान हित में होगी जिससे वर्ष भर पानी की उपलब्धता बनी रहेगी और कृषि कार्यों के लिए वर्षा जल पर निर्भरता कम होगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, बस्तर सांसद दीपक बैज, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजामन, कोया-कुटमा समाज के संभागीय अध्यक्ष समारू कर्मा, प्रदेश महासचिव कांग्रेस रुक्मणी कर्मा, जिलाध्यक्ष कांग्रेस बलराम मौर्य एवं सदस्य उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट का आदेश आते ही निजी स्कूलों ने शुरू कर दी फीस वसूली

- शिक्षा मंत्री से ट्यूशन फीस को परिभाषित करने पैरेंट्स एसोसिएशन ने की मांग

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com


छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन

हाईकोर्ट का फैसला और शिक्षाविभाग की लचर व्यवस्था के बीच स्कूलों ने पालकों से फीस वसूली शुरू कर दी है. ऐसी स्थिति में पैरेंट्स एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपकर ट्यूशन फीस को परिभाषित और अनुमोदित करने की मांग की है।

पैरेंट्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष क्रिस्टोफर पॉल का कहना है कि प्रदेश में सशर्त फीस लेने के हाईकोर्ट के फैसले को निजी स्कूलों ने ताक पर रख कर मनमानी करना आरंभ कर दिया है. हाईकोर्ट का फैसला 27 जुलाई को इंटरनेट में अपलोड होने के कुछ ही घंटे बाद ही पालकों के पास फीस वसूली के लिए ईमेल और मेसेजेस आना आरंभ हो गया है. ऐसे में हाईकोर्ट के फैसले की आड़ में निजी स्कूल वाले पालकों से मोटी फीस वसूलने की आशंका सच साबित होती नजर आ रही है।

क्रिस्टोफर पॉल का कहना है कि कई स्कूलों ने साफ कह दिया है कि हाईकोर्ट ने स्कूलों को फीस लेने अनुमति दे ही है, इसलिए बैंकों के माध्यम से तत्काल फीस की दो किस्तें जमा कर दीजिए. उन्होंने बताया कि कई स्कूलों ने इस शिक्षा सत्र 2020-21 में फीस वृद्धि की है, तो कई स्कूलों ने फीस जमा करने की तिथि भी निर्धारित कर दी है, जो हाईकोर्ट के निर्णय का स्पष्ट उल्लघंन है. जबकि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह स्पष्ट कहा है कि स्कूल सिर्फ ट्यूशन फीस ही लेंगे और शिक्षा सत्र 2020-21 में फीस में वृद्धि नहीं की जाएगी. इसके अलावा फीस जमा करने के लिए पालकों को विकल्प भी दिया गया है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग, डीपीआई और डीईओ की यह जिम्मेदारी है कि वह ट्यूशन फीस को पहले परिभाषित करें और यह सुनिश्चित करे कि स्कूल वाले जो फीस वसूल रहे है वह सिर्फ ट्यूशन फीस ही है, और डीईओ द्वारा अनुमोदित किया गया है. लेकिन शिक्षा विभाग को इसमें कोई रूचि नहीं है, और संचालक ने तो 31 जुलाई को समस्त डीईओ को पत्र जारी कर हाईकोर्ट की उन कंडिकाओं (30,31,32 और 33) का अक्षरशः पालन कराने का निर्देश दिया है, जिसमें प्राइवेट स्कूलों को फीस वसूलने और शिक्षकों को वेतन देना का उल्लेख है, लेकिन जहां पालकों को राहत दी गई है, उसका जानबूझकर उल्लेख नहीं किया गया है। पॉल ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी को हाईकोर्ट के पूरे निर्णय को अक्षरशः पालन कराने के संबंध में समस्त डीईओ को निर्देशित करना था. इस प्रकार अधिकारी प्राइवेट स्कूलों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पंहुचाने और प्रमोट करने में लगे हुए है।

## राजधानी अनलॉक : एसपी-कलेक्टर निकले शहर की व्यवस्था देखने

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर सहित जिले में आज से शुरू हुए अनलॉक के बाद जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी चुस्त-दुरुस्त नजर आए। पुलिस अधीक्षक के साथ ही कलेक्टर ने शहर के कई इलाकों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का निरीक्षण किया और लोगों से मास्क पहनने और सामाजिक दूरी का पालन करने की अपील की।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जिला प्रशासन के आदेश के बाद आज से जिले में कड़े नियमों व शर्तों के साथ अनलॉक कर दिया गया है। इधर अनलॉक के बाद स्थिति नियंत्रण में रखते जिला व पुलिस प्रशासन ने भी कवायद तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक के साथ ही कलेक्टर व एसडीएम की टीम आज शहर भ्रमण में निकली और शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। खासकर भीड़भाड़ वाले इलाकों व बाजारों में सामाजिक दूरी का कड़ाई से पालन करने तथा मास्क का उपयोग करने की अपील की गई। वहीं व्यापारी वर्ग से भी अपील की गई है कि वे अपने-अपने संस्थानों में आने वाले ग्राहकों से सामाजिक दूरी का कड़ाई से पालन कराएं, दुकान के बाहर सेनेटाइजर की व्यवस्था करें इसके अलावा वे अलग से मास्क भी रखें और इसे संस्थान में आने वाले ग्राहकों को मुहैया कराएं। कलेक्टर ने यहां तक अपील की है कि मास्क का उपयोग हर हालत में करना ही होगा। इसके लिए दुकानदार चाहें तो संस्थान में आने वाले ग्राहकों को मास्क देकर उसका पैसा लें अथवा निःशुल्क ग्राहकों को उपलब्ध कराएं। शहर भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अनलॉक उनकी सुविधा के लिए किया गया है, अतः इस सुविधा का लाभ उठाने के साथ ही साथ वे शासन-प्रशासन से जारी दिशा-निर्देशों का व नियमों का भी पालन करें। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री भारतीदासन ने कल ही स्पष्ट कर दिया था कि अनलॉक पूर्णकालिक नहीं है, इसकी समीक्षा की जाएगी और यदि स्थिति नियंत्रण में रही तो अनलॉक जारी रहेगा। यदि स्थिति फिर से बिगड़ती है तो लॉकडाउन फिर से किया जा सकता है।

## सेंधमारी गिरोह का पर्दाफाश, एक नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर के मोवा इलाके में सूने मकानों में सेंधमारी करने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस को गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। गिरोह में तीन यूपी, एक बिहार और एक बदमाश रायपुर का ही रहने वाला है. आरोपियों में एक नाबालिक भी शामिल है। आरोपियों ने रक्षाबंधन वाले दिन भूषण लाल वर्मा के मकान से नगदी सहित लाखों के जेवर पार किए थे। अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साढ़े तीन लाख के जेवर समेत चोरी में उपयोग करने वाले हथियार भी बरामद किए हैं. मामले का मुख्य आरोपी जीतू लोहार अब भी फरार है. आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई पंडरी थाना पुलिस ने की है।

पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी जीतू लोहार ने अपने 6 अन्य साथियों के साथ मिलकर तीन अगस्त की रात लगभग डेढ़ बजे आदर्श नगर स्थित किराना व्यापारी भूषण लाल वर्मा के मकान में धावा बोलकर लाखों के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था. वारदात के समय किराना व्यापारी घर में मौजूद नहीं था. वह रक्षाबंधन का त्योहार मनाने अपनी बहन के यहां बालोद गया हुआ था। मामले में पंडरी पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिक आरोपी शामिल है।

## उद्योगपति एवं समाजसेवी ओपी जिन्दल याद किए गए

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्र की प्रगति में आत्मनिर्भरता का मंत्र देने वाले अग्रणी उद्योगपति एवं समाजसेवी ओपी जिन्दल को आज उनकी 90वीं जयंती पर याद किया गया। जेएसपीएल मशीनरी डिवीजन, रायपुर में कोविड19 महामारी के प्रकोप को देखते हुए पूरी सतर्कता बरती गई और सोशल डिस्टेंसिंग मानदंडों का अनुपालन करते हुए ओपी जिन्दल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां वृद्धाश्रम में इस अवसर पर फल और राशन का वितरण किया गया। रायगढ़ में भी ओ.पी जिन्दल जी की 90वीं जयंती पर उन्हें याद किया गया। जेएसपीएल के चेयरमैन श्री नवीन जिन्दल ने उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री ओपी जिन्दल जी ने देश की आत्मनिर्भरता का सपना देखा था और उन्होंने स्वदेशी संसाधनों एवं स्वदेशी तकनीक के बल पर ओपी जिन्दल ग्रुप के रूप में एक ऐसी संस्था राष्ट्र को दी, जो आज इस्पात, ऊर्जा, खनन, मूलभूत ढांचा, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। 7 मार्च 1930 को हरियाणा के हिसार जिले स्थित नलवा गांव के एक साधारण किसान परिवार में जन्म लेने वाले ओपी जिन्दल ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाइयों को छुआ। वे सफल उद्योगपति, समर्पित समाजसेवी के साथ-साथ सांसद और हरियाणा के ऊर्जामंत्री भी रहे। उन्हें मैन ऑफ स्टील की उपाधि से भी सम्मानित किया गया। देश के बारे में उनकी सोच थी, भारत को अग्रणी राष्ट्र बनाना है तो औद्योगिक रूप से हमें आत्मनिर्भर बनना होगा और टेक्नोलॉजी में भी विकसित राष्ट्रों के बराबर रहना होगा। कारीगरों के प्रति भी उनके मन में बड़ा सम्मान था, मैं कारीगर, जो हाथ

### प्रदेश में 78 लाख 22 हजार 902 आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं

## विश्व आदिवासी दिवस पर देवस्थलों में 9 दीया जलाने का निर्णय लिया गया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कंवर समाज द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए घर -आंगन, सामाजिक भवन और देवस्थलों में 9 दीया जलाने का निर्णय लिया गया एवं आदिवासी संस्कृति की जानकारी और वेशभूषा को संजोने के लिए ऑनलाइन निबंध और वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी बाहुल्य राज्य है और वर्ष 2011 के जनगणना अनुसार छ ग प्रदेश में लगभग 78 लाख 22 हजार 902 आदिवासी समाज में निवास करती है, जिसमें से प्रमुख रूप से आदिवासी समाज जैसे गोंड़, कंवर, हल्बा, उरांव, नगारची, मुंडा, कमार, बैगा, भरिया, नगेशिया, मंझवार, खैरवार, धनवार, अबुझमाड़िया, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, बैगा है ।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 09 अगस्त 1982 को विश्व आदिवासी के रूप में मूलवासी समाज की उपेक्षा, बेरोजगारी, बंधुवा बाल मजदूरी जैसे समस्याओं से ग्रसित होने पर इन समस्याओं को सुलझाने के लिए, आदिवासियों के लिए मानवाधिकारों को लागू करने, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक विकास के मुद्दे को सुलझाने और उनके सरंक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय कार्यदल का गठन कर प्रथम बैठक कर आदिवासी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई तब से लेकर प्रतिवर्ष 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस गांव-गांव, गली गली, कस्बा, शहर प्रदेश और देश के साथ पूरे विश्व में आदिवासी समाज ऐतिहासिक दिन के रूप में मनाते आ रहे हैं ।

विश्व आदिवासी दिवस दुनियाभर के आदिवासियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने और उन्हें बढ़ावा देने का दिन है इसलिए 9 अगस्त को सभी आदिवासी अपनी एकजुटता, अपने अधिकारों के लिए संघर्ष और प्रतिबद्धता के लिए एकजुट होकर सार्वजनिक रूप से एकत्रित होकर त्यौहार के रुप में हैं लेकिन इस वर्ष कोरोना संक्रमण (कोविड-19) के प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के कंवर समाज ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष 9 अगस्त 20 को विश्व आदिवासी दिवस अपने -अपने घरों में, घर के आँगन में और सामाजिक भवनों में, देवस्थानों में 9 दीप जला कर मनायेंगे।




अध्यक्ष हरवंश मिरी द्वारा बताया गया कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए 9 अगस्त को प्रदेश कँवर समाज के मार्गदर्शन में कंवर आदिवासी युवा संगठन के हुकुम कंवर, मोरध्वज सोनवानी, तरोज साय, संतोष चंद्रवंशी, मनीराम पैंकरा, कुलदीप पैंकरा, दिलेश्वर चंद्रवंशी और हितेश पैंकरा, महिला वर्ग से अंजना चंद्रवंशी, कुसुम पैकरा, इंदिरा चंद्रवंशी के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में कंवर आदिवासी समाज के लिए ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता और पारंपरिक वेषभूषा को सहेजने व सामाजिक गतिविधियों में नारी शक्ति के भागीदारी के प्रयास के लिए परिधान व विचार मंच आयोजित किया गया है और यह ऑनलाइन होगा और निर्णायक द्वारा निर्णय उपरांत विजयी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सामाजिक प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर आदिवासी समाज द्वारा नगद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ कंवर समाज के संरक्षक गण नंदकुमार साय, विष्णु देव साय, ननकी राम कंवर, रामसेवक पैंकरा, राजेन्द्र राय, चिंतामणि महराज, बोधराम कँवर, पुरूषोत्तम कंवर, आर एन साय, मोहित कुरुवंशी, केआर दाऊ, बोधराम कंवर, एम एस पैंकरा, जीएस धनंजय, केके दीवान, रामसिंह ठाकुर, उर्मिला जवाहर लाल पैंकरा, भरत साय, हुमन दुधकौराव, कौशिल्या साय, कंवर समाज के अध्यक्ष हरवंश मिरी, उपाध्यक्ष सविता साय, थानसिंगदीवान, उपेंद्र साय पैंकरा, डॉ संदीप ठाकुर, हरिराम पुजेरी, महासचिव नकुल चंद्रवंशी, सहसचिव धनेश्वरी कंवर, अधिवक्ता कुंजबिहारी पैंकरा, कोषाध्यक्ष बसंत दीवान, कार्यकारिणी सदस्य टीकाराम कँवर, सनमान सिंह दीवान, महिपाल सिंह कंवर, शिवनारायण सिंह, भारत सिंह दीवान, दशरथ पैंकरा, मनोज चंद्रवंशी, संदीप कुमार पैंकरा, बृजराम पैंकरा, आमंत्रित सदस्य थानेश्वर कंवर,कामता कंवर, लालसिह पैंकरा, मेलु सिंह पैंकरा, नंदेश्वर सिंह,अभय पैंकरा,एच आर कँवर, अमरनाथ पैंकरा, ललित पैंकरा गंगाराम पैंकरा, कमलेश्वर पैंकरा, सुनीता पैंकरा, पूरन दीवान, विष्णु सिदार,कृष्णा मिरी ,हेमसिंह सागर, श्रीराम चौरे, बिंदुलाल चंद्रवंशी, छबिलाल चंद्रवंशी, सतलोक साय, लंबोदर साय, अशोक पैंकरा, दुर्जन साय, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, डॉ विजय ठाकुर,डोमार चंद्रवंशी, पूरूषोत्तम दीवान, अभय दीवान, ज्योति ठाकुर, ओमप्रकाश कंवर, सुंदर सिंह पैंकरा, कुंवर सिंह पैंकरा, भवन दीवान,राजाराम कंवर, फूलसिंह सिरदार, संपत सिंह सिरदार और रायपुर महानगर इकाई के अध्यक्ष सेवाराम दीवान, कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर पैंकरा ने 9 दीप जलाने की अपील की है।

## हसिया दिखाकर दिया जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**रायपुर।** पुरानी रंजिश के चलते युवक को जान से मारने की धमकी देकर घर के सामने हसिया लेकर गाली-गालोच करने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 09 बीरगांव अनिल कुमार पाटले 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के घर के सामने सुनील साव का मकान है वह मछली बेचने का व्यवसाय करता है। दो वर्ष पहले सुनील साव के साथ विवाद होने के चलते रंजिश रखता है व कई बार शराब पीकर गाली-गलोच कर जान से मारने की धमकी दे चुका है। शराब पीने के बाद मोहल्ले के लोगों के साथ भी गाली-गलोच करता है। गुरुवार की रात 9 बजे पूर्व विवाद की बात को लेकर मछली काटने का औजार हसिया लेकर घर के पास आकर जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलोच करने लगा। जिसकी सूचना 112 पर दिया। प्रार्थी का कहना है कि आरोपी के हाथ में हसिया देखकर घर से नही निकला नही तो उसके जान को खतरा हो सकता था।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जनता को दी 96 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ⟨ बीजापुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बीजापुर जिले की जनता को 96 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यो की सौगात दी। मुख्यमंत्री बघेल ने ऑनलाईन विडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये भैरमगढ़ में 29 करोड़ 15 लाख 75 हजार रूपए लागत के 39 निर्माण कार्यो का लोकार्पण करने सहित 66 करोड़ 85 लाख 77 हजार रूपए लागत के 132 निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।






जिसके तहत् 3 करोड़ 10 लाख रूपए लागत के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ का उन्नयन कार्य सहित ट्रामा सेंटर एवं न्यू बोर्न स्टेबलाईजेशन यूनिट तथा मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, जांगला में 1 करोड़ 49 लाख रूपए की एनीकट निर्माण, मेटलाचेरू में 1 करोड़ 38 लाख रूपए की लागत से नहर निर्माण, 52 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित 3 नलजल प्रदाय योजना, 1 करोड़ 21 लाख रूपए की लागत से निर्मित हायर सेकण्डरी स्कूल भवन मद्देड़, 7 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित डीएव्ही पब्लिक स्कूल भवन उसूर एवं चिंताकोंटा, 77 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित हाईस्कूल भवन मद्देड़, 92 लाख 50 हजार रूपए की लागत से निर्मित ट्रांजिट हॉस्टल भोपालपटनम, 57 लाख रूपए की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पामेड़ में अतिरिक्त कक्ष, 1 करोड़ 36 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित 50 सीटर कन्या छात्रावास भवन भैरमगड़, डिग्री कॉलेज एवं हॉस्टल भैरमगढ़ में 81 लाख रूपए की लागत से अहाता, बीजापुर में 1 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से निर्मित लाईवलीहूड कॉलेज 50 सीटर कन्या छात्रावास भवन के साथ ही 14 लाख रूपए की लागत से स्थापित वरदली सोलर पावर प्लांट सह स्ट्रीट लाईट, 12 लाख रूपए की लागत से पुतकेल एवं बड़ेबाड़ापाल में स्थापित सोलर ड्यूल पम्प 42 लाख रूपए की लागत से निर्मित आवासीय विद्यालय बासागुड़ा का अतिरिक्त कक्ष, 1 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित धनोरा-कोतापाल डामरीकृत सड़क का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 9 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत से निर्मित भैरमगढ़-ताकीलोड़ मार्ग पर पुलिया, गद्दामल्ली निर्माण पर पुलिया, पेददाकोड़ेपाल से कोयाईटपाल मार्ग पर 3 पुलिया, उपस्वास्थ्य केन्द्र सकनापल्ली, बासागुड़ा-लिंगागिरी मार्ग पर पुलिया, बीजापुर में शांति नगर से जिला अस्पताल तक डाबरीकृत सड़क, कुटरू-बेदरे सड़क चौड़ीकरण कार्य, पुलिस लाईन बीजापुर में हेलीपेड पहुंच मार्ग, डीएव्ही स्कूल परिसर बीजापुर में 6 नवीन आवास के साथ ही बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापरु एवं कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल बीजापुर में प्रयोगशाला स्थापना तथा भैरमगढ़ में वन विभाग के 2 आवास एवं सीमेंट कांक्रीट सड़क और फरसेगढ़ एवं मंडेल में नवनिर्मित देवगुड़ी का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 14 करोड़ 43 लाख रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली 5 ग्रामीण सड़क निर्माण, 77 लाख रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली 4 सीमेंट कांक्रीट सड़क एवं नाली निर्माण, 28 करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली तोयनार-फरसेगढ़ तक सड़क तथा तोयनार से कांदूलनार तक निर्मित की जाने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। वहीं 23 करोड़ 81 लाख रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली मोदकपाल में नवीन हाईस्कूल निर्माण, 10 ग्रामों में नवीन नलजल योजना स्थापना कार्य, 15 उपस्वास्थ्य केन्द्रों में सोलर विद्युतीकरण कार्य, नैमड़ से मूसालूर मार्ग पर स्लेब पुलिया निर्माण, भैरमगढ़, नेलसनार, गंगालूर, आवापल्ली एवं भोपालपटनम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव पूर्व प्रतीक्षा गृह निर्माण, 4 नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन, बीजापुर में शिक्षक ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण, 7 आश्रम-छात्रावासों में सोलर डयूल पम्प स्थापना कार्य, 7 आवासीय विद्यालयों में सोलर हाईमास्ट लाईट स्थापना कार्य, नेलसनार, भैरमगढ, गंगालूर, आवापल्ली एवं भोपालपटनम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोलर वाटर हिटिंग सिस्टम स्थापना कार्य तथा ईटपाल, आदेड़, कांदूलनार, मोरमेड़, तोयनार एवं चिन्नाकवाली में 9 देवगुड़ी निर्माण तथा 35 स्कूलों हेतु अतिरिक्त शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर राजधानी रायपुर में वनमंत्री मोहम्मद अकबर, राजस्व मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला बीजापुर जयसिंह अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह भगत, सांसद बस्तर दीपक बैज सहित राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव विडियो कान्फ्रेसिंग से जुड़कर चर्चा की। वहीं भैरमगढ़ में स्थानीय विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मण्डावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, पंचायत पदाधिकारी और कमिश्नर बस्तर संभाग श्अमृत कुमार खलखो, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज पी. सुन्दरराज, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप तथा जिला प्रशासन के अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# चालानी कार्रवाई के साथ मास्क का भी वितरण



■ यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट लगाने वालो से वूसले 15200रू., सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए बांटे मास्क

पायनियर संवाददाता ⟨ सुकमा
www.dailypioneer.com

बिना हेलमेट लगाए व सीट बेल्ट बगैर लगाए सफर करने वालो की अब खैर नहीं है, सुकमा यातायात पुलिस ने इन लोगो के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। लगातार चालान कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने एक ही दिन में 38 प्रकरणों मे 15200 रूपए का चालान काट दिया। साथ ही लोगो को कोरोना जागरूकता लाने के लिए सोशल डिस्टेंस के बारे में जानकारी व मास्क का वितरण किया गया।

जिला मुख्यालय के कोंटा रोड़ पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ मुस्तैद दिखे। यहां पर आने-जाने वाले वाहनों को रोका जा रहा था। खासकर बिना हेलमेट लगाए दुपहिया चला रहे लोगो को रोका गया। लगातार समझाईश के बाद भी लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं जिसके बाद यातायात टीम के द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। 38 प्रकरण बनाए गए जिसमें 15200 रू. समन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा टीम ने लोगो को सोशल डिस्टेंस के बारे में जानकारी दी और मास्क का भी वितरण किया गया।

# कोरोना के चलते भंगाराम दरबार में नहीं लगेगी अदालत

■ देवी-देवताओं को इस साल नहीं मिलेगी उनके गुनाहों सजा

पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आपने इंसानों को अदालतों में सजा सुनाते तो सुना होगा । मगर हम आपको बताएं कि बस्तर में एक स्थान ऐसा है जहां देवी - देवताओं को भी सजा सुनाई जाती है, तो चौंक जाएंगे, जी हां हम बात कर रहे हैं कोंडागांव जिले के केशकाल की जहा भंगाराम देवी के मंदिर में लगने वाली अदालत में दोषसिद्ध होने पर देवी देवताओं को भी बर्खास्तगी से लेकर मौत तक की सजा सुनाई जाती है । इस साल कोरोना संकट के चलते यहाँ अदालत नहीं लग रही है । इससे दोषी देवी-देवताओं को सजा से बच जाएंगे। और सदियों सो चल रहे इस परम्परा में इस बार बदलाव किया गया है, क्षेत्र के कुछ ही बड़े देवी-देवताओं से ही इस जात्रा की रस्म अदायगी की जाएगी । कोंडागांव जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर केशकाल घाटी में भंगाराम देवी का सदियों पुराना मंदिर है । देव समिति के सचिव नन्दलाल सिन्हा ने बताया कि हर साल भाद्रपद शुक्ल पक्ष पर इस मंदिर प्रांगण में जात्रा मेला आयोजित किया जाता है । इसी में देवी देवताओं की अदालत लगती है । इस वर्ष यह आठ अगस्त को पड़ रहा है लेकिन कोरोना के चलते इस साल यह अदालत नहीं लग रही है । गिनती के पुजारी केवल पूजा करेंगे । कोरोना संक्रमण को देखते हुए, जिला प्रशासन ने इस बार भंगाराम माई जात्रा के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं, जिसमे कुछ लोग ही जात्रा में शामिल हो सकेंगे ।

# सीआरपीएफ के सामने पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ एक नक्सली ने भरमार बंदूक के साथ किया सरेंडर, शासन की योजना व नक्सलियों की विचारधारा से परेशान होकर किया सरेंडर

पायनियर संवाददाता ⟨ सुकमा
www.dailypioneer.com




नक्सल मोर्च पर सुरक्षा बलों को लगातार सफ्लताएं मिल रही है। हाल ही में कुछ नक्सलियों को गिरफ्तार किया था वही अब महिला समेत पांच नक्सलियों ने सीआरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण किया है। जिसमें से एक नक्सली ने भरमार बंदूक के साथ सरेंडर किया है। इन सभी सरेंडर नक्सलियों को शासन की योजना का लाभ दिया जाऐंगा।

शुक्रवार को कोंटा ब्लाक के इंजराम सीआरपीएफ 219 बटालियन के समक्ष पांच नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया जिसमें एक महिला भी शामिल है। इलाके में सीआरपीएफके द्वारा लगातार सर्चिंग आपरेशन व सिविक एक्शन का कार्यक्रम चलाया जा रहा था। लगातार सर्चिंग आपरेशन के चलते इलाके में नक्सलियों पर काफी दबाव बन गया। साथ ही नक्सलियों की खोखली विचारधारा से तंग आकर पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। जिसमें कट्टम रामा (जनमिलिशिया सदस्य) भरमार बंदूक के साथ सरेंडर किया। मुचाकी सोमे (सीएनएम सदस्य) कट्टम गणेश (जनमिलिशिया सदस्य) सुन्नम लच्छा (डीएकेएमएस सदस्य) व कवासी श्रीनु (सीएनएम सदस्य) ने सीआरपीएफके समक्ष आत्म समर्पण किया है। इस दौरान राजीव कुमार, अनिल कुमार, सुनील शर्मा, कृष्णा पटेल, शिवानंद सिंह समेत सीआरपीएफके अधिकारी व जवान मौजूद थे।

सीआरपीएफइलाके की सुरक्षा व सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। पांचों आत्मसमर्पित नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। अन्य स ि य नक्सलियों से अपील करते है कि हिंसा का रास्ता छोड़ आत्म समर्पण कर ले।
**- अनिल कुमार** कमांडेंट 219

आत्म समर्पित नक्सलियों को शासन की योजना का पूरा लाभ दिया जाऐंगा। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो आप लोग पुलिस व सीआरपीफ से संर्पक कर सकते है। सुकमा में अब अमन चैन की लहर दौड़ रही है। आने वाला समय बहुत सुखद होगा। नक्सलियों से अपील करता हूं कि हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा से जुड़े और इलाके के विकास में अपनी भूमिका निभाएं
**- सुनील शर्मा** एएसपी नक्सल आपरेशन।

# जिला पंचायत सीईओ ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

■ लाउड स्पीकर/मोहल्ला पढ़ाई पर दिया विशेष जोर

पायनियर संवाददाता ⟨ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल देव ने बीते गुरूवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राहुल देव द्वारा वर्तमान में कोविड-19 कोरोना महामारी के वजह से विगत चार माह से स्कूलों के बंद होने एवं नारायणपुर में नेटवर्क कनेक्टिविटी का अभाव के कारण शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''पढ़ई तुंहर दुआर'' का मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन संचालन सुचारु रुप से नहीं होने की वजह से शासन द्वारा जारी निर्देश को ध्यान में रखते हुये नारायणपुर अंतर्गत समस्त संकुलों में लाउडस्पीकर/मोहल्ला पढ़ाई पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समस्त संकुलों में ऑनलाईन/ऑफलाईन कक्षा संचालन हेतु कोविड-19 द्वारा शासन से प्राप्त दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करते हुये ''पढ़ई तुंहर दुआर'' के सुचारु रुप से संचालन एवं बच्चों को बेहत्तर शिक्षा प्रदान करने हेतु निर्देश जारी करते हुये शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सहयोग हेतु शिक्षा सारथी के रुप में डाईट में अध्ययनरत छात्राध्यापकों का सहयोग लेते हुये कार्य करने की बात कही।

बैठक में उपस्थित श्री जी.आर .मण्डावी जिला शिक्षा अधिकारी नारायणपुर द्वारा भी जिला स्तर पर वर्तमान में चल रहे ऑनलाइन/ऑफलाइन अध्यापन की समीक्षा करते हुये अन्य विकल्प जैसे छोटे-छोटे समूह बनाकर मोहल्ले मे शिक्षा के प्रति रुचि लेने वाले व्यक्तियों की सहायता लेकर पढ़ाई कराना तथा अन्य विकल्पों का अनुप्रयोग कर पढ़ाई कराने हेतु निर्देश दिये गये तथा जी.बी.एस.रेड्डी जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन नारायणपुर द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया 12/08/2020 तक पूर्ण करते हुये गणवेश तथा पाठ्यपुस्तक वितरण एवं मांग की जानकारी देने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में जिले के दोनों विकासखण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, सहायक खण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं जिले के संकुल समन्वयक उपस्थित थे।



**किरंदुल।** वार्ड क्र. 02 के गणेश मंडप से रामपुर कैम्प तक सी सी सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसे अधोसंरचना मद से 11 लाख 01 हजार की लागत राशि व्यय कर सड़क निर्मित करवाई जा रही है। ज्ञात हो सांसद दीपक बैज एवं नपा अध्यक्ष मृणाल राय द्वारा एक माह पूर्व सड़क निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया था।जिसके बाद किरंदुल नगरपालिका द्वारा त्वरित कार्य करते हुए सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## कुक्कुट पालन ने दिखाई आत्मनिर्भरता की राह, शासन की योजनाओं का मिल रहा लाभ

# कुक्कुट पालन से स्व सहायता समूहों की हो रही आर्थिक समृद्धि

पायनियर संवाददाता ⟨ सुकमा
www.dailypioneer.com





प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब इलाके के ग्रामीणों में देखने को मिल रहा है। कुक्कुट पालन योजना के चलते स्व सहायता समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। इन समूहों से जुड़ी महिलाओं को रोजगारमूलक कार्यो से जोड़ा जा रहा है। शासन की मंशा अनुरूप जिला प्रशासन ग्रामीण इलाकों में बेहतर कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरीबीमुक्त सुकमा के सपने को साकार करने के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा कुक्कुटपालन के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं और महिलाएं घर के काम काज के साथ-साथ कुक्कुट पालन में भी रूचि दिखाने लगी है। अब ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कुक्कुट पालन को व्यवसाय के रूप में अपना रही हैं। पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. एस जहीरुद्दीन ने बताया कि शासन की बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को मुर्गी पालन के लिए प्रशिक्षण देकर चूजे प्रदान किए जा रहे हैं जिनसे वे अतिरिक्त लाभ कमा रही है। पशुधन विकास विभाग द्वारा कुक्कुट पालन के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे आसानी से व्यावसायिक कुक्कुट पालन कर सकें। गोठानों में संचालित महिला स्व-सहायता समूहों के अलावा व्यक्तिगत स्तर पर भी महिलाओं को कुक्कुट वितरण किया जा रहा है। साथ ही उन्हें मुर्गीपालन करने एवं रख रखाव के सबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे इस योजना को व्यवसाय के रूप में जोड़कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बना रही हैं।

### स्व सहायता समूहों को ऐसे हो रहा फायदा

कुक्कु्ट पालन में रूचि रखने वाले इच्छुक हितग्राहियों, संचालित गौठानों में पंजीकृत समिति, गौठान ग्राम के ग्रामीण एवं महिला समूहों को आजीविका संवर्धन हेतु प्रति हितग्राही 28 दिवसीय 45 नग उन्नत नस्ल के चूजे, आहार के लिए 16.5 किलो दाना और आवश्यक दवाईयों के साथ ही जरुरी प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि जिले में करीब 75 प्रतिशत ग्रामीणों द्वारा मुर्गीपालन किया जाता है परन्तु देशी नस्ल की मुर्गियों में अण्डा उत्पादन दर कम है तथा औसत शरीर विकास वृद्धि कम होने के कारण उनसे मुनाफा नहीं मिलता, वहीं उन्नत नस्ल के मुर्गियों को बाजार में प्रति किलो 500 रूपये की दर से वि य कर लगभग 20,000 से 22,000 रूपये तक आमदनी होती है। वर्ष 2020-21 में सुकमा जिले में 150 यूनिट बैकयार्ड कुक्कु्ट चूजों का वितरण किया गया है जिससे 150 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं।

कुक्कुट पालन में रूचि रखने वाले इच्छुक हितग्राहियों को संचालित गौठानों में पंजीकृत समिति व महिला समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए शासन की योजना कुक्कु्ट पालन का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना से कुक्कु्ट पालन करने वाले हितग्राहियों को काफी फायदा हो रहा है। आने वाले दिनों में और हितग्राहियों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।
**- चंदन कुमार** कलेक्टर सुकमा

# मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से ग्रामीण परेशान

### सुर्रेपाल के ग्रामीणों ने टावर लगाने का मांग, आसपास के गांवों के ग्रामीणों को होगा फायदा

पायनियर संवाददाता ⟨ सुकमा
www.dailypioneer.com



आजकल अधिकांश काम मोबाइल पर होने लगा है। जिदंगी में मोबाइल का रोल अहम हो गए है। लेकिन छिन्दगढ़ ब्लाक का सुर्रेपाल गांव जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से ग्रामीण काफ़ी परेशान हैं ग्रामीणों ने कहा कि सुर्रेपाल में मोबाइल नेटवर्क लगाया जाए जिससे आसपास के आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

छिन्दगढ़ ब्लाक मुख्यालय से करीब 18 किमी. दूर स्थित सुर्रेपाल गांव जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इसी गांव का ग्राम पंचायत केन्द्रवाड़ा में मोबाइल टावर लगाने का काम चल रहा है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि केन्द्रवाड़ा में पहले से पुसपाल का नेटवर्क काम करता है। ऐसे में वहां न लगाकर उस टावर को सुर्रेपाल में लगाया जाऐं। ताकि आसपास के गांव भोपावाड़ा, डोन्ड्रेपाल, इडजेपाल, पुरीरास, कोकराल व गादमारा के ग्रामीणों को लाभ होगा। क्योंकि सुर्रेपाल गांव पहाड़ी पर बसा हुआ हैं जिसके कारण आसपास के गांवों में नेटवर्क बेहतर काम करेगा।

# कारसेवकों ने अयोध्या जाने का संस्मरण साझा किया

## देश के कोने-कोने से सैकड़ों किलोमीटर का सफर कर संघर्ष करते हुए अयोध्या पहुंचे रामभक्त

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

राम मंदिर निर्माण हेतु सन 1990 व 1992 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व व भाजपा के आह्वान पर राम मंदिर निर्माण को लेकर कारसेवकों के रूप में देश के हर कोने से नागरिक सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके कड़ी संघर्ष करते हुए अयोध्या गए थे। तिल्दा नेवरा अंचल से भी बड़ी संख्या में कारसेवकों ने अयोध्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी। आज रामजन्मभूमि में भव्य मंदिर निर्माण के लिए पीएम के करकमलों द्वारा भूमिपूजन किया जा रहा है ऐसे में भाजपा नेता अनिल अग्रवाल व उस दौरान विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े भाजपा नरेंद्र शर्मा ने उन दिनों को याद करते हुए कारसेवकों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि उस दौरान तिल्दा नेवरा से रामानुज दास वैष्णव, राम शरण दास वैष्णव, टीकाराम राम ठाकुर, डॉ फाल्गो प्रसाद देवांगन, द्वारका प्रसाद देवांगन, देव सिंह साहू, परदेशी राम सिंघम, बसंत सेन, पंच राम साहू, डोगेन्द्र नायक के नेतृत्व में तिल्दा नेवरा से अयोध्या जाने वाले कारसेवको का सम्मान वापसी के बाद धूमधाम से शहर सहित गांव गांव में रामभक्तो ने किया।

उस दौर में पूर्व विद्यायक स्व श्याम सुंदर अग्रवाल, पण्डित मालूराम शर्मा, रमन लाल शर्मा, गोपीचंद पंजवानी, गोपी लाल कोटवानी, सेवन दास वीरानी, पंजू मल गिलानी, राम पंजवानी सहित अन्य हिंदूवादी संघटनो व रामभक्तो ने निरंतर राम मंदिर निर्माण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज उन सभी का सपना साकार हुआ। इस स्वर्णिम अवसर को देखने कई सम्मानित आज इस दुनिया मे नही है।

कारसेवकों की अयोध्या यात्रा से वापसी के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रमेश मोदी के मार्गदर्शन में तिल्दा जिला में भी रामजन्मभूमि के निर्माण के कार्यक्रमों में कई लोगो ने अपनी सहभागिता निभाई थी। खरोरा से राजीव अग्रवाल, ईश्वरी प्रसाद देवांगन, गिरधारी लाल वर्मा,



तोरण सिंह ठाकुर, विकास ठाकुर, तिल्दा नेवरा से भागचंद छाबड़िया, महेंद्र जैन, राजेन्द्र केशरवानी, कृपा राम पटेल, विक्रम अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मातृशक्ति उतरा चन्द्राकर, सरस्वती नायक, कौशल वर्मा, सीमा शर्मा, पुष्पा जैन सहित ब?ी संख्या में लोगो ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन्होंने गांव गांव जाकर रामजन्मभूमि में मंदिर निर्माण को लेकर अलख जगाई थी।

नरेंद्र शर्मा ने आज के इस पावन अवसर पर उन सभी लोगो का अभिनंदन किया। वही सभी कारसेवको व जिन्होंने ने भी राम मंदिर निर्माण को लेकर सपना देखा था आज का दिन सभी के लिए यादगार पल होगा।

कारसेवा के दौर को याद करते हुए भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण अनिल अग्रवाल ने बताया कि उस दौर में मैं युवा मोर्चा से जु?ा हुआ था। हम सभी युवाओ में भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर उत्सुकता बनी रहती थी। साथ ही उन दिनों सोशल मीडिया नही थी जिससे हम सभी ने गांव गांव घर घर जाकर राम मंदिर निर्माण के लिए अलख जगाई। आज अयोध्या में भूमिपूजन के अवसर पर हम सभी की मेहनत और सपना साकार होता देख बड़ा सुकून और गौरवान्वित पल महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी वरिष्ठ जनो का आभार व्यक्त करता हु जिन्होंने राम जन्मभूमि में मन्दिर निर्माण को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि उन सभी वरिष्ठ जनो के आदर्शो पर चलकर हम आज देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा से जुड़कर समाज के हर वर्ग का सहयोग कर रहे हैं। वही भाजपा के शासनकाल में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन पीएम मोदी के हाथों होना हम सभी के लिए यादगार दिन रहेगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता पण्डित मलूराम शर्मा ने बताया कि उस दौरान भाजपा से कम ही लोग जुड़े थे। हम सभी ने गांव गांव घूमकर मन्दिर निर्माण को लेकर लोगो तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उद्देश्यों को पहुँचाया। आज राम मंदिर निर्माण की नींव रखी जा रही है यह हम सभी के जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जिसका इंतजार हमने वर्षो से किया। मेरे कई साथी जो आज हम सबके बीच नही है उन्होंने राम जन्मभूमि को लेकर कई महत्वपूर्ण योगदान दिए जिन्हें भुलाया नही जा सकता। हम सभी के लिए आज गौरव का दिन है जिसको समाज के हर वर्ग को दीपावली पर्व की तरह हर्षोल्लास से मनाना चाहिए। आज उन्होंने सुबह भगवान राम की विशेष आराधना की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, महामंत्री सौरभ जैन, नीलिमा वर्मा, कोषाध्यक्ष ईश्वर यदु, नंदनी खिचरिया, अनुराधा वर्मा, बेबी गोस्वामी, देवकी बाघमार सहित सभी ने देशवासियों को बधाई देते हुए राम मंदिर निर्माण में अपनी भूमिका व सहयोगिता निभाने वाले कारसेवको का आभार व्यक्त किया।

### श्रीरामचन्द्र की पूजा-अर्चना, सुंदर कांड, घरों-घर में लहराया ध्वज

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम बिलाड़ी में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पांच अगस्त को अयोध्या में श्रीराम चंद भगवान की मंदिर का भूमिपूजन व शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के कर कमलों द्वारा हुआ। जिसे देश भर में श्रीरामचन्द्र भगवान की पूजा अर्चना सुंदर कांड, भगवा रंग ध्वजा, घरो घर में लहराया गया एवं भजन कीर्तन का आयोजन गांव गांव व शहर में भी आयोजन समितीयों व लोगों ने अपने धरो में श्रद्धा शक्ति के अनुसार श्रीराम चंद भगवान की विधिव्रत पुजा अर्चना की गयी

वही हमारे ग्राम बिलाड़ी में पंचायत प्रतिनिधीयों और ग्रामवासियों के सहयोग से महामाया मंदिर में श्रीरामचंद्र भगवान की पुरोहितशत्रुहन चौबे महराज ने पूजा पाठ किया गया उसके उपंरात पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने मंदिर परिसर में दिपक जलाकर भगवान श्री रामचंद्र की आरती उतारी व विधिविधान पूर्वक गांव की महिलाओं ने पूजा अर्चना की। भगवान के जयकारे से गांव भक्ति मय हो गया व भक्त ों ने आशिर्वाद प्राप्त किया। गांव और शहर में शाम के समय अपने अपने घरों में दीप जलायें और आतिशबाजी कर भगवान श्रीरामचंद्र के जयकारे लगाए।

# नगर पंचायत कुरूद के विरूद्ध जनहित मुद्दों को लेकर धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < कुरुद
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत मे जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर आज मंगलवार को धरना-प्रदर्शन एवं नगर भ्रमण करते हुए सीएमओ नगर पंचायत एवं एसडीएम कुरूद को ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय जनता पार्टी कुरूद नगर के वरिष्ठ नेतागण, मंडल-ज़िला के पदाधिकारीगण, एवं नगर के भाजपा कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए मंगल बाज़ार के नाम से क्षेत्र-जिला प्रसिद्ध सब्ज़ी एवं फूटकर व्यापार को बंद करने सहित दूसरी तरफ कुरूद के शराब दुकान और वहाँ के अव्यवस्था मंगल बाज़ार से भी ज़्यादा भीड़-भाड होता है, नगर पंचायत के ऐसे ही विभिन्न मुद्दों को लेकर आम नागरिकों और छोटे छोटे सब्ज़ी व्यापारी से लेकर फुटकर व्यापारियों



ने अपनी माँगो को रखते हुए धरना दिये । जिसमे कोरोना काल में मास्क एवं सेनिटाइजर का प्रयोग करते हुए शासन के नियमों को ध्यान में रखकर कम संख्या मे कार्यक्रम सम्पन्न किया गया । मुख्यरूप से धरना-प्रदर्शन में ज्योति चन्द्राकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष, रविकांत चन्द्राकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष, भानु चन्द्राकर भाजपा पार्षद-पूर्व जिला उपाध्यक्ष, त्रिलोकचंद जैन भाजपा जिला मंत्री, कुलेश्वर चन्द्राकर भाजपा मंडल अध्यक्ष, प्रभात बैस मंडल महामंत्री, टिकेश साहु मंडल महामंत्री, कृष्णकांत साहु विधायक प्रतिनिधि, मुलचंद सिन्हा सांसद प्रतिनिधि, सुरेश अग्रवाल पूर्व मंडल महामंत्री, आदर्श चन्द्राकर मंडल कोषाध्यक्ष, अनुराग चन्द्राकर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, पूर्व पार्षदगण सुनील चन्द्राकर, रामेश्वर ध्रुव, नेमी बैस, मिथलेश बैस, भारत भूषण पंचायन, भारत साहु, युवा मोर्चा नेता सत्यम चन्द्राकर, कमलेश चन्द्राकर, भाजपा कार्यकर्तागण खुबलाल चन्द्राकर, हितेन्द्र नंद, किशोर यादव, प्रमोद शर्मा, बलराम साहु, नरेन्द्र सोनी, कमलेश रेड्डी, भारत ठाकुर, खिलेनद्र देवांगन, देव देवांगन, प्रकाश चन्द्राकर, ओमप्रकाश बघेल, सुरज देवांगन, केशव चन्द्राकर, हनी खत्री, हिमांशु साहू, प्रेम नागर्ची, राजेश साहु सहित फुटकर व्यापारी संघ के सदस्यगण सम्मिलित हुए ।

# राम मंदिर निर्माण पर सभी समाज के लोगों ने मनाई खुशी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भूमि पूजन को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस दौरान विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों ने मंदिर में श्री राम भगवान की पूजा अर्चना करते हुए हर्ष और उल्लास के साथ त्यौहार के रूप में मनाया इस दौरान शासन प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे लोगों ने भी कोविड-19 को दिशा निर्देश का पालन करते हुए हर्ष और उल्लास के साथ अयोध्या में हो रहे राम मंदिर निर्माण भूमि पूजन के उत्साह को उत्साह के साथ मनाया इस दौरान हनुमान मंदिर में श्री हनुमान चालीसा भजन कीर्तन सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया भक्तों द्वारा रैली निकालकर जमकर आतिशबाजी की गई जय श्रीराम जय श्रीराम के नारे नगर में गूंज उठा जिला अध्यक्ष बजरंग दल अभिषेक तिवारी ने कहा कि राम मंदिर केवल मंदिर का निर्माण नहीं है या हिंदू समाज का स्वाभिमान गौरव है अयोध्या विवादित ढांचा विध्वंस के लिए बालोदाबाजार के आसपास एवं नगर के कारसेवकों ने कुंच किया था जहां भगवान श्री राम मंदिर का शिलान्यास होने जा रहा है ऐसे में बुधवार को पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े सहित समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कारसेवकों के सम्मान में जिला भाजपा कार्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया इस दौरान कारसेवक लखेपाल जयसवाल राजेश केसरवानी रमेश गुप्ता निरंजन जयसवाल कोमल किशोर मिश्रा को गमछा श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी ने प्रभु श्री रामचंद्र के छाया चित्र पर एवं श्री राम मंदिर भजन मंदिर जाकर मत्था टेक कर आशीर्वाद लेते हुए देश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा मिष्ठान वितरण किया गया वहीं भाजपा कार्यालय के सामने जमकर पटाखे छोड़े गए शाम को घरों में दीप प्रज्वलित किया गया पूर्व विधायक स्वर्गीय सत्यनारायण केसरवानी के निवास के सामने उनके परिवार के सदस्य द्वाराजमकर आतिशबाजी की गई तथा घंटी बजा कर इस घड़ी का स्वागत किया गया संजय नारायण केसरवानी द्वारा जमकर आतिशबाजी एवं शंख बजाकर खुशी का इजहार किया।

# कथाकार चन्द्रहास साहू को अगासदिया प्रेमचंद सम्मान

पायनियर संवाददाता < कुरुद
www.dailypioneer.com

इस साल का अगासदिया प्रेमचन्द सम्मान युवा एवं सशक्त छत्तीसगढ़ी कथाकार चन्द्रहास साहू को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान इन्हें कुंदरा कहानी के लिए प्रदान किया जा रहा है जो छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह तिरबेनी की प्रथम कहानी थी जिसका प्रकाशन अगासदिया के अंक 84 में हुआ था। जो देवार समुदाय की एक स्त्री की जिजीविषा पर केंद्रित कहानी है । चयन समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र झा, सदस्य महेश वर्मा एवं नारायण चंद्राकर ने इसी कहानी के आधार पर चन्द्रहास साहू को सम्मान योग्य पाया। 31 जुलाई को प्रतिवर्ष होने वाला सम्मान समारोह अगस्त के दूसरे सप्ताह में होगा । चन्द्रहास साहू जिला के अंतिम छोर में बसे ग्राम जोरातराई सी के मूल निवासी एवं वर्तमान में धमतरी में निवासरत तथा ग्रामीण कृषि विस्तार



अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। इस उपलब्धि पर सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत नवदीप, वरिष्ठ साहित्यकार त्रिभुवन पांडेय, रंजीत भट्टाचार्य, लेखिका शैलचंद्रा, जिला हिन्दी साहित्य समिति धमतरी के अध्यक्ष डा . सरिता दोशी, कला परम्परा कला बिरादरी के अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव, रंगकर्मी आकाशगिरी गोस्वामी, कथाकार कैलाश बनवासी, कान्हा कौशिक, तिलक लांगे, राजकुमार सिन्हा, कन्हैयालाल साहू सहित विभाग के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# श्रीरामजी की मंगल आरती तुलसी व परसदा में किया गया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

राम लला हम आएंगे,मंदिर भव्य बनायेंगे के नारों के साथ श्रीराम जी की मंगल आरती गौरवग्राम तुलसी व ग्राम परसदा में किया गया।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिन्लायास के अति महत्वपूर्ण शुभ अवसर पर गौरवग्राम तुलसी व ग्राम परसदा में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीरामचंद्र जी की भव्य मंगलवार आरती 108 दीप जलाकर किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अंचल के युवा समाजसेवी संदीप वर्मा प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ उत्थान समिति थे। दोनों ही ग्राम में भगवान श्रीरामचंद्र जी के मंदिर निर्माण में हुवे 500 वर्षो के संघर्षो को वर्णन करते हुवे कहा कि हम असंगठित थे, इस असंगठन के कारण ही हजारो लोगो के बलिदान व सैकड़ों वर्षो से हमको संघर्ष करने की आवश्यकता पड़ा इस भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए, आज हम संगठित हो रहे है। और निरंतर हम हिन्दू एक रहकर संगठित रहे, तो ऐसे राष्ट्रीय समस्या हमारे साथ भविष्य में नहीं होगा उन्होंने बताया कि सभी हिन्दुवों को गर्व होना चाहिए वह हिन्दू व श्रीराम जी के वंशज है, रामजी हम सभी के राजा है राजा का भव्य महल मंदिर के रूप में तैयार होना अति खुशी व गौरव की बात है, राम ही राष्ट्र है व राष्ट्र की पहचान ही राम का स्वरूप है, वो खुद भी बचपन से राम मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए है।

कार्यक्रम को तुलसी में निखिल वर्मा ने संबोधित करते कहा कि आज बहुत ज्यादा गौरव की बात है जिसका वर्णन करना सम्भव नही है। मानपुर परसदा सरपंच साकेत साहू ने राम जी के आदर्शों में चलकर खुद के जीवन को अच्छा बनाने की अपील की, भुवन साहू शिक्षक जो कि परसदा के ग्राम प्रमुख भी है बताया कि राम राजनीति का नही बल्कि सबके आदर्शो की बात है पिता के आज्ञा पालन हेतु भगवान जी ने अपने राजपाठ का त्याग किया अभी के युवावों को को रामजी से प्रेरणा लेने की बात कही, तुलसी के कार्यक्रम संयोजक गणेश वर्मा व चंददेव वर्मा थे जबकि परसदा के दुर्गेश साहू जिला संयोजक छत्तीसगढ़ उत्थान समिति थे। दुर्गेश ने राम नाम की महिमा का बखान करते हुवे राम को रोम रोम में बसाने की बात कही व राम के चरित्र का अध्ययन कर जीवन मे उतारने के प्रयास होने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में तुलसी से, प्रकाश सिरमौर, गीता वर्मा, रेणुका वर्मा, मधु मानिकपुरी, हितेश वर्मा, रामकिशन ध्रुव, मोहित ध्रुव, परसदा से मोहन रॉय, नरेन्द्र वर्मा,हीरालाल साहू, खूबचंद साहू, देवप्रसाद साहू, पुरषोत्तम ध्रुव, दुष्यंत रॉय, गोपाल ध्रुव, कोमल साहू, तुकाराम ध्रुव, लक्ष्मीनारायण वर्मा भूपेश वर्मा, कमल साहू आदि उपस्थित रहे।

तिल्दा नेवरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरी कला में बच्चों को पुस्तक एवं सायकल वितरण किया गया! जिसमें उपस्थित ग्राम पंचायत खपरी कला के सरपंच रामनारायण मिर्झा शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामवतार साहू शाला विकास समिति के सदस्य लीलाधर वर्मा भोंदू निषाद डागेशवर साहू ,देवदत वर्मा पंच भोलाराम वर्मा हाई स्कूल के प्राचार्य-पोलीकार्प तिर्की एवं स्कूल के शिक्षक गण उपस्थित थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामावतार साहू ने सभी बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### महामाया मंदिर में श्रीरामचंद्र की पूजा-आरती की गई

ग्राम बिलाड़ी में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बीते दिन बुधवार पांच अगस्त को अयोध्या में श्रीरामचंद्र भगवान की मंदिर का भूमिपूजन व शिल्यानस प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। जिसे देश भर में श्री रामचन्द्र भगवान की पूजा अर्चना सुंदर कांड, भगवा रंग ध्वजा लहराया गया एवं भजन कीर्तन का आयोजन गांव व शहर में किया गया.। आयोजन समितियों व लोगों ने अपने घरों में श्रद्धाभक्ति के अनुसार श्रीरामचंद भगवान की विधिव्रत पूजा अर्चना की । वही हमारे ग्राम बिलाड़ी में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों के सहयोग से महामाया मंदिर में श्री रामचंद्र भगवान की पुरोहित शत्रुहन चौबे महाराज ने पूजा पाठ किया गया उसके उपंरात पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने मंदिर परिसर में दीपक जलाकर भगवान श्री रामचंद की आरती उतारी व विधिविधान पूर्वक गांव की महिलाओं ने पूजा अर्चना की। भगवान के जयकारा से गांव भक्ति मय हो गया व भक्त ों ने आर्शिवाद प्राप्त किया। गांव में और शहर में शाम के समय अपने अपने घरों में महिलाओं ने दीप जलायें और आतिश बाजी कर भगवान श्री रामचंद्र जी की जयकारे लगाए।

**भगवान राम के ननिहाल में उत्सव का माहौल**

# श्रीराम मंदिर के शिलान्यास पर गांवों में हुए दीप प्रज्वलित

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

वर्षो प्रतीक्षा के बाद आज प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या नगरी में भव्य श्रीराम मंदिर का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से संपन्न हुआ। राम जन्मभूमि स्थल में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए 5 अगस्त को हुए भूमिपूजन के ऐतिहासिक अवसर को लेकर छत्तीसगढ़ के लोगों में भी खासा उत्साह दिख रहा है। लोग इस अवसर को यादगार बनाने के लिए यहां दीपावली जैसे आयोजन की तैयारी में जुटे थे और लोग स्वस्फूर्त होकर इस अवसर को यादगार बनाने की तैयारी में कर लिए थे। क्षेत्र के ग्राम श्यामनगर में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू एवं उपसरपंच नवीन साहू के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन कर श्रीराम के जयकारे लगाए।वहीं महिला समूह द्वारा शीतला मंदिर के समीप



हनुमान मंदिर में दीप प्रज्वलित कर खुशी का इजहार किया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि भले ही शिलान्यास अयोध्या में हो रहा है, लेकिन भगवान राम के ननिहाल में भी लोगों को इस पल का उतना ही इंतजार था। लोगों ने अपने घरों पर भी पूरे उत्साह के साथ इस उत्सव को मनाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भूमिपूजन हर्षोन्मादित एवं गौरवान्वित करने वाला है। सच्चाई की जीत का प्रत्यक्ष उदाहरण भी है। इस अवसर पर हम सभी प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए घरों में भगवा ध्वज लगाकर, घरों - मंदिरों में रोशनी कर, रंगोली सजाकर, दीपक जलाकर आनंदपूर्वक मनाना चाहिए।सभी ने प्रभु श्रीराम की आरती कर राष्ट्र व समाज की सुख और समृद्धि के लिए प्रार्थना कि। उपसरपंच नवीन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से भगवान राम का एक गहरा नाता है। छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है, इसलिए यहां के लोगों को बहुत ही उत्सुकता है। इस अवसर पर कृशलाल साहू,कोमल साहू,किर्तन साहू,तोरण वर्मा,प्रमोद साहू,दीपक वर्मा,अपूर्व साहू,डॉ डी के ड?सेना,भूषण साहू,सौरभ निर्मलकर,गजाधर निर्मलकर,सूरज निर्मलकर,केशकुमार साहू, रोमेश साहू,विष्णु साहू,राजीव शर्मा,मिथिला शर्मा,अन्नपूर्णा साहू,सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**एबीवीपी ने जलाए दीये एवं कारसेवक का किया गया सम्मान** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फिंगेश्वर इकाई ने 5 अगस्त को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के भूमिपूजन के अवसर पर नगर के स्मारक चौंक एवं नगर के राम मंदिर में राम स्तुति भजन संध्या के माध्यम से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की खुशियां जाहिर की, विद्यार्थियों द्वारा मन्दिर में चारो तरफ दिए से सजावट एवं से आतिशबाजी किया गया,वही पूरे फिंगेश्वर मे हर जगह राम मंदिर निर्माण को लेकर है हर्ष का माहौल बना रहा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फिंगेश्वर ने 1990 के कारसेवक डॉ चंद्रशेखर हरित को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया डॉ हरित से बातचीत में उन्होंने बताया की जब वह आंदोलन में गए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलाने का आदेश दे दिया था गरियाबंद जिले से 25 लोग कारसेवक बनके अयोध्या गए हुए थे वह सभी सुरक्षित वापिस हुए।

# दीप प्रज्जवलित कर ऐतिहासिक दिन के साक्षी बने

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से हुए भूमिपूजन को लेकर गांव-गांव में खुशियां मनाई गईं। हिंदू संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के आह्वान पर लोगों ने शाम को आंगन में दीप प्रज्जवलित कर इस ऐतिहासिक दिन के साक्षी बनें। इस शिलान्यास कार्यक्रम से अभिभूत होकर बुधवार को जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य चंद्रशेखर साहू एवं जनपद पंचायत सदस्य दीपक साहू के संयुक्त नेतृत्व में भगवा ध्वज से सजाकर भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली ग्राम लोहरसी के बजरंग चौक से पूजा अर्चना उपरांत प्रारंभ होकर ग्राम रवेली की गलियों से होते भगवान श्रीराम के जयकारे और भगवा ध्वज लहराते हुए हनुमान मंदिर और गायत्री मंदिर में रुककर पूजा करते हुए ग्राम पंडरीतराई सतनाम पंथ के



प्रतीक जैतखाम में मत्था टेककर अंत में ग्राम भेंडरी भ्रमण कर लोहरसी बाजार चौक में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने मंदिर निर्माण पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय समाज के आराध्य और मर्यादा के प्रतिमान हैं उनके जन्मभूमि भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला रखा जाने से करोड़ों लोगों की आस्थाएं फलीभूत हुई हैं। वर्षो की प्रतीक्षा के बाद आज मंदिर निर्माण प्रारंभ होने से गांव-गांव गली-गली अयोध्या सी प्रतीत हो रही है इस अवसर पर युवा साथियो का विशेष योगदान रहाऔर साथ मे सभी रामभक्त ग्राम पंचायत भेंड्री के सरपंच मोहन लाल साहू,पूर्व सरपंच लोहरसी घनश्याम पटेल, सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल साहु, पूर्व जनपद सदस्य, पोखन लाल साहू, उपसरपंच भेंडरी आंनद राम साहू, पूर्व उपसरपंच मुकेश ध्रुव, सोसायटी संचालक हलधर पटेल, गोपी ध्रुव, खेलुराम साहू, पुष्कर तिवारी, मुकेश निर्मलकर, घनस्याम ध्रुव, मनीष साहू, संतोष यादव, ओमप्रकाश पटेल, नोखे पटेल, चेतन ध्रुव, सीतला यादव,वीरेंद्र साहू, मिलाप साहू, टिकेश्वर ध्रुव, विक्रम साहू, नेतराम पटेल, सूरज ध्रुव, मनोज कश्यप, पुखराज साहू, हेमन्त साहू, गोपाल यादव, भावेश साहू, गोविंदा निर्मलकर, चम्मन साहू, उरेन्द्र साहू, सोहन साहू, चंदन निषाद, योगेश साहू, डालेश साहू, प्रकाश साहू,अजय ध्रुव, भिगु ध्रुव,आदि सब रामभक्त शामिल हुए।

# लॉकडाउन हटने के बाद भी यात्री बस परिचालन को लेकर दुविधा

**बस मालिकों ने अपनी परेशानी से गृहमंत्री को अवगत कराया**

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा लॉकडाउन हटाने की घोषणा करने के साथ ही राज्य में यात्री बस प्रारंभ करने की भी बात कही गई है किंतु यात्री बस का प्रारंभ होने को लेकर अभी भी संशय की स्थिति में बनी हुई है क्योंकि यात्री बस के मालिकों का जब तक समस्याओं का जब तक समाधान नहीं हो पाएगा तब तक यात्री बस प्रारंभ करने में असमर्थता जता दी गई है इस संबंध में यात्री बस मालिकों ने अपनी परेशानी से गृहमंत्री को अवगत कराते हुए 8 सूत्री ज्ञापन सौंपकर मांग पूरी होने बिना बस संचालन करने में हो रही परेशानी के बारे में जानकारी दिया गया है

इस संबंध में यातायात छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश दशहरे के नेतृत्व में गृह मंत्री को यात्री बस प्रारंभ करने के पहले उनकी मांगों को पूर्ण करने का आग्रह किया गया है इन लोगों का मांग है कि सितंबर 2020 से लेकर मार्च 2021 तक टैक्स में छुट दिया जाए डीजल के रेट टैक्स में 50% कटौती किया जाए फार्म के एवं फार्म एस की साल में दो बार की बाध्यता समाप्त किया जाए इसकी फीस अन्य राज्यों की तरह निर्धारित किया जाए डीजल की बढ़ती कीमतों के साथ ही यात्री किराए में वृद्धि की स्थाई नीति तय किया जाए एवं टोल टैक्स में छूट दिया जाए एकल प्राधिकरण बनाने से पूर्व जो कार्य आरटीओ द्वारा किए जाते थे उसे फिर से उसी तरह लागू करने एवं स्लीपर कोच पर लगने वाले टैक्स को समाप्त करने सहित व्हीलबेस के आधार पर बैठक की क्षमता को निर्धारण समाप्त और भौतिक परीक्षण के आधार पर ही वाहन को रजिस्ट्रेशन किया जाए संबंधित मांग गृह मंत्री को सौंपा गया है।



### किश्त पटाने के लिए किया जाता है परेशान

इस संबंध में मां अम्बे बस के मालिक आनन्द प्रकाश साहू और राम गोपाल साहू ने बताया कि बीते मार्च माह से लेकर अभी तक 6 माह के दौरान यात्री बस नहीं चलने से सबसे ज्यादा नुकसान तो बस वालों को हुआ है वहीं फाइनेंस कंपनी वाले किश्त पटाने के लिए बार बार कह कर परेशान किया जाता है जबकि बस नहीं चलने से से उसकी किश्त पटाने की स्थिति में नहीं है।

### छह माह से बस का पहिया थमा हुआ है

बता दें कि छत्तीसगढ़ में कोरोनावायरस के चलते बीते मार्च 2020 से लेकर अभी तक यात्री बस का चक्का थमा हुआ है यद्यपि बीच में कुछ दिनों तक यात्री बस का संचालन बस मालिकों के द्वारा किया गया था किंतु उसमें भी उन्हें नुकसान ही हो रहा था इस कारण कई बस तो चल ही नहीं और कुछ निजी कंपनी के यात्री बस चली जो यदा-कदा ही चलती थी इसी बीच फिर से राज्य में लॉक डाउन लागू कर दिया गया था।

### बस मालिकों की आर्थिक स्थिति हुई खराब

यात्री बस संचालकों की आर्थिक स्थिति बस नहीं चलने के कारण दिनोंदिन बद से बदतर होती जा रही है कई लोग यात्री बस के प्रारंभ होने के कारण इस कारण बस में नहीं बैठे थे क्योंकि उन्हें कोराना महामारी के भय सता रहा था इसी कारण बस चलने के बाद भी यात्री बस में नहीं बैठते थे इससे भी यात्री बस चलाने वाले मालिकों को नुकसान ज्यादा हुआ और बस चलना बंद होने से यात्री बस मालिकों की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है यद्यपि राज्य सरकार के द्वारा भी यात्री बस सुचारु रुप से संचालित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है किंतु जब तक यात्री बस संचालकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाएगा तब तक यात्री बस का चलना शायद मुमकिन अभी नजर नहीं आ रहा है।

## प्रशासन की कार्यवाही पर ट्रैक्टर मालिकों ने किया चक्काजाम



**गरियाबंद।** ज़िला मुख्यालय से लगी हुई पैरी नदी से रेत का परिवहन कर नगर को रेत कि सप्लाई करने वाले छोटें छोटे ट्रेक्टर मालिक हताश और परेशान है। कारण है कि बार-बार प्रशासन का अमला इनके वाहन को रोककर भारी भरकम जुर्माना कर रहा है जिसको लेकर आज ट्रेक्टर परिवाहन संघ ने गांधी मैदान में अपने ट्रेक्टरों का पहिया जाम कर दिया, जिससे नगर में हड़कंप मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि कोविड 19 के इस दौर में लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है वही ट्रेक्टर के पहिए जाम होने से नगर को रेत की आपूर्ति नहीं हो पाएगी, जिसके चलते छोटे छोटे रोज़ कमाने खाने वाले मज़दूर भी प्रभावित हो रहे है। वहीं ट्रेक्टर मालिकों की सामने भी ट्रेक्टर का किस्त पटाने का भी संकट खड़ा हो गया है, जबकि ट्रेक्टर मालिकों को साफ़ कहना है कि हम शासन को रायल्टी के रूप में राशी देने को तैयार है। बशर्ते मालगांव नदी में भी घाट की स्वीकृति प्रदान करे। हम रोज़ रोज़ शसान को जुर्माना दे देकर हलाकान हो गए है।

## स्वतन्त्रता दिवस पर कोरोना वायरस डाक्टरों एवं पुलिस स्वच्छता कर्मियों को किया जाएगा सम्मानित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान मे किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। कलेक्टर शिव अनंत तायल कल शाम अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी निर्देशों का पालन एवं बचाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष आयोजित 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस के कार्यक्रम में कटौती किया गया है। बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। तत्पश्चात् पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकाड़ियों के द्वारा सलामी (गार्ड आफ ऑनर) दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। तदुपरांत कार्यक्रम में मास्क लगाकर और सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए कोरोना वारियर्स डाक्टरों एवं पुलिस, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर तायल ने बताया कि तहसील एवं जनपद स्तर पर सार्वजनिक समारोह आयोजित नही होंगे। लेकिन जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष और नगरीय निकायों में नगरीय निकायों के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालयो में सरपच और बड़े ग्रामों में गांव के मुखिया राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। उन्होने बताया कि जिला, विकास खण्ड और पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में किसी भी स्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओ को एकत्रित नहीं किया जाएगा और न ही सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कलेक्टर तायल ने बताया कि 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनो में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। विभाग अथवा कार्यालय प्रमुख उनके कार्यालय में ध्वजारोहण करेंगे और सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाया जाएगा। मुख्य समारोह मे कार्यक्रम स्थल पर सोशल डिस्टिंसिंग का पालन करना और मास्क लगाकर प्रवेश की अनुमति होगी। बैठक मे पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान, एएसपी विमल कुमार बैस, जिले के सभी चार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## श्रीराम मंदिर निर्माण की खुशी में अम्बिकापुर में मनाई गई दीवाली



**सरगुजा।** श्रीराम मंदिर भूमिपूजन के बाद अम्बिकापुर में इस वर्ष दीवाली के पहले ही दीवाली का दृश्य देखने को मिला, दीयों की रोशनी से पूरा शहर जगमगा रहा था वहीं लोग अपने घरों के सामने जमकर आतिशबाजी कर रहे हैं, शहर के राम और हनुमान मंदिरो को सजाया गया है, आज अम्बिकापुर में लोग दीवाली मना रहे हैं और श्रीराम मंदिर निर्माण के आगाज की खुशियां मना रहे हैं।

हालांकि कोरोना वायरस मी वजह से हुये लाकडाउन करे वजह से रैली जुलुश जैसे साममूहिक उत्सव नही हो सके लेकिन लोग अपने-अपने घरों के सामने निकलकर दीप प्रज्वलन कर आतिशबाजी करने लगे, इस बीच लगातार पुलिस का पेट्रोलिंग वाहन शहर में भ्रमण करता रहा ताकी कहीं भीड़ एकत्र ना हो सके, लिहाजा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुऐ एक विशाल उत्सव अम्बिकापुर में मनाया जा रहा है, जो लोगों के हर्ष के साथ साथ अनुशासन का परिचय दे रहा है।

## एसीबी की टीम ने आरआई को 8 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शहर के एक आरआई को महिला से 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरआई (राजस्व निरीक्षक) ने जमीन का नक्शा बनाने के एवज में महिला से 10 हजार रुपए की डिमांड की थी। इसकी शिकायत महिला ने एसीबी से की थी। शिकायत सही पाए जाने के बाद टीम ने योजना बनाकर आरआई को पकड़ा। टीम द्वारा आरआई को न्यायालय में पेश किए जाने की तैयारी चल रही है।

अंबिकापुर निवासी अर्चना खाखा ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में कुछ दिन पूर्व शिकायत की थी कि पटवारी हल्का नंबर-57 ग्राम ठाकुरपुर में पदस्थ राजस्व निरीक्षक राजबहादुर सिंह द्वारा उससे 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है। महिला ने बताया कि उसकी जमीन का नापने के पश्चात नक्शा बनाने के एवज में इतने रुपए की मांग की जा रही है। महिला की शिकायत पर टीम ने शिकायत का सत्यापन किया और आरआई को रंगे हाथों पकडऩे की योजना बनाई। प्लान के अनुसार 7 अगस्त को महिला को केमिकल लगा 8 हजार रुपए देकर आरआई को देने कहा गया। इस पर महिला द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय सह आवास भवन फुंदुरडिहारी में आरआई को केमिकल लगा 8 हजार रुपए दिए गए। इसी बीच पहले से वहां मौजूद एसीबी की टीम ने आरआई को 8 हजार रुपए के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया।



महिला की जमीन का नक्शा बनाने के एवज में की थी 10 हजार रुपए की डिमांड, महिला ने एसीबी में की थी शिकायत

### न्यायालय में पेश करने की चल रही तैयारी

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा आरोपी आरआई को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 7 पीसी एक्ट 1988 एवं संशोधन अधिनियम 2018 के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।

## वीरेंद्र नगर वार्ड 2 महिला पॉजिटिव मिलने के बादे कंटेनमेंट जोन घोषित

■ कोरोना एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 40

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



विगत दिनों बर्तन दुकान में काम करने वाली लड़की का रिपोर्ट पॉजिटिव आया थाण् उनके संपर्क में आने से उनके पिताजी का भी रिपोर्ट आज पॉजिटिव आया है,वहीं नागपुर से लौटे क्वारेंटाइन में रुक रहे सूखापाली के एक लड़के का भी रिपोर्ट पॉजिटिव आया हैण् इस तरह आज ब्लॉक में 2 लोगों का रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाया गयाए जिसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की हैण् ब्लॉक में अभी तक 59 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं जिसमें से एक्टिव पॉजिटिव मरीजों की संख्या 38 हो गई हैण् वहीं एक मरीज आज कोरोना को हराकर वापस लौटा हैण् इस तरह कोरना को हराकर लौटने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। जानकारी अनुसार शहर के मेन रोड वार्ड नंबर 13 एक बर्तन व्यापारी के यहां काम करने वाली कुर्मी पाली की लड़की जो हाल में महल पारा वार्ड नंबर 3 में रहती थीए उनका रिपोर्ट कुछ दिन पूर्व ही पॉजिटिव आया थाण् इस बीच उनके पिताजी भी यहाँ सामान छोड़ने आए थे और उनके संपर्क में आने से उनके पिताजी का भी रिपोर्ट आज पॉजिटिव आया हैण् वहीं दूसरे मामले में 31जुलाई को नागपुर से लौटा एक युवक क्वॉरेंटाइन सेंटर में थाए जिसका स्वाव सैंपल 1 अगस्त को लिया गया था और आज उसका रिपोर्ट पॉजिटिव पाया गया है।

## गांव-गांव जाकर रक्त दाता संघ ने सदस्यता जोड़ो अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



समाज सेवी में हमेश अग्रसर संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान व सदस्यों ने समाज सेवा कार्य को चाहे वह दिन गरीबो की मदद समाजिक व धार्मिक कार्यो और जरूरत मंदों को रक्त दान कर उनकी जीवन देना ऐसे कार्यो में अध्यक्ष व उनके समिती के सदस्यों ने हमेश अपना अमुल्य समय व अच्छे कार्यो का निर्वहन कर रहे हैं। और सदस्यता जोड़ों अभियान चलाया जा रहा हैं। जो की रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर बिते दिनों से गांव गांव जाकर भमण कर सदस्यता जोड़ों अभियान की शुरुवात कर दिया हैं। उसी के चलते अभी वर्तमान में अध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान एवंम सदस्यों द्वारा ग्राम परसदा एवं भुरसुदा में सदस्यता जोड़ों अभियान के तहत जाकर युवाओं को समाज सेविका कार्यो के बारे में अपनी जानकारी दी गई। उसके पश्चात गांवों में जाकर उन सुहावने सफर पर प्रकृति के कुछ मनोरम दृश्यों तथा उसकी खूबसूरती छटाओं का अद्भुत आनंद प्राप्त हुआ जो कि गांव को सुखद एवं शांतिमय वातावरण प्रदान करता है। इस शुभ अवसर पर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सदस्यता जोड़ों अभियान के तहत मेरे जूनियर सदस्यों के माध्यम से इन दोनों ग्रामों में उपस्थित अन्य सदस्यों से सौजन्य मुलाकात कर रक्तदान हेतु अधिक से अधिक जागरूकता एवं लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया गया गया।

## छात्राओं को पुस्तक एवं साइकिल वितरण किया गया





**तिल्दा नेवरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरी कला में छात्राओं को पुस्तक एवं सायकल वितरण किया गया। जिसमें उपस्थित ग्राम पंचायत खपरी कला के सरपंच रामनारायण मिर्झा शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामवतार साहू शाला विकास समिति के सदस्य लीलाधर वर्मा भोंदू निषाद डागेशवर साहू ,देवदत वर्मा पंचभोलाराम वर्मा हाई स्कूल के प्राचार्य-पोलीकार्प तिर्की एवं स्कूल के शिक्षक गण उपस्थित थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामावतार साहू ने सभी बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करने के लिए बोला गया है।

## छूईपाली में 12 बजे तक ही खुली रहेंगी दुकाने

**सरायपाली।** नगर से 16 किलोमीटर दूर ग्राम छूईपाली जोकि नेशनल हाईवे 53 से लग कर स्थित है सरायपाली शहर और आस.पास के गांव में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छूईपाली के ग्रामीणों ने सभी दुकाने दोपहर 12.00 बजे तक खोलने का निर्णय लिया है बुधवार को सरपंच हेमंत सिदार उपसरपंच वेद प्रकाश चौधरी समस्त पंच और ग्रामीणों ने बैठक आयोजित की निर्णय लिया गया कि गांव के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को दोपहर 12.00 बजे के बाद से प्रतिदिन पंप किया जाएगा ग्रामीणों ने कहा कि नगर पालिका सराईपाली और आसपास के क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण बढ़ते जा रहे हैं दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा है दुकान अधिक समय तक खुलेगी तो भीड़ बढ़ेगी ऐसे में इसे निश्चित समय पर की दुकान खोली जाए ग्रामीणों के इस प्रस्ताव पर पंचायत ने दुकानें दोपहर 12.00 बजे तक खुलने की समय सीमा निर्धारित की है।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**

क्रमांक/153/ज.प्र./न.नि./2020/122बी — भिलाई, दिनांक 6.8.2020

**// निविदा संशोधन सूचना//**

17 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र, नगर पालिक निगम, भिलाई के निविदा सूचना का विज्ञापन क्रमांक 122 दिनांक 11.07.2020 पायनियर एवं समय दर्शन में क्रमशः प्रकाशन दिनांक 17.07.2020 एवं 18.07.2020 को प्रकाशित किया गया था, किन्तु कोविड-19 के कारण दिनांक 06.08.2020 तक लॉक-डाउन की घोषणा होने के कारण निविदा तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए आवेदन दिनांक 13.08.2020 को रखा गया है। निविदा स्पीड पोस्ट पहुंचने का दिनांक 18.08.2020, 5.30 बजे तक एवं निविदा खोलने का दिनांक 19.08.2020 को खोली जायेगी, शेष कार्य एवं नियम शर्तें यथावत रहेगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जलकार्य**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

## पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस परिवार की महिलाओं की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा गुरूवार को पुरानी पुलिस लाइन एवं हुडको कॉलोनी में निवासरत पुलिस परिवार की महिलाओं की समुदायिक भवन में बैठक लिया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं को पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कॉविड पॉजिटिव केस बढ़ रहे हैं। प्रदेश के कुछेक जिलों में पुलिसकर्मियों के भी संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। ऐसे में पुलिस परिवार को भी आवश्यक सावधानी बरतनी की जरूरत है। प्रत्येक परिवार में परिवारजनों की देखभाल की बड़ी जिम्मेदारी घर की महिलाओं पर होती है। ऐसे में आप लोग वर्तमान में ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतें। घर के बच्चे व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। उपस्थित महिलाओं को बोले कि पुलिस परिवार के प्रत्येक सदस्य की जिम्मेदारी पुलिस के मुखिया की है। आप लोगों को पति के ड्यूटी को लेकर या घरेलू अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या हो तो निसंकोच बता सकतें है अथवा कार्यालय आकर मिल सकते हैं। इस दौरान उनके साथ आरआई अमरजीत खूंटे, लाईन अफसर सउनि रेशम लाल साहू स्टाफ भी मौजूद थे। नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर एवं रायगढ़ एसडीएम युगल किशोर उर्वशा द्वारा गुरूवार को शहर के छह कंटेनमेंट जोन बावलीकुआं, राजीवनगर, धांगरडीपा, मधुबन, इतवारी बाजार, चांदमारी का निरीक्षण किया गया।



**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र./78/अ-20(1)/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्यामा प्रसाद तिवारी पिता श्री काशी प्रसाद तिवारी, जाति-ब्राम्हण, निवासी-सरगीपालपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव के द्वारा ग्राम-कोण्डागांव, तहसील - कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 40.457 हेक्टेयर में से क्षेत्रफल 195.8 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर प्रदाय किय जाने बाबत् कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 40.457 हेक्टेयर में से क्षेत्रफल 195.8 वर्गफीट भूमि को ओदक को स्थायी पट्टे पर प्रदाय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 18.08.2020 तक अपना दावा/आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अधिभाषक के माध्यम में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.08.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**कोण्डागांव**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित EWS योजना में से भवन / भूखण्ड **क्र. EWS-645** में **श्री अंचित शिन्दे पिता श्री महादेव राव शिन्दे एवं श्रीमती अर्चना शिन्दे पति श्री अंचित शिन्दे** को स्ववित्तीय/एकमुश्त/ऑफर आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि. **28.07.20206** को लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्री सुखदेव सिंह पिता श्री दीलीप सिंह एवं श्रीमती अमरीक कौर पति सुखदेव सिंह के** पक्ष में दिनांक **27.06.2020** को विक्रय कर दिया।

तद्उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता **श्री सुखदेव सिंह पिता श्री दिलीप सिंह एवं श्रीमती अमरीक कौर पति श्री सुखदेव सिंह** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज / सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **टाटीबंध** कालोनी रायपुर में निर्मित **जनता** भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **जनता-44 स्ला.-1** में **श्री जंग सिंग पिता श्री स्व. नछत्तर सिंग** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **13.2.2003** को विक्रय विलेख निष्पादित कर दिया गया। आबंटी उक्त भवन के दान विक्रय हेतु दिनांक **23.6.2020** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री जसपाल सिंग पिता श्री जंग सिंग** को नाम से निष्पादित की विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 40/2020-2021**
**वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52** वार्ड में स्थित भवन / भूमि**115/109 ख. नं.** जो कि निगम अभिलेख में **श्री लखन लाल छबलानी S/o स्व. नानक राम** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमति कविता शोभवानी S/o ओमप्रकाश शोभवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 41/2020-2021**
**वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52** वार्ड में स्थित भवन /भूमि **22/ बरडिया विहार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री कमला भटट् W/o छैल शंकर भट्ट** के नाम से दर्ज है, जिसको **जीतेश कुमार राठौर S/o प्रमोद कुमार राठौर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 45/2020-2021**
**वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52** वार्ड में स्थित भवन /भूमि **विद्या नगर अमलीडीह** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती हरेश मेघवानी S/o वासुदेव मेघवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **सचिन जयसवाल S/o श्री मनीलाल जयसवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

संपादकीय

## पाकिस्तान का मानचित्र, कश्मीर को दिखाया अपना हिस्सा

सभी जानते हैं कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण का एक भी मौका नहीं छोड़ता है, पर ऐसा पुराना व निरर्थक राजनयिक कदम उठा कर 'शोर मचाने' का कोई अर्थ नहीं है। हालांकि, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का एक साल पूरा होने पर वह इससे अधिक और कुछ नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने एक नया मानचित्र जारी कर कश्मीर, लद्दाख के कुछ हिस्सों और गुजरात के जूनागढ़ को अपना हिस्सा बता दिया। यह क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के नग्न प्रदर्शन के सिवा और कुछ नहीं है। भारत ने कहा है कि इस खोखली व एकपक्षीय घोषणा के समर्थन में कोई विश्वसनीय तर्क, समर्थक समूह, ऐतिहासिक तर्क या विधिक वैधता नहीं है तथा यह एक 'राजनीतिक मूर्खता' है। वैश्विक रूप से स्वीकृत संप्रभुता को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने चुनौती दी है और उन्होंने नए मानचित्र के प्रति अपनी कैबिनेट के साथ विपक्ष तथा अज्ञात कश्मीरी नेतृत्व का समर्थन बताया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने कहा कि 'नए मानचित्र से स्पष्ट है कि कश्मीर की सीमा चीन से लगती है। इससे स्पष्ट है कि नेपाल की तरह पाकिस्तान भी चीन के इशारे पर सीमाओं के पुनर्निर्धारण की बात कर रहा है। यह कदम कश्मीर के प्रति किसी चिन्ता के बजाय पाकिस्तान की अपनी रणनीति है। जब भारत पूर्वी लद्दाख में चीन के पीछे हटने पर जोर दे रहा है, ऐसे में पाकिस्तान का मानचित्र भारत को दो मोर्चों पर युद्ध की चेतावनी देता है। पिछले महीने वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर चीन की सैनिक तैनाती के समर्थन में पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा-एलओसी पर लगभग 20,000 सैनिक तैनात किए हैं। आश्चर्यजनक रूप से बालाकाट एयर स्टांइक के बाद उसने इस तरह सैनिक नहीं तैनात किए थे। इसके साथ ही पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। इसके पीछे चीन की योजना इस तथ्य से स्पष्ट है कि चीनी अधिकारी नेपाल के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान में पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ नियमित विचार-विमर्श करते रहते हैं। चीन एक समय कश्मीर में सक्रिय रहे अल बदर नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान को प्रोत्साहित कर रहा है। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी पर कर्ज में फंसी पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था संकट में है और वह चीनी खैरात पर निर्भर होने के कारण उसका मुहरा बन गया है। इस कदम से इमरान खान घरेलू राजनीति में भी कुछ लाभ उठाना चाहते हैं। वे अपने समर्थकों को बताना चाहते हैं कि कश्मीर पर उनका नेतृत्व बना हुआ है, जबकि अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उनको यह मुद्दा उठाने पर जरा भी समर्थन नहीं मिला है। हालांकि, एक समय वे यह भी कह चुके हैं कि भारत के 'विशाल बाजार' होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच पर कोई उनकी बात पर ध्यान नहीं दे रहा है। भारत की आलोचना में तुर्की को शामिल कर इमरान खान पाकिस्तान, तुर्की व मलेशिया को शामिल कर एक नई इस्लामी धुरी तैयार करना और इसका नेतृत्व करना चाहते हैं। यह पाकिस्तान के प्रचार अभियान से स्पष्ट है जो लगातार चीन व तुर्की को भारत-विरोधी बयान व ट्वीट जारी करने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है। वह कश्मीर को एक व्यापक इस्लामवाद का मुद्दा बनाना चाहता है। मजेदार बात है कि इस काम में अब अमेरिका उसका सहयोगी नहीं है। इसलिए पाकिस्तान अपनी नई स्वीकार योग्य कश्मीर रणनीति बनाने का जिम्मेदार स्वयं है। इसे देखते हुए भारत सरकार को कश्मीर में सिविल सोसाइटी से संबंध बढ़ाने के प्रयास तेज करने चाहिए ताकि पाकिस्तान को उसके नए अलगाववादी एजेंडे के लिए समर्थन न मिल सके। देश में नौकरियों व उच्च शिक्षा की इच्छा के कारण ज्यादा से ज्यादा कश्मीरी नौजवान मुख्यधारा विमर्श में शामिल हो रहे हैं। इन नौजवानों से राजनीतिक संबंध बढ़ाने के प्रयास होने चाहिए। पाकिस्तान को अपना एजेंडा चलाने से रोकने के लिए हमें कश्मीर में जमीनी स्थिति में और सुधार करने की आवश्यकता है।

# एक तापस वेशधारी फिर बना मेरा उद्धारक

**मैं अयोध्या हूं। राम भक्तों का सदियों का संघर्ष 5 अगस्त को राम कृपा से सुफलित हो गया है। आज फिर एक तापस वेशधारी योगी के प्रयत्नों से मैं गौरवान्वित हो रही हूं। मुझे अपना पुरातन गौरव पुनः प्राप्त होता दिखाई पड़ रहा है।**


प्रणय विक्रम सिंह


महेंद्र कुमार सिंह



**मैं अयोध्या** हूं। राजा राम की राजधानी अयोध्या। इक्ष्वाकु कुल के सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी अयोध्या। यहीं राम के पिता राजा दशरथ ने राज किया। यहीं श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। यहीं बहती है सरयू। संस्कृतियों का संगम.. सरयू। वेद में मुझे ईश्वर का नगर बताया गया है और मेरी सम्पन्नता की तुलना स्वर्ग से की गई है। हनुमानगढ़ी मेरी सीमाओं की पहरेदार है तो सरयू मेरी पवित्रता की सौगन्ध। सदियों की ऐतिहासिक यात्रा में अंधकार और प्रकाश मेरे सहयात्री हैं। मेरी गोद में संस्कृतियां इठलाती हैं। तभी तो आज भी मेरे आंगन में हिन्दू, बौद्ध, इस्लाम एवं जैन धर्म से जुड़े अवशेष देखे जा सकते हैं। हिन्दुओं के रामलला, हनुमंतलाल और नागेश्वरनाथ जैसे तीर्थ मेरे ही आंगन में हैं। इस्लाम के पीरों, जैनियों के तीर्थकरों और बौद्धों के धर्मगुरुओं का केन्द्र भी यहीं हैं। हां, मैं वही अयोध्या हूं जो समय-समय पर विदेशी आक्रांताओं के आक्रमणों के बाद भी अपने अस्तित्व को बचाने में सफल रही। इतिहास के पृष्ठों पर मेरे संघर्षों की व्यथित कर देने वाली अनेक कहानियां अंकित हैं। मेरे पुत्रों ने मेरे लिए अपना बलिदान देने में कभी विलंब नहीं किया। मेरी गलियों में ही बौद्ध और जैन पंथ फला-फूला। पांच जैन तीर्थंकर यहां जन्मे। इनके मन्दिर भी तो बने हैं यहां। सनातन संस्कृति के विभिन्न आयामों, स्वरूपों से लेकर जैन, बौद्ध, सिख और सूफी परम्परा तक की जड़ें व्याप्त हैं।

जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव अयोध्या राजपरिवार के थे। लगभग पांच हजार वर्ष पश्चात भी राम की अयोध्या में प्रथम तीर्थंकर की विरासत श्वास ले रही है। रायगंज मोहल्ले में उनके भव्य मन्दिर के साथ विशाल प्रतिमा भी स्थापित है यही नहीं कटरा मोहल्ले में भी उनका मन्दिर है। मैं अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ एवं अनंतनाथ के रूप में चार अन्य जैन तीर्थंकरों की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित हूं। बौद्ध परम्परा में भी मेरा स्थान महत्वपूर्ण है। महात्मा बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद 45 वर्षों तक धर्मोपदेश किया और उनमें से 16 वर्षावास उन्होंने अयोध्या में किया, ऐसा बौद्ध ग्रंथ दीपवंश से भी ज्ञात होता है। बुद्ध के करीब पांच सौ वर्ष बाद बौद्ध धर्म की महायान शाखा के अग्रणी आचार्य अश्वघोष यहीं के थे। सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग आये यहां। उन्होंने दुनिया भर को मेरे सुख.समृद्धि के बारे में बताया, उसके अनुसार यहां 20 बौद्ध मन्दिर थे तथा 3000 भिक्षु रहते थे। सिखों की चर्चा के बगैर रामनगरी की संस्कृति में समाहित बहुरंगी छटा का परिचय पूर्ण नहीं हो सकता। प्रथम, नवम् एवं दशम् सिख गुरु समय-समय पर अयोध्या आए और नगरी के प्रति आस्था निवेदित की। गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड एवं गुरुद्वारा गोविंद धाम के रूप में सिख परम्परा की विरासत अभी भी जीवन्त है। मैं इस्लाम के लिए भी अकीदत का मरकज हूं। इस्लाम की परम्परा में मुझे मदीनतुल अजोधिया के रूप में भी संबोधित किए जाने का जिक्र मिलता है।

मेरे आंचल को स्पर्श कर प्रवाहित होती सरयू के किनारे 14 प्रमुख घाट हैं। हर घाट की अपनी एक कहानी है। इनमें गुप्तार घाट, कैकेयी घाट, कौशल्या घाट, पापमोचन घाट, लक्ष्मण घाट आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मन्दिरों में कनक भवन की शोभा अनिर्वचनीय है। कैकेयी ने इसे सीता को मुंह दिखाई में दिया था। ऊंचे टीले पर हनुमानगढ़ी आकर्षण का केन्द्र है। तुलसी चौरा महाकवि तुलसीदास जी की स्मृतियों को समेटे है तो प्रह्लाद घाट के पास गुरु नानक जी भी आकर ठहरे थे। मैं वही अयोध्या हूं जिसकी गोद में राम खेले थे जिसकी जमीन पर राम का जीवन खिला था जिस धरा पर राम का राज्य था। जहां मंदिर हनुमान का भी हो तो राम की मूरत उसकी शोभा बढ़ाती है। जिसके बारे में राम ने कहा था- 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते] जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।' यानी हे लक्ष्मण, होगी लंका सोने की लेकिन यह जो सरयू किनारे मेरी जन्मभूमि है, जहां मैं जन्मा, वह मेरी मातृभूमि, मेरे लिए स्वर्ग से भी बढ़ कर है। वाल्मीकि रामायण में दर्ज इस इतिहास को तुलसीदास जी ने अवधी में अलग तेवर दिए।

'जद्यपि सब बैकुण्ठ बखाना। बेद पुरान बिदित जगु जाना।।'

'अवधपुरी सम प्रिय नहिं सोऊ। यह प्रसंग जानइ कोउ कोऊ।।'

'जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि बह सरजू पावनि।'

विडम्बना देखिए कि उसी अयोध्यापुरी में बर्बर विदेशी आक्रांता की नियोजित कुण्ठा के कारण रामलला अपनी जन्मभूमि पर सदियों तक तिरपाल में रहे। किंतु राम भक्तों का सदियों का संघर्ष 5 अगस्त 2020 को राम कृपा से सुफलित हो गया है। आज फिर एक तापस वेशधारी योगी के प्रयत्नों से मैं गौरव भूषित हो रही हूं। मुझे अपना पुरातन गौरव पुनः प्राप्त होता दिखाई पड़ रहा है। प्रभु श्री राम के भव्य-दिव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हो चुका है। मेरे घाटों, मंदिरों, कुण्डों का युद्ध स्तर पर जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से सहस्त्रों वर्ष पुरानी स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। सुगम यातायात के लिए परिवहन पथों के निर्माण के साथ ही अत्याधुनिक विमानपत्तन की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो रही है। रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण के साथ नगर की आधारभूत संरचना में व्यापक एवं बहुआयामी परिवर्तन लाने वाली अनेक विशाल निर्माण परियोजनाएं तीव्र गति से संचालित हैं।

> मेरे पुरातन वैभव को पुनर्जीवित करने का हर संभव प्रयास योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है। हर गली-हर कूचा जो मेरे राम की स्मृतियों से आबाद हैं, आज जीवंत हो रहे हैं। मेरा मन मुदित है, पुलकित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पुनः मेरे राम का राज्याभिषेक हो रहा हो। ऐसा लग रहा है कि जैसे फिर एक बार गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में भगवान विश्वकर्मा मुझे रच रहे हैं।

मेरे पुरातन वैभव को पुनर्जीवित करने का हर संभव प्रयास योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है। हर गली-हर कूचा जो मेरे राम की स्मृतियों से आबाद हैं, आज जीवंत हो रहे हैं। मेरा मन मुदित है, पुलकित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पुनः मेरे राम का राज्याभिषेक हो रहा हो। ऐसा लग रहा है कि जैसे फिर एक बार गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में भगवान विश्वकर्मा मुझे रच रहे हैं। आस्था, आधुनिकता और वैज्ञानिकता की त्रिवेणी अपने सम्पूर्ण सामर्थ्य में मुझे सवांरने, मेरे इतिहास, मेरे राम के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी से साझा करने हेतु प्रयत्नशील है। इक्ष्वाकुपुरी नगरी का निर्माण उसी अद्भुत कल्पना का आकार है।

अयोध्या शोध संस्थान, अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय, थीम पार्क जैसी योजनाएं सांस्कृतिक उन्नयन की यात्रा को नए स्वरूप में नई पीढ़ी से साक्षात्कार कराएंगी। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद अब मेरे विकास का ध्यान रखेगा। हजारों वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जैसे अहिल्या के उद्धार के लिए प्रभु श्री राम आए थे, आज मेरे अर्थात अयोध्या के उद्धार के लिए योगी आदित्यनाथ आए हैं। एक तापस वेषधारी के प्रयासों से पुनः मेरा उत्कर्ष हो रहा है। रघुकुल नंदन के भव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।

*(प्रणय विक्रम सिंह वरिष्ठ पत्रकार हैं। महेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ पत्रकार रहे हैं और वर्तमान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के मीडिया व जनसम्पर्क अधिकारी और राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य है)*

# दास प्रथा की भयावह विरासत है नस्लवाद

> लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वर्तमान से भटकाव है जो दास प्रथा द्वारा छोड़ी गई नस्लवाद की डरावनी विरासत को मिटाने के लिए है।


गुइन डायर
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

अमेरिका के लोगों का मूल्यांकन आज के मानकों के अनुरूप करने से हमें अपने अधिसंख्य नायकों को खलनायकों की संज्ञा देने पर बाध्य होना पड़ेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स में लिखे अपने अभिमत लेख में लगता है कि सीनेटर टॉम कॉटन का विचार यही था। इसकी प्रतिक्रिया में काफी आक्रोश पैदा हुआ, अभिमत संपादक को इस्तीफा देना पड़ा था और कोटन को दास प्रथा का बचाव करने के लिए गालियां दी गईं। वो संभवतः इसके लायक थे। जो उन्होंने असलियत में कहा वह यह था कि अमेरिका के संस्थापक दास प्रथा को ऐसी अनिवार्य बुराई के रूप में देखते थे जिस पर संघ का निर्माण हुआ था। कक्षा में यह सही लगता है यदि आप अन्यथा यह व्याख्या करें कि दासों के स्वामी दक्षिणी राज्य सभी 13 उपनिवेशों के परिसंघ पर सहमत नहीं हुए होंगे।

यह एक सीनेटर के मुख से कम अच्छा लगा जो अमेरिकी स्कूलों में दास प्रथा के इतिहास के बारे में शिक्षण को सुधारने के लिए एक परियोजना के परिसंघीय वित्तपोषण पर प्रतिबंध लगाना चाहता है। सीनेटर कोटन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वफादार सिपाहियों में से एक थे, जो एक श्वेत प्रजातीय घबराहट तैयार करने एवं आकाओं के आधार को मजबूत करने का प्रयास कर रहे थे। मगर मुद्दा यह नहीं है। मुद्दा यह है कि मैंने उस उद्धरण में एक शब्द बदल दिया, और ऐसा कहने वाले कोटन नहीं थे। वो नाइजीरियाई पत्रकार एवं उपन्यासकार अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी थीं, और उन्होंने बीबीसी के लिए लिखे एक एक लेख में असलियत में जो कहा, वो यह था : ''अफ्रीका के लोगों का मूल्यांकन आज के मानकों के अनुरूप करने से हमें अपने अधिसंख्य नायकों को खलनायकों की संज्ञा देने पर बाध्य होना पड़ेगा।''

वो विशिष्ट रूप से अपने पितामह, नवाबानी ओगोगो ओरियाकू में बारे में बात कर रही थीं, जो 20वीं सदी के पूर्वार्ध में दक्षिण-पूर्वी नाइजीरिया में तंबाकू, पाम आयल, एवं दासों के सम्मानित व्यापारी थे। अटलांटिक दासों के व्यापार पर यूरोपीय सम्राटों द्वारा एक शताब्दी पूर्व प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन दास प्रथा तब भी नाइजीरिया तथा कई अन्य अफ्रीकी देशों में फलता-फूलता घरेलू बिजनेस था। उनके पितामह ब्रिटिश उपनिवेश प्राधिकारियों की अवज्ञा करके काफी प्रसिद्ध हो गए थे, जो नाइजीरिया के भीतर दास प्रथा को खत्म करने के प्रयास में लगे हुए थे। उन्होंने उनके दासों में से कुछ को जब्त कर लिया था और वो पिछली सदी का व्यापार लाइसेंस लहराकर दिखाते हुए उन्हें वापस दिए जाने की मांग करते हुए आगे बढ़े।

वे अचम्भित रह गए, क्षमा मांगी और उनके दासों को वापस कर दिया। निश्चित रूप से, वे उनके साहस तथा आत्मविश्वास से काफी प्रभावित थे कि उन्होंने बाद में उनको उनके इलाके का सर्वोच्च मुखिया नियुक्त कर दिया। अतः वो अपने ही दिन में स्थानीस नायक बन गए और अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी परिवार के लिए अभी भी नायक हैं। दास प्रथा, सभी साम्राज्यों तथा उपसहारा अफ्रीका के नृजातीय समूहों समेत, अधिकतर आधुनिक समाजों में सामान्य हुआ करती थी। समुद्री पातों में तटों पर यूरोपीयों के नजर आने से पूर्व अफ्रीकियों ने दासों को सदियों से विविध इस्लामी साम्राज्यों में बेच दिया था। वे उसी बाजार में खरीदने वाले ग्राहकों का एक समुच्चय ही थे।

दास बनाए गए अधिकतर अफ्रीकी घर से कुछ सौ किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं गए थे। अनुमान लगाया जाता है कि 18वीं सदी में, वर्तमान में सेनेगल कहे जाने वाले देश में एक तिहाई लोग दास थे जो अन्य सेनेगलियों से जुड़े थे। लेकिन जो विदेशियों के हाथों बेच दिए गए थे उन्होंने ज्यादा कष्ट झेले।

इतिहासकारों का मानना है कि दस मिलियन अफ्रीकियों में से लगभग एक पांचवां हिस्सा जो तीन सदियों से अधिक के दौरान अमेरिकियो को भेजे गए थे वे समुद्री जहाजों पर ही मर गए। दस शताब्दियों के दौरान अरबी व्यापारियों को बेचे गए तथा सहारा में वपैदल चलने के लिए विवश किए गए अथवा समुद्री पोतों में हिंद महासागर के चारों ओर ले जाए गए 17 मिलियन से अधिक दासों में मरने वालों की संख्या भी उतनी ही ज्यादा थी। बचने वालों के समक्ष जो संकट आया वो बहुत भीषण था।

लेकिन अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी सही कहती हैं। अतीत में एक भिन्न देश था और लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वे समझ भी नहीं पाती हैं। लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वर्तमान से भटकाव है जो अमेरिका में दास प्रथा द्वारा छोड़ी गई नस्लवाद की डरावनी विरासत को मिटाने के लिए है। यह संज्ञान लेने योग्य बात है कि उन अफ्रीकी देशों में अपराधबोध एवं नस्लवाद की कोई तुलनीय विरासत नहीं है जो दासों को बेचते थे। दास और मालिक, हर कोई समान समूह का होता था, और हर कोई किसी नकिसी तरह संलिप्त होता था। हम ऐसा किया करते थे, अब नहीं करते, कहानी खत्म। यूरोपीय देशों में यह काफी भिन्न क्यों होता है, और सबसे ऊपर अमेरिका में? मेरा अनुमान यह है कि ऐसा दास प्रथा के कारण होता था, असमान रूप से दुनिया में, और दस प्रथा हजार वर्ष पूर्व यूरोप में समाप्त हो गई थी। जब 16वीं सदी के यूरोपीय पश्चिमी अफ्रीका पहुंचे, तो यह उनके लिए बिलकुल नया था।

उन्होंने दासों स्वामित्व को इच्छापूर्वक लिया लेकिन उनके पास ऐसी कोई परम्परागत व्यवस्था नहीं थी जिसमें वे उसके बारे में सोचते। नवाबानी ओगोगो ओरियाकू को स्वयं को यह बताकर दासों का स्वामित्व ग्रहण करने को सही ठहराने की आवश्यकता नहीं है कि वे निम्न कोटि के होते थे। उन्होंने खरीदा। समस्या क्या है? जबकि अमेरिकी बागान मालिकों को स्वयं के समक्ष व्याख्या करने के लिए विचित्र प्रजातीय कल्पनाओं का सहारा लेना पड़ा कि अन्य लोगों का मालिक बनना क्यों सही था।

## फरमाया



कोविड-19 पर भारत की समय से पहले और श्रेणीबद्ध बहुस्तरीय संस्थागत प्रतिक्रिया से देश में मौतों को काफी कम रखने में मदद मिली।

**-डॉ. हर्षबर्धन**
स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार



हम सभी को अपनी सामूहिक आवाज उठानी चाहिए और मांग करनी चाहिए कि महबूबा मुफ्ती को जल्द से जल्द रिहा किया जाए और उन नजरबंद लोगों भी छोड़ा जाए जो संविधान के तहत इसके हकदार हैं।

**-पी चिदंबरम**



बिहार विधानसभा के होने वाले आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर और सकारात्मक एजेंडे के साथ जनता के बीच जाएगी।

**-राहुल गांधी**

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## निजी अस्पतालों की बेईमानी

**एक** खबर से पता चला है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है जो बताती है कि वर्ष 2018 में देश के निजी अस्पतालों ने फालतू में शल्यक्रिया (सीज़ेरियन) से प्रसूति कराई जिससे उन्हें लगभग 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में भारत के निजी क्षेत्र ने चिकित्सा सुविधाओं के विकास एवं विस्तार में मोटा निवेश किया है। जाहिर है ये निवेश परोपकार के लिए नहीं बल्कि व्यापार और तगड़े फायदे के लिए किया गया है। अन्य व्यापारिक गतिविधियों की तरह निजी चिकित्सा केन्द्रों के डॉक्टरों और कर्मचारियों को भी वित्तीय लक्ष्य दिए जाते हैं जो पूरे करने आवश्यक होते हैं। यही कारण है की निजी चिकित्सा सुविधाएं महंगी होने के साथ-साथ अनेकों मामलों में गैर भरोसेमंद भी होती हैं। कमाई बढ़ानें के लिए गैर ज़रूरी जाँचों, शल्य प्रक्रियाओं, बेवजह की भर्ती, महंगी दवाइयों आदि जैसे कुकृत्यों को अंजाम दिया जाता है। जबरदस्ती की सीज़ेरियन प्रसूति भी ऐसा ही एक कृत्य है जिसमें ना सिर्फ दो जानें जोखिम में आती हैं अपितु महिला की भविष्य की प्रसूतियों भी कठिन बन जाती है।

– **ब्रजेश माथुर,** गाजियाबाद

## बिहार में विकास

**एक** सवाल वो तमाम बिहारी बुद्धिजीवियों से जो खूब ज्ञान बखारते हैं। एक सवाल उन तमाम प्रशासनिक अफसरों से जो कि बिहार से है, और एक सवाल उन तमाम नेताओं से जो देश के लिए जान देने की बात करते हैं और अपने राज्य में कुछ नहीं। जिस तरीके से दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र व देश के अन्य कोनों से मजदूर पैदल जाने को मजबूर हुए आखिर आप उन्हें आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी बिहार में ही रोजगार क्यों नहीं दिलवा पाएं? कमोबेश हर वर्ष बाढ़ की वजह से पूरा बिहार बर्बाद हो जाता है उन्हें उनकी स्थिति पर छोड़ दिया जाता है। इस बार बिहार पर दो गुना मार पड़ी है एक तरफ है कोरोना दूसरी तरफ है बाढ़ , बिहार की अवाम को अनाथ की तरह छोड़ दिया गया है? करोड़ों के बांध और पुल जो कि बिहार के जनता की हिफाज़त को आश्वस्त करता था वे भी नेताओं के वादे की तरह खोखले निकले और ध्वस्त हो गए। साथ ही बाढ़ के पानी के साथ नेताओं के वादे भी बह गए। आज पत्रकारिता में तकरीबन 80 प्रतिशत लोग बिहार से है वे क्यों नहीं अपने राज्य की दिक्कत को उजागर कर पाएं? आखिर क्यों नहीं बिहार में एक भी अच्छी विश्वविद्यालय बना पाए?

– **हर्ष कुमार,** जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली

## कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ

**देश** में अत्याधुनिक राफेल लड़ाकू विमान आया हो या अयोध्या में भूमिपूजन का अर्थ ये नहीं कि कोरोना खत्म हो गया। जरा संभल कर,इसी लापरवाही का फायदा उठा कहीं कोरोना, अपना आक्रमण और तेज न कर दे।इस बात का बिल्कुल ध्यान रखें कि जंग अभी जारी है,कोरोना अब भी हम पर भारी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि जिस लापरवाही से हम रह रहे,देश,राज्य और जिले के बाद अब घर घर इसके फैलने की नौबत न आए। अन्यथा इसको काबू में करना मुश्किल हो सकता है। भले ही आंकड़े संक्रमितों के दो दिनों रात चार चौगुना हो रहे। लोगों के ठीक होने की भी दर में बढ़त हुई है, लेकिन भारत का पायदान विश्व में सर्वश्रेष्ठ तीन में हो रहा। समय रहते संभालना अति आवश्यक है, अन्यथा क्या हश्र होगा,और इसका क्या खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। सरकार और प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे,लेकिन कुछ तथाकथित लोग इसको नजरअंदाज कर रहे, साथ ही कोरोना कैरियर का घिनौना कार्य कर रहे।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली

# कलेक्टर महोबे की सराहनीय पहल, सभी शिक्षकों को दिए गए निर्देश

**पायनियर से चर्चा में बोले कलेक्टर की किसी भी प्रकार का दबाव ना ही बच्चों पर हैं ना ही पालकों पर है और ना ही शिक्षकों पर है, सभी स्वैच्छिक तरीके से निर्णय ले**

## शिक्षक क्लास प्रारंभ के पहले बच्चों को दे स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



पायनियर खास

कोरोना के मद्देनजर राज्य सरकार के द्वारा पढ़ाई तुहर द्वार के तहत बच्चों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से बच्चों को पढ़ाई की सुविधा दी जा रही हैं। लेकिन जिले में कई जगह नेटवर्क की प्रॉब्लम एवं कई पालकों के पास स्मार्टफोन नहीं होने की वजह से अब बच्चों को पायलेट बेस ऑफलाइन विधियों से पड़ाया जा रहा है। पायनियर से खास चर्चा में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि जिला प्रशासन ने 3 तरीके से पढ़ाई के लिए निर्देश दिए थे। चूंकि ये स्वैच्छिक योजना है। जो पालक शामिल होना चाहते हैं, जो बच्चे स्वेच्छा से शामिल होना चाहते हैं और सभी शिक्षकों के लिए भी स्वेच्छा है। कोई प्रेशर व टारगेट लेकर यह काम नहीं किया जा रहा है। श्री महोबे ने आगे बताया कि पहला समुदाय से मिलकर गली मोहल्ले में शिक्षा दी जा सकती है।

दूसरा ब्लूटूथ के माध्यम से जहां पर कनेक्टिविटी नहीं है वहां शिक्षा दी जा सकती है। तीसरा लाउडस्पीकर के माध्यम से शिक्षा दी जा सकती हैं। इसके लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग भी ली गई थी। जिसमें जिले के 110 स्कूल का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत शिक्षकों का भी चयन किया गया है। जो इस तरह कार्य करने की इच्छुक हैं। उनसे बात भी की गई है। हमने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है, कि जो भी पढ़ना पढ़ाना चाहे वह स्वेच्छा से करें। किसी भी प्रकार का दबाव ना ही बच्चों पर हैं ना ही पालकों पर है और ना ही शिक्षकों पर है। स्वैच्छिक तरीके से बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों को निर्णय लेना है। सबसे बड़ी बात यह कि हमारे द्वारा यह भी निर्देश दिया गया है, कि जब भी शिक्षक क्लास प्रारंभ करें। स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में पहले बताएं। क्योंकि वर्तमान में कोरोना का संक्रमण है। बच्चों को यह बताना जरूरी है। कि कोरोना से कैसे बचाव करना है।

क्या सावधानी बरतना है। मॉस्क पहनना है। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है। बार-बार हाथ बराबर तरीके से धोना है। गांव में कोई अनजान व्यक्ति आता है। तो उसकी सूचना तत्काल कोतवाल से या किसी भी माध्यम से प्रशासन को देनी है। उसके बाद ही शिक्षक बच्चों से ज्ञान की बातें करेंगे। श्री महोबे ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि मार्च के बाद से बच्चे कहीं ना कहीं शिक्षा और स्कूल से वंचित हो रहे हैं। उक्त माध्यमों से पढ़ाना एक अच्छा प्रयास है। इसे शासन ने पूरी तरह से स्वैच्छिक रखा है।अगर इसके परिणाम अच्छे होंगे तो इसको आगे निरंतर रखा जाएगा।

# गोधन न्याय योजना के 38 हितग्राहियों को किया 89934 रूपए का भुगतान

**वार्ड-3 निवासी मनोज यादव ने सबसे अधिक गोबर बेचकर कमाए 9296 पहले चरण में खरीदी गई 44967 किलोग्राम गोबर का हुआ भुगतान**





पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत निगम क्षेत्र के पंजीकृत 38 पशुपालकों को 89934 रूपए पहला भुगतान किया गया। इस योजना के तहत सबसे अधिक वार्ड-3 यादव मोहल्ला कोसा नगर निवासी मनोज यादव ने गोबर बेचकर 9296 रूपए कमाए। मनोज के पास 23 गाय और भैंस हैं। उन्होंने 20 जुलाई को ही पंजीयन कराया तथा 1 अगस्त तक गोधन न्याय योजना के अंतर्गत शहरी गौठान में 4648 किलोग्राम गोबर बेचा। यादव को दो रूपए की दर से उन्हें बुधवार को समन्वय समिति ने बैंक के माध्यम से 9296 रूपए भुगतान किया गया। इसी प्रकार वार्ड-3 निवासी भरत लाल यादव ने 4032 किलोग्राम गोबर बेचा था। उन्हें 8065 रूपए भुगतान किया गया। योजना के नोडल अधिकारी व उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत पशुपालक गोबर बेचने अपना पंजीयन निरंतर करा रहे हैं।

### पशुपालक करवा सकते है पंजीयन

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत कोई भी पशुपालक जोन कार्यालय से संपर्क कर पंजीयन करवा सकता है। निगम प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थल पर ले जाकर गोबर बेच सकता है। जोन-1 अंतर्गत शहरी गौठान कोसा नगर, जोन-4 एसएलआरएम सेंटर में गोबर खरीदी की व्यवस्था की गई है। इसी तरह से जोन-2, जोन -3 और जोन-5 में भी गोबर खरीदा जाएगा। पंजीकृत हितग्राहियों के बैंक खाता के माध्यम से 15-15 दिन के अंतराल में भुगतान किया जाएगा।

### गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी ने की समीक्षा

निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम के सभागर में गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। सभी जोन आयुक्त को अपने क्षेत्र के चिन्हित स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। जल्द से जल्द से गोबर खरीदी शुरू करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को गोधन न्याय योजना की विस्तृत जानकारी भी दी तथा डॉक्यूमेंटेशन को लेकर अद्यतन करने कहा। बैठक में उपायुक्त तरूण पाल लहरे, लेखा अधिकारी जितेन्द्र ठाकुर, पीएमयू के शुभम पाटनी, सभी जोन आयुक्त और समन्वय समिति की महिलाएं मौजूद थी।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिलान्यास पर दिखा उत्साह, जगह-जगह दीप जलाए

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या नगरी में भव्य श्रीराम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलो से सम्पन्न हुआ। राम जन्मभूमि मे स्थल मे भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर विगत 5 अगस्त को हुए भूमिपूजन को लेकर प्रदेश मे भी खासा उत्साह दिखाई दिया। नगर में भी कई स्थानों में यही माहौल दिखाई दिया। वार्ड क्रमांक 15 हाउसिंग बोर्ड स्थित मंदिर प्रांगण में महिला मंडली द्वारा भजन , कीर्तन एवं सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। इसके प्श्चात मिष्ठान का वितरण किया गया। पश्चात मंदिर समिति द्वारा कार सेवको अवधेश दुबे, हरिदास वैष्णव एवं रविन्द्र कुमार नन्द का सम्मान पी एन दुबे, राजू निषाद, मनीष पॉल, अनुराग गुप्ता, ने किया कार्यक्रम का संचालन रामाधार शर्मा ने किया। संध्या 7 बजे रामबिहारी मिश्रा एवंत माम लोगों ने मंदि प्रांगण मे दीप प्रज्जवलित किया। वार्ड क्रमांक 4 रामनगर बेल्दार समाज एवं वार्ड वासियों द्वारा 2001 दीप जलाए गए साथ ही आतिशबाजी भी की गई। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड कुम्हारी एवं दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने भी दीप प्रज्वलित किए जिनमें बजरंग दल से अवधेश शुक्ला, अनिल निखाडे, जी नागेश राव, आर प्रवीण राव, राकेश शाह के साथ मातृ शक्ति में वंदना निखाडे, सीता भारती, पिंकी देवी शाह, तृप्ति देवी, आवृति निखाडे एवं कृति शाह आदि थे। हनुमान मंदिर कांजी हाउस में भी दीप जलाए गए। इसी प्रकार नगर के विभिन्न मंदिरों में एवं घरों में भी लोगों ने रंगोली बनाई तथा शाम को घरों मे श्रद्वा के दीए भी जलाए।

# मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार, विश्व स्तनपान सप्ताह प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के प्रथम सप्ताह को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का मुख्य संदेश है ''स्तनपान है जीवनदान स्वस्थ्य दुनिया के लिए आइये इसका समर्थन करें'' जिला बेमेतरा में इस उपलक्ष्य में समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए वेबिनार का आयोजन स्वान, जिला पंचायत बेमेतरा के माध्यम से सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए किया गया। डॉ. एस. के. शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मां का दूध बच्चें के लिए सम्पूर्ण आहार है, यह बच्चे को संक्रमण एवं बीमारियों से बचाता है। बच्चे के लिए मां का दूध से बेहतर कोई आहार नही है, जन्म के तुरन्त बाद बच्चे को मां का पहला गाढ़ा दूध अवश्य पिलाना चाहिए। छः माह तक बच्चे को केवल मां का दूध ही पिलाये, स्तनपान से बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास तेजी से होता है। पहले छः महीने में बच्चे को मां के दूध के अलावा किसी अन्य चीज की आवश्यकता नही है। बच्चे को जन्म के बाद जन्म घुटी, शहद, गाय का दूध, पानी व चाय इत्यादि नही देना चाहिए। वेबिनार के दौरान सिविल सर्जन डॉ. वंदना भेले ने जानकारी दी कि यदि छः महिने में बच्चे को केवल स्तनपान न कराने से बच्चे बार-बार बीमार पड़ेगे और मानसिक विकास नही होगा, बच्चे की स्मरण शक्ति कम होगी और बुद्धि के विकास स्तर भी कम होगा। जिला सर्विलेंस ऑफिसर डॉ. ज्योति अनिल जसाठी न बताया कि यदि मां कोरोना संक्रमित है, तब की स्थिति में वह अपने बच्चे को सावधानी बरतते हुए स्तनपान करा सकती है। स्तनपान के दौरान मास्क लगाकर बच्चे को छुने से पहले हाथ धोना, दूसरी ओर मुंह करके खांसना आदि सावधानी के साथ स्तनपान कराया जा सकता है। वेबिनार के दौरान समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए गुगल फार्म के माध्यम से क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में कम समय में अधिक प्रश्नों का उत्तर देकर अधिक अंक प्राप्त करने वाले कार्यकर्ता श्रीमती रेखा ध्रुव, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, जितेन्द्र कुमार लहरे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, चन्द्रकुमार देवांगन, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, नवागढ़, श्रीमती चित्रा साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक रहे।

## कंटेनमेंट ज़ोन में खोले गए दुकानों को प्रशासन ने बंद कराया गया



**बेमेतरा।** नोबेल कोरोना विश्वव्यापी कोविड-19 के तहत बेमेतरा जिला के अंतर्गत वार्ड नंबर 17 राम मंदिर के सामने शीतला मंदिर रोड के पास कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया था जिसमें 01 मरीज कोरोना पॉजिटिव पाया गया था इसके तहत आज पुनः सूचना मिली की 07अगस्त शुक्रवार को सदर रोड कंटेनमेंट जोन की कुछ दुकानदार अपनी दुकान खोलने लगे हैं सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम नायब तहसीलदार राजकुमार मरावी नायब तहसीलदार रोशन साहू डीएसपी तोमेश वर्मा स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी अशोक ठाकुर नगर पालिका व पुलिस प्रशासन टीम के साथ वार्ड नंबर 17 एवं 19 माता भद्रकाली गेट से पूरे सदर रोड होते हुए शीतला मंदिर तक स्थापित समस्त दुकाने पूर्णता बंद कराया गया साथ ही पूरे एरिया दुकानों को बंद कराकर निर्देशित किया गया है कि पूरे 14 दिनों तक सभी प्रकार के व्यवसायिक बंद कर सहयोग प्रदान करने अपील किया गया साथ ही समझाया गया कि छत्तीसगढ़ शासन के समय समय जारी मानक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आदेश जारी किया गया है।

## छात्रा ने स्वच्छता मित्र को राखी बांधकर किया सम्मान

**भिलाई नगर।** वार्ड-15 वैशाली नगर की रहने वाली छात्रा कुमारी निशिका सोनारे ने घरों से कचरा एकत्र करने वाले स्वच्छता मित्र भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनका सम्मान किया।

रक्षाबंधन के दिन उसने वार्ड के घरों से एकत्र करने वाले स्वच्छता मित्र रामावतार जांगड़े को राखी बांधी और उनका मुंह मीठा कराया। निशिका का कहना है कि रक्षाबंधन के दिन जहां भाई अपनी बहनों से राखी बंधवाकर सुरक्षा का संकल्प ले रहे थे।

वहीं स्वच्छता मित्र हर दिन की तरह रक्षाबंधन के दिन भी सुबह ई-रिक्शा लेकर वार्ड में पहुंच गए थे। सीटी बजाकर घरों से कचरा एकत्र कर रहे थे। रक्षाबंधन के दिन भी उनकी कलाई सूनी थी। इसलिए राखी बांधकर उनका सम्मान किया। बता दें कि निशिका कक्षा-पांचवी की छात्रा है।

# वेयर हाऊस प्रबंधक की बड़ी लापरवाही आई सामने, विगत कई सालों से चावल की हो रही चोरियां और चल रहा शॉर्टेज का खेल, रिकवरी न हो इसीलिए बाहर से खरीद कर करते है पूर्ति

**साढ़े 3 क्विंटल चावल चोरी के बाद हुआ मामले का खुलासा**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





वेयर हाउस प्रबंधक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। विगत कई सालों से वेयरहाउस के गोदामों में रखें चावल की बोरिया चोरी होती आ रही है। मामले का खुलासा तब हुआ जब बीते बुधवार को वेयर हाउस से 7 बोरी याने कि साढ़े 3 क्विंटल चावल चोरी हो गया। चोरी करने वाले आरोपियों को हालांकि बालोद पुलिस ने प्रबंधक की शिकायत के बाद गिरफ्तार कर लिया हैं।

लेकिन अब भी सबसे बड़ा सवाल यहां यह उठता है कि विगत कई सालों से चावल की चोरी होती आ रही है। लेकिन तब क्यों जिम्मेदारों ने संज्ञान लेते हुए कार्यवाही नहीं की...? बावजूद गैरजिम्मेदाराना हरकत का परिचय देते हुए अपनी गलतियों को छुपाने के लिए प्रबंधक द्वारा रिकवरी न हो इसीलिए बाहर से चावल को खरीद कर उसकी पूर्ति की जाती रही हैं। उल्लेखनीय हो कि बीते बुधवार को शहर के गंजपारा स्थित वेयर हाउस में साढ़े 3 क्विंटल याने कि 7 बोरी अरवा चावल की चोरी हुई थी। चोरों ने गोदाम के पीछे शटर को किसी औजार से ऊपर उठाकर चावल की बोरियों की चोरी की थी।

मामले में वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंधक रणवीर सिंह ने मामले की लिखित शिकायत बालोद थाने में की थी। जिसके बाद बालोद थाना प्रभारी जीएस ठाकुर ने धारा 380, 457 के तहत मामला दर्ज किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ठाकुर ने चावल की चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 3 नाबालिक और एक बालिक हैं। तीन नाबालिग आरोपियों को दुर्ग स्थित बाल संरक्षण गृह भेजा गया है। बता दें कि चोरी की जानकारी तब मिली जब शाखा प्रबंधक को चौकीदार ईश्वर प्रसाद ने बताया कि चावल गोदाम के पीछे शटर में ताला लगा हुआ है पर शटर को किसी औजार से ऊपर उठा दिया गया है। 'चौकीदार के द्वारा मुझे जैसे ही बताया गया कि पीछे का शटर उठाकर 7 बोरी चावल की चोरी हुई है, तो मेरे द्वारा तत्काल बालोद थाने में इसकी लिखित शिकायत दी गई, चावल की चोरियां होना और शॉर्टेज विगत कई सालों से चला आ रहा है, लेकिन रिकवरी ना हो इसलिए हम लोग बाहर से चावल खरीद कर उसकी पूर्ति करते हैं।'

**रणवीर सिंह, प्रबंधक, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन**

'हम लोगों को रात को ही पता चल गया था की चोरी हुई है, मामले की जानकारी हमारे द्वारा ही प्रबंधक को दी गई, मामले में 4 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिसमें 3 नाबालिक हैं और उन्हें दुर्ग के बाल संरक्षण के लिए भेजा गया है।'

**जीएस ठाकुर,** थाना प्रभारी, बालोद

## भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण पर निगम ने की कार्रवाई





पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम के जोन-1 की टीम ने भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण की शिकायत पर वार्ड-7 फरीदनगर के अंतर्गत दुर्गा नगर निवासी डॉ. रजिया परवीन के भवन की नापजोख किया।

अनुमोदित नक्शा का उल्लंघन कर बनाई गई अतिरिक्त निर्माण को स्वयं हटा लेने की कहा। अतिरिक्त निर्माण को नहीं हटाए जाने पर निगम प्रशासन की ओर से तोड़फोड़ किए जाने की चेतावनी दी गई। निगम से वार्ड-7 दुर्गा नगर में सतनाम भवन के सामने डा रजिया परवीन को अनुज्ञा जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने अनुज्ञा का उल्लंघन करते हुए फ्रंट, साइड और बैक साइड में अतिरिक्त निर्माण कर लिया है। इसकी मोहल्ले के लोगों ने शिकायत की है।

शिकायत के आधार पर जोन-1 आयुक्त सुनील अग्रहरि के निर्देश पर भवन अनुज्ञा विभाग के अभियंता अनिल सिंह एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे की टीम ने दुर्गा नगर सतनाम भवन के सामने निर्मित मकान का नापजोख किया।

**हेमचंद यादव विवि प्रशासन ने स्नातकोत्तर की कक्षाओं एमए, एमएससी, एमकॉम तथा अन्य के परीक्षा की घोषणा की**

# परीक्षा शुल्क कम करने सांसद प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बालोदा
www.dailypioneer.com



शासकीय महाविद्यालय बालोद के सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज साहू ने कलेक्टर जनमेजय महोबे के माध्यम से मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री के नाम महाविद्यालयीन स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की परीक्षा शुल्क के समस्या के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में मोरध्वज साहू ने उल्लेख किया कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातकोत्तर की कक्षाओं एमए, एमएससी, एमकॉम तथा अन्य के परीक्षा की घोषणा कर दी है तथा परीक्षा फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दिया गया है। परन्तु इस इस वर्ष स्नातकोत्तर (पीजी) के विद्यार्थी अपने घर से ही प्रश्नों का उत्तर लिखकर अपने महाविद्यालय में जमा कर देंगे। ऐसी स्थिति में जब विद्यार्थी अपने घर से ही परीक्षा दिलाएंगे तो क्या उनसे परीक्षा शुल्क के नाम पर 1100-1300 तक कि राशि वसूल करना उचित होगा। विद्यार्थी महाविद्यालय के परीक्षा भवन, टेबल कुर्सी, स्टेशनरी, पानी, वीक्षक, बिजली जैसी सुविधाओं का उपभोग नही कर रहे हैं। तो उनसे यह शुल्क लेना बिल्कुल उचित नही होगा। विश्वविद्यालय इन परीक्षा शुल्कों के बदले में विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित सुविधाएं मुहैय्या कराती है। लेकिन आदेश के अनुसार विद्यार्थी अपने घर से ही परीक्षा देंगे।

अर्थात वे विश्वविद्यालय की सुविधाओं का उपभोग नही करेंगे। आज देश के साथ साथ हमारा छत्तीसगढ़ राज्य भी कोरोना की चपेट में है जिसके चलते महीनों राज्य को पूर्ण रूपेण बंद रखा गया। सारे व्यवसाय बंद रखे गए जिससे मध्यम एवं निम्न वर्गीय परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है तथा हमारे जिले के समस्त महाविद्यालयों में अधिकांश विद्यार्थी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोग हैं। आदिवासी अंचल के हैं जिनका परिवार मेहनत मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते हैं। तो इस समय उच्च शिक्षा हेतु अनावश्यक परीक्षा शुल्क वसूल करना गरीब विद्यार्थियों को परेशान करने जैसा होगा। मोरध्वज ने छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि परीक्षा शुल्क को कम से कम करने हेतु पुनः विचार करें तथा समस्या की गंभीरता को समझते हुए जल्द निराकरण करें।

## पूजा अर्चना कर दीप उत्सव मनाया गया



**बेमेतरा।** जय जय श्री राम सेवा समिति कोबिया बेमेतरा के नेतृत्व मे प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर समिति द्वारा दीप उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य शामिल हुए समिति संयोजक कमलेश वर्मा ने कहा कि 5 अगस्त बहुत ही खुशी का दिन है।

इस दिन को दिवाली के रूप में दीप उत्सव मना रहे संयोजक कमलेश वर्मा, समिति अध्यक्ष पदुम वर्मा उपाध्यक्ष राजा वर्मा, कोषाध्यक्ष सुखेन वर्मा, नरेंद्र वर्मा,शिव प्रताप वर्मा,मनीष यादव , डोमन पाल, देवनाथ पाल, संतोष वर्मा,पार्षद साघे लाल बघेल,निलेश( नानु) वर्मा राजकुमार,उतम वर्मा,परमेश्वर वर्मा एवं भक्त शामिल हुए।

## देव वाणी संस्कृत भाषा को हिन्दी भाषा के साथ भारत का राष्ट्रभाषा बनाने प्रधानमंत्रीं के नाम पोस्टकार्ड अभियान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण समाज छत्तिसगढ़ के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणि पांडेय ने बताया की पुरे ब्रम्हाण्ड की प्रचीन सम्पर्क भाषा देववाणी संस्कृत भाषा को भारत के हिन्दी राष्टभाषा के समकक्ष राष्टभाषा की दर्जा देने की माँग प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ से 1लाख पोस्टकार्ड भेजकर करेगी,, उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु के शिखर तक पहुँचाने के लिये प्रधानमंत्री द्वारा धर्म अध्यात्म के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास वन्दनीय है, आज नासा के वैज्ञानिकों सहित पुरे विश्व में संस्कृत भाषा के माध्यम से नवीन शोध कार्य किये जा रहे हैं वही नास के वैज्ञानिकों ने बताया है कि दुसरे ग्रहों में भेजे जाने वाले उपग्रहों में सम्पर्क भाषा के रुप संस्कृत भाषा के प्रयोग से ही सूचनाओ का आदान प्रदान सम्भव हो पाया है जबकि अंग्रेज़ी भाषा के शब्द उपग्रह में पहुचने के बाद उल्टे हो जाते थे, आज भारत को एक श्रेष्ठ भारत बनाने के दिशा में संस्कृत को राष्ट भाषा का दर्जा एतिहासिक कदम होगा, आज भी भारत के दक्षिण प्रांतो के निवासी हिन्दी भाषा का विरोध करते है वही अधिकांश उत्तर भारतीय उर्दू भाषा की वकालत करते हैं साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्रो में प्रांतीय भाषा का प्रयोग जिस देश में राष्ट्र भाषा को लेकर मत भिन्नता हो वही भारत की प्रचीन भाषा संस्कृत पुरे विश्व को स्वीकार्य है।

अनेक संस्कृत के विश्वविद्यालय दुनिया भर में चल रहें है दुनिया की निगाहे जिस 6th 7th जनरेशन की सुपर कम्प्युटर पर टिकी है उसके साफ्टवेयर के सम्पर्क भाषा होगी अगर भारत के अध्यात्म विज्ञान को समझना है भारत को विश्वगुरु के शिखर तक पहुँचाने में संस्कृत की अनिवार्यता जरुरी है।

## क्विक न्यूज

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रायगढ़ का गठन

**रायगढ़।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं के द्वारा स्कूल संबंधी गतिविधियों के संचालन और समन्वय के लिए जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का गठन किया है। सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि समय समय पर आने वाली विभिन्न विषयों, समस्याओं, बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्यों को प्राप्त करने, शिक्षा के अधिकार से संबंधित चर्चा करने, स्कूलों से संबंधित प्रशिक्षण और सभी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष पद पर आदर्श ग्राम्य भारती के विजय अग्रवाल को मनोनित किया गया है। विजय अग्रवाल ने कहा कि आगे भी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। गुरूवार को हुई बैठक में जिंदल स्कूल के आरके त्रिवेदी, एरिसेंट स्कूल से गुरूपाल भगा, हरमित घई, डीपीएस वर्ल्ड स्कूल से कमल अग्रवाल, साधुराम विद्यामंदिर से ध्रुव अग्रवाल, इंडियन स्कूल से अजय अग्रवाल, डीपीएस के सहज अग्रवाल, संस्कार पब्लिक स्कूल से रामचंद्र शर्मा आदि शामिल हुए थे।

### कामकाजी महिलाओं के लिए आवासगृह का होगा संचालन

**मुंगेली।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कश्यप ने आज यहां बताया कि व्यवसायिक प्रतिबद्धताओं के कारण अपने परिवार से दूर रहने वाले कामकाजी महिलाओं के लिए 100 बिस्तर वाले आवासगृह (छात्रावास) का संचालन किया जाएगा। इस हेतु स्वंय सेवी संगठनों, संस्थाओं अथवा एंजेन्सियों से 20 अगस्त को समय 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रस्तुत किये जा सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय के सूचनापटल और जिला के वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

### कैट के उपाध्यक्ष शंकरलाल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के व्यापारियों की प्रतिष्ठित संस्था कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल ने 6 अगस्त को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति डॉक्टर सुभाष सिंह राज को संगठन की ओर से ज्ञापन प्रेषित कर आगामी 6 अगस्त के बाद व्यापार की स्थिति को देखते हुए लॉकडाउन ना बढ़ाने की अपील की है, तथा कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कैट के द्वारा राज्य स्तर पर की गई पहल के अनुसार एसडीएम से आग्रह किया है कि वर्तमान समय में व्यापार की स्थिति को देखते हुए लॉक डाउन ना बढ़ाया जाए तथा सभी प्रकार के व्यापार को एक समय सीमा में कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित करते हुए पहल की जाए जिससे व्यापारियों को भी राहत मिल सके।

# जी जी हुक्काबार में निगम व प्रशासनिक टीम का छापा

## नाबालिग लड़के लड़कियों का ग्रुप पकड़ाया, दर्जनों हुक्का, सिगरेट भी हुआ जब्त, हुक्का बार हुआ सील

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com



स्थानीय कोतरा रोड दशरथ पान ठेला के समीप बीते एक साल से अधिक समय से संचालित हो रहे जी जी हुक्काबार में गुरूवार की शाम फिर से छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें बड़े पैमाने में कोविड कोरोना के लॉकडाऊन के बाद भी हुक्का व चाय नाश्ता के साथ-साथ डीजे का संचालन पाए जाने के अलावा एक दर्जन से भी अधिक नाबालिग लड़के लड़कियों की उपस्थिति भी पाई गई। एक घंटे की कार्रवाई के बाद छापामार टीम ने हुक्काबार के भीतर से एक दर्जन से भी अधिक हुक्का पॉट, कई पैकेट सिगरेट के अलावा अन्य सामान जब्त किया।

यह कार्रवाई गुरूवार की देर शाम नगर निगम के उपायुक्त पंकज मित्तल एवं राजस्व विभाग के अधिकारी विक्रांत सिंह राठौर एवं उनके साथ श्रीमती अग्रवाल की उपस्थिति में की गई। उसके बाद हुक्कबार को सील करते हुए मामला सिटी कोतवाली को सौंपा गया।

विदित हो कि लंबे समय से शहर के कोतरा रोड में अवैध ढंग से संचालित जी जी हुक्काबार में छापामार कार्रवाई करके संचालक पर कोविड 19 लॉकडाऊन के उगंघन संबंधी धाराओं के अलावा अन्य धाराओं के तहत शिकायत दर्ज की गई है। यहां यह बताना लाजमी होगा कि नवीन फरमानिया व उनकी टीम प्रशासन के नाक के नीचे दिन व रात हुक्काबार का संचालन किया जाता रहा है। जिसमें शहर के बिगड़ैल रहिसों के युवक व युवतियां शामिल होते रही हैं। जानकार सूत्र यह बताते हैं कि इस हुक्काबार के अंदर नाबालिग युवक-युवतियां बड़े आराम से हुक्का का सेवन करते हुए डीजे की धून पर थिरकती हैं। सिगरेट व अन्य नशीले पदार्थो का खुलेआम सेवन होनें की भी शिकायतें पुलिस तथा प्रशासन को मिलती रही थी। गुरूवार की शाम लॉकडाऊन का पालन कराने के लिए निकली जिला प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम ने जब कैफे बार में भीड़ देखी तब वहां लॉकडाऊन का खुला उगंघन पाया गया। एक दर्जन से भी अधिक नाबालिग लड़के लड़कियां नाचते के साथ हुक्का के साथ भी दिखे। जिस पर तत्काल प्रशासनिक व नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए संचालन नवीन फरमानिया व उनके सहयोगियों के बयान दर्ज करते हुए वहां से दर्जनों हुक्का पॉट एवं सिगरेट आदि जब्त कर बार को सील कर दिया है। वहां उपस्थित सभी युवक-युवतियों के भी नाम व पते नोट किए गए हैं। इस छापामार कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग व नगर निगम की टीम ने सिटी कोतवाली पहुंचकर जब्त किए गए सामान को थाना प्रभारी एसएन सिंह को सौंपते हुए लॉकडाऊन का उगंघन करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई है और मामले में पुलिस ने धारा 188 के अलावा अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था का अवलोकन




पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी. एस. के निर्देश पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में चल रहे शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था का लगातार अवलोकन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था का अवलोकन करने जिले के ग्राम जरहागांव पहुँचे और वहां कोविड-19 के संबंध में सुझाये गये मानदण्डों का पालन करते हुवे साधन विहीन छात्र-छात्राओं की मदद कर उनकी सतत सीखने की प्रक्रिया को रुकने न दे,बच्चो की और स्वयं की मानसिक दबाव को कम करने की समझाईश दी और शासन द्वारा सुझाये गये नवाचार जैसे लाउड स्पीकर,मोहल्ला क्लास ,बुलटू के बोल, जैसे पढ़ाई हेतु अपनाये जा रहे प्रयासों में बढ़ चढ़ कर अपनी सहभगिता निभाने का आग्रह किया । इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षकों की बैठक ली । बैठक में उन्होने विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले शिक्षको को बधाई दी । बैठक में उन्होने प्राचार्य को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भौतिक दूरी और मास्क का उपयोग करते हुवे कार्यालय खोलने, पाठ्य पुस्तकों का वितरण एवं प्रवेश का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला डी.एम.सी. व्ही. पी. सिंह ने वर्तमान परिस्थिति को जनता के बीच अपना स्वाभिमान एवं सम्मान स्थापित करने के लिए सुनहरा अवसर बताया है।

# विधानसभा अध्यक्ष महंत ने 528 लाख के कार्य स्वीकृत करने लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



स्थानीय शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत एवं गांव में सीसी रोड, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्य 103 स्थानों पर करीब 528 लाख रुपए की लागत के जिला खनिज न्यास निधि डीएमएफ फंड से करवाने हेतु जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर यशवंत कुमार को पत्र लिखकर यथाशीघ्र उपरोक्त कार्यो को स्वीकृति प्रदान करने कहा है, उल्लेखित हो की शक्ति विधानसभा क्षेत्र के करीब 103 स्थानों पर विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य होने हैं, तथा इसकी मांग स्थानीय तथा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से की गई थी, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल पहल करते हुए उपरोक्त कार्यो को स्वीकृत कराने कलेक्टर को कहा है, जिससे शक्ति विकासखंड में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में हर्ष व्याप्त है तथा लोगों ने कहा है कि क्षेत्रीय विधायक डॉ चरणदास महंत सदैव सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, वही कांग्रेस नेताओं ने भी छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के इन प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

# बैकों में ऑनलाइन फर्जीवाड़े के मामले बढ़े

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com



बैकों में इन दिनों आनलाइन फ र्जी वाडे के बढ़ते मामलों को देखते हुए जहां आम लोगों के लिए बैकों में अब पैसा रखना खतरे से खाली नजर नहीं आ रहा है वही दूसरी तरफ बैकों को इसके बारे में कोई जानकारी न हो पाना भी एक आश्चर्यजनक बात है, जिले में दिये गये बैंकों के कियोस्क शाखाओं द्वारा लगातार खाताधारकों को चूना लगाया जाना आम बात हो गई है, वही मिली जानकारी के अनुसार क्यिोस्क सेंटरों में नया खाता खुलवाने वाले ग्राहकों का आधार कार्ड भी लिंक नहीं किये जाने के चलते ग्राहकों को बार-बार उसी क्यिोस्क सेंटरों में जाने मजबूर होना पड़ रहा है, वही क्यिोस्क का नियत स्थान पर लाइसेंस लेने के बावजूद अन्य स्थानों पर संचालन को लेकर भी लोगों को परेशानिया हो रही है, जिस पर न तो बैंक प्रबंधन द्वारा कोई जांच की जाती है, और न की ऐसे सेंटरों पर अब तक कोई बड़ी कार्यवाही सामने आई है। गौरतलब हो कि जिले में इन दिनों बैंक से क्यिोस्क संचालन की अनुमति प्राप्त कर सेंन्टरों का संचालन जोर शोर से चल रहा है, एवं इनके द्वारा की जा रही गडबडियों के बावजूद भी बैंक प्रबंधन की लापरवाही पूर्ण रवैये के कारण कोई कसावट नजर नही आ रही जिसका ये सेंटर संचालक फायदा उठाने से भी बाज नही आ रहे है, ज्यादा तर ऐसे मामले जिला मुख्यालय से दूर लोरमी, वनांचल क्षेत्र, एवं पथरिया ब्लाक में देखने को मिल रहे है। विगत दिनों मिली जानकारी के अनुसार जहां एक क्यिोस्क सेंटर संचालक द्वारा खाताधारा की बिना जानकारी के उसके खाते से लगभग 18000 रू की निकासी कर दी गई जब खाते धारक को इस बात की जानकारी हुई तो सेंटर संचालक से संपर्क करने पर उसके खाते में उक्त राशि को वापस किया गया, ऐसा ही एक मामला लोरमी ब्लाक के ग्राम बुधवारा का है जिसमें खाताधारक की बिना जानकारी लगभग 35000 रू निकाल ली गई।

> इस मामले में को संज्ञान में लेकर जांच की जायेगी, साथ ही लीड बैक मैनेजर को इस बारे में अवगत कराया जायेगा, ताकि इस प्रकार हितग्राहियो के साथ इस प्रकार की कोई घटना न हो ।
>
> **-पी.एस.एल्मा**
> जिला कलेक्टर मुंगेली

# अकलतरा में विविध धार्मिक आयोजन, कार सेवकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



जय श्री राम सेवा समिति पुरानी बस्ती अकलतरा के द्वारा वार्ड क्र-10 में 5 अगस्त के ऐतिहासिक दिन जहा 500 वर्षो के लंम्बी लड़ाई के बाद श्री राम भक्तो के आस्था के केंद्र श्री राम मंदिर के लिए अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों श्री रामचन्द्र जी की भव्य मंदिर भूमि पूजन के शुभ अवसर पर वार्ड में भी विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परमेश्वरी द्वार के पास हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, उसके उपरांत मुहल्ले मे ताम्रपत्र, तोरण का वितरण किया, तथा वार्ड क्र- 11 में कैवर्त्य टेंट हाउस के सामने चौक में श्री रामचन्द्र जी की स्तुति गान किया गया।उक्त चौक को सभी की सहमति से श्री राम चौक के नाम से नामकरण किया गया। साथ ही वार्ड में निवासरत कार सेवक प्रफुल्ल देवांगन, देवांगन का नरेश केडिया एवम मनोज मिश्रा द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया तथा कीर्तन मंडली के माता बहनो ने कीर्तन भजन कर शाम 7 बजे श्री राम चौक सहित सभी रामभक्तो के घरों में दीपक जलाकर खुशिया मनाई गई मिठाई ,प्रसाद वितरण किया गया।

# निगम आयुक्त ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम रायगढ़ के आयुक्त ने शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में गुरूवार को पूरी टीम के साथ सघन निरीक्षण किया। साथ ही डोर टू डोर दस्तक देकर क्षेत्रवासियों से रूबरू होकर डेंगू के कारण एवम बचाव की जानकारियां दी।

ज्ञात हो कि बीते दिनों डेंगू के बचाव एवम जनजागरूकता के लिए कलेक्टर भीमसिंह के निर्देशन पर नगर निगम एवम स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आहूत की गई थी। जिसमें टीम बनाकर पूरे शहर में डेंगू संबंधित समस्याओं के बचाव के लिए कार्य किया जाना तय हुआ। जैसा कि 2017 में 55 केस 18 में 129 ओर 19 में 269 केस मीले थे इस आंकड़े के हिसाब से इस वर्ष 2020 में विशेषज्ञों के मत से यह और अधिक बढ़ सकता है। इसलिए नगर निगम अभी से सक्रिय होकर डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का निरिक्षण आरम्भ कर दिया है। बताया जाता है निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय अपने टीम के साथ बापूनगर, जवाहरनगर क्षेत्र में डोर टू डोर दस्तक देकर क्षेत्रवासियों से अपील किया कि घर मे रखे कूलर के पानी की नियमित साफ सफाई, पुराने टायर, गमले, डिब्बे, ड्रम आदि की सफाई करते रहे फ्रिज के पीछे जमे पानी को भी खाली करते रहे। गिला और सुखा कचरा अलग अलग कर रिक्शादीदियों को देवे। जिससे आसपास सफाई बनी रहे। बड़े गड्ढे में जमे पानी पर जला मोबिल, टेमीफास्ट, वीटोकीट डालना आदि जानकारियां साझा की। निरीक्षण के दौरान ईई अजित तिग्गा, सहा अभियंता अघरिया जी, सहा. स्वास्थ्य अधिकारी भूपेश सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक राजू पांडेय, पीआईयू प्रहलाद तिवारी उपस्थित रहे।

# पहले मां का कत्ल किया फिर शव को ड्रम में छिपाकर हुआ फरार

## बरमकेला क्षेत्र की घटना, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com

एक कपूत ने अपनी मां की हत्या कर दी और हत्या के सबूत को मिटाने के लिए मां के शव को प्लास्टिक के ड्रम में रखकर फरार हो गया। इसका खुलासा तब हुआ जब मृत महिला की बेटी तीन अगस्त को अपने भाई को राखी बांधने अपने गांव आयी। दिल दहला देने वाली यह घटना रायगढ़ जिले के बरमकेला की है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सांडा ग्राम पंचायत में रक्षा बंधन के दिन उस वक्त सनसनी फैल गयी जब ग्रामीणों ने एक महिला का शव प्लास्टिक के ड्रम में देखा।

बताया जा रहा है कि राखी का त्यौहार मनाने बहन अपने गांव आयी थी। जैसे ही वह घर पहुंची वहां न तो उसका भाई मिट्ठू दिखा न मां। सूनसान घर देखकर वह कुछ देर यही सोचती रही कि घर के लोग कहां गए। तभी घर के अंदर से एक अजीब दुर्गंध आने लगी। दुर्गंध महसूस करने के बाद वह घर के आस पास के लोगों को बुला ली और जब पड़ोसियों ने घर के अंदर खोजबीन शुरू की तो देखा कि दुर्गंध एक प्लास्टिक के ड्रम से आ रही है। जब लोगों ने ड्रम को झांककर देखा तो उनके होश उड़ गए। उस ड्रम में महिला का शव रखा था। महिला 55 वर्षीय सुखमति बाई थी। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की पड़ताल शुरू की तो महिला का हत्यारा उसी का बेटा मिट्ठू निकला। पुलिस ने खोजबीन के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# किसानों को फसल बीमा कराए जाने के लिए प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में कृषि, पशुपालन और हार्टिकल्चर विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के लिए केन्द्र और राज्य शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ जिले के सभी किसानों को मिलना चाहिए और किसानों के प्रति अधिकारियों को बहुत संवेदनशील होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना होगा। उन्होंने जिले में केवल 01 लाख 5 हजार 800 किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड)जारी होने पर चिंता व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित अग्रणी बैंक प्रबंधक को संबंधित विभागों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार सभी किसानों के केसीसी तैयार करने के निर्देश दिये तथा जिन प्रस्तावों में कोई कमी हो तो संबंधित विभागों के अधिकारी, बैंक से समन्वय स्थापित कर त्रुटियों को दूर करने को कहा। कलेक्टर ने जिले के ऋण लेने वाले किसानों द्वारा खरीफ और रबी की फसलों के लिए को-ऑपरेटिव बैंक तथा अन्य बैंकों से लिए गए ऋण का संख्यात्मक विवरण भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।


**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सुकमा, संभाग, सूकमा**

क्रमांक - 1985/NIT-7/2020-2021/व.ले.लि. दिनांक : 06.08.2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - - 20.08.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - - 27.08.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 28.08.2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) - A, 750.00
निविदाकारों की श्रेणी - ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक
कार्य की अवधि - 03 माह वर्षा ऋतु सहित

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम NaOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी (रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 7 T0027 | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL BACK SIDE AT INSPECTION HUTMENT DORNAPAL प्रथम आमंत्रण | 3.30 5000.00 99000.00 |
| 7 T0028 | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL RIGHT SIDE AT INSPECTION HUTMENT DORNAPAL प्रथम आमंत्रण | 4.90 5000.00 147000.00 |

**नोटः**-निविदा प्रपत्र की कीमत की राशि डी.डी. के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को ही स्वीकार कि जावेगी एवं निविदा आवेदन तिथि के पश्चात् की डी.डी. अमान्य होगी।
**नोटः**-निविदा जावक क्रमांक 1276 त्रुटिवश के स्थान पर जावक क्रमांक 1985 सही है।
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**सुकमा संभाग सुकमा**

जी-82869/3


## पेज 1 के शेष...

### नई शिक्षा नीति से नए भारत की ...

नयी शिक्षा नीति में ऐसा प्रावधान किया गया है कि छात्रों को ग्लोबल सिटीजन बनाने के साथ साथ उनको अपने जड़ों से भी जोड़कर रखना है। श्री मोदी ने कहा कि बच्चों के घर की बोली और स्कूल में सीखने की भाषा एक ही होनी चाहिए ताकि बच्चों को सीखने में आसानी हो। पांचवीं कक्षा तक बच्चों को जहां तक संभव हो उनकी मातृभाषा में ही शिक्षा देने की व्यवस्था हो। अभी तक शिक्षा नीति %व्हाट टू थिंक के साथ आगे बढ़ रही थी, अब हम लोगों को हाउ टू थिंक पर जोर देंगे। बच्चों पर किताबों का बोझ कम करना होगा। उच्च शिक्षा को स्ट्रीम से मुक्त करना होगा। श्री मोदी ने कहा देश में ऊंच-नीच का भाव, मजदूरों के प्रति हीन भाव क्यों पैदा हुआ। इसके पीछे बड़ी वजह शिक्षा का समाज से लगाव नहीं होना रहा है। इस नयी शिक्षा नीति में इस पर भी विशेष जोर दिया गया है।

### पहली बार एक दिन में 62 ...

पर पहुंच गयी है और मृत्यु दर 2.05 प्रतिशत है। स्वस्थ होने वालों की दर में निरंतर हो रही वृद्धि के बावजूद संक्रमण के नये मामले बढ़ने से देश में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों में 11,883 की बढ़ोतरी हुई जिससे इनकी संख्या 6,07,384 हो गयी है। बिहार में सबसे ज्यादा 18 87, आंध्र प्रदेश में 1740 और उत्तर प्रदेश में 1681 सक्रिय मामले बढ़े हैं वहीं तमिलनाडु में सर्वाधिक 698, नागालैंड में 52 और झारखंड में 32 सक्रिय मामले घटे हैं।

### कोरोना से विश्व में 1.90 करोड़ ...

में 19,021,922 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 713,813 लोगों की मृत्यु हुई है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से अब तक 4,882,270 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं तथा 160,091 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्राजील में अब तक 2,912,212 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 98,493 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों में 49,769 लोग स्वस्थ हुए तथा 886 की मृत्यु हुई। इसके साथ ही देश में कोरोना से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 20,27,074 तथा मृतकों का आंकड़ा 41,585 हो गया है।

### केरल में भूस्खलन से 13 ...

एक अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान के तहत लोगों को विमान के जरिये निकालने की कोशिशें भी खराब मौसम के कारण फिलहाल कामयाब नहीं हो पा रही हैं। पड़ोसी जिले के अस्पतालों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

शुरुआती घंटों में पुलिस या राजस्व विभाग के अधिकारी घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाए थे क्योंकि कल रात इलाके को जोड़ने वाला पेरियावरम पुल बाढ़ में नष्ट हो गया था। मुन्नार से लगभग 30 किलोमीटर दूर यह भूस्खलन हुआ लेकिन क्षेत्र के खराब बुनियादी ढांचे के कारण बचाव अभियान में देरी हुई।

### मानसून सत्र : विपक्ष कोरोना ...

जगह में यह बात सामने आया है कि लोगो को खाना , रहने मे दिक्कत जैसे परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इतने सालों में विकास कार्यो को लेकर एक भी योजना नहीं बना पाई है। जिससे प्रदेश के लोग हताश एवं निराश हैं।

### प्रदीप जोशी यूपीएससी ...

से पहले वे इंदौर में मध्यप्रदेश पीसीएसी के चेयरमैन रहे। वे मई 2015 में यूपीएससी में सदस्य के रूप में शामिल हुए थे। यह पहला मौका होगा, जब छत्तीसगढ़ से जुड़े किसी शिक्षाविद को यूपीएससी जैसे प्रतिष्ठित भरती आयोग का प्रमुख बनाया गया हो। संघ लोक सेवा आयोग देश में विभिन्न नौकरशाही पदों के लिए प्रतिवर्ष सिविल सेवा परीक्षा का आयोजित करता है। यह परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाती है। ये तीन चरण प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार हैं। उम्मीदवारों का चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय विदेश सेवा और अन्य ग्रेड ए और बी स्तर सेवाओं के अधिकारियों के रूप में किया जाता है। हाल ही में आयोग ने आधिकारिक वेबसाइट पर 829 पदों के लिए परिणाम जारी किया।

### नाबालिग से छेड़खानी ...

अजय यादव को कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिसके बाद खमतराई थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपित कन्हैया निषाद को धारा 354 और पास्को एक्ट की धारा 8,12 के तहत गिरफ्तार किया। खमतराई थाना प्रभारी संजय पुढीर ने बताया कि पीड़िता की मां की रिपोर्ट के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है, आरोपी उसी अस्पताल का स्वच्छता कर्मी है। मामले में गायत्री अस्पताल के संचालक डॉ. अरूण मढ़रिया ने कहा कि घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों की काउंसिलिंग की गई है। घटना के संबद्ध से पूछा तो उसका कहना था कि कोई गलत इरादा नहीं नहीं था, उसे बेटी समझकर मैंने गाल टच किया था।

## क्विक न्यूज

### 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**मुंगेली।** राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पी.एस एल्मा ने जिले की समस्त देशी मदिरा सीएस-2, विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1(घघ) की फुटकर दुकानों तथा भंडारण मद्य भण्डागार को बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाठिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण का आयात निर्यात एवं परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किये जाने हेतु आदेशित किया है।

### स्वंतत्रता दिवस को 'गढकलेवा' का होगा शुभारंभ

**मुंगेली।** कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने बताया कि स्वंतत्रता दिवस 15 अगस्त को तहसील कार्यालय के सामने निर्मित बिहान बाजार में छत्तीसगढ़ी व्यंजन विक्रय स्टॉल ''गढकलेवा'' का शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी व्यंजन विक्रय स्टॉल ''गढकलेवा'' संचालन महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर एल्मा ने जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी नुपूर राशि पन्ना को छत्तीसगढ़ी व्यंजन विक्रय स्टॉल ''गढकलेवा''का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### लोकवाणी की आगामी कड़ी का प्रसारण 9 को

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 9वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 9 अगस्त रविवार को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार न्याय योजनाएं, नयी दिशाएं विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे।

### लोकवाणी की आगामी कड़ी का प्रसारण 9 को

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 9वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 9 अगस्त रविवार को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार न्याय योजनाएं, नयी दिशाएं विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चौनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

# गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने राज्य स्वच्छ भारत मिशन देगा पुरस्कार

## प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com

गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. फ़रिहा आलम सिद्की ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए चयनित ग्राम पंचायतों और प्रतिभागियों को गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को पुरस्कृत करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के तहत 15 श्रेणियों में दिए जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा की गई है। खुले में शौचमुक्त हो चुके गांवों में इसका स्थायित्व बरकरार रखने, समुदाय की सहभागिता और लोगों में साफ-सफाई की अच्छी आदतों को प्रेरित करने ये पुरस्कार दिए जा रहे हैं। स्वच्छता को बढ़ावा देने अलग-अलग स्तरों पर अलग-अलग तरह के बेहतर काम करने वाले विभिन्न वर्गों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रतिभागियों के बीच इन पुरस्कारों के लिए स्वस्थ



प्रतिस्पर्धा से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की आदतों और व्यवहार में दीर्घकालिक बदलाव लाने में मदद मिलेगी। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा महिलाओं एवं किशोरियों में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने में भी इससे सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि मिशन द्वारा इस प्रोत्साहन से ग्रामीणों में स्वच्छता की उत्कृष्ट स्थिति प्राप्त करने और उसे लगातार बनाए रखने की जागृति पैदा होगी। चयनित विजेताओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 02 अक्टूबर को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के तहत स्वच्छ सुंदर शौचालय पुरस्कार के प्रत्येक विजेता हितग्राही को 5001 रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर दस-दस हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। 'स्वच्छ सुंदर सामुदायिक शौचालय पुरस्कार' जिला एवं राज्य स्तर पर दिए जाएंगे। जिला स्तर की विजेता ग्राम पंचायत को 21 हजार रूपए और राज्य स्तरीय विजेता पंचायत को एक लाख रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सेग्रिगेशन शेड के लिए चयनित ग्राम पंचायत को एक लाख रूपए दिए जाएंगे। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए दो श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया जाएगा।

जिला स्तर की विजेता पंचायत को 21 हजार रूपए और राज्य स्तरीय विजेता को 51 हजार रूपए के पुरस्कार से नवाजा जाएगा। विद्यार्थियों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने स्कूलों के माध्यम से उत्कृष्ट निबंध सृजन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर पूर्व माध्यमिक और हाईस्कूल दो अलग-अलग वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता के दोनों वर्गों के विजेताओं को 21 हजार रूपए, 11 हजार रूपए और पांच हजार रूपए के क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर आयोजित उत्कृष्ट नारा लेखन प्रतियोगिता के तीन विजेताओं को 21 हजार रूपए, 11 हजार रूपए और पांच हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

'दीवार लेखन प्रतियोगिता' के तहत जिला स्तर पर स्वच्छाग्रही या स्वसहायता समूह के प्रतिभागियों द्वारा दस सर्वश्रेष्ठ लेखन को प्रत्येक को पांच हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तरीय विजेता को 21 हजार रूपए और राज्य स्तरीय विजेता को एक लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत काम कर रहे स्वसहायता समूहों में से उत्कृष्ट स्वच्छाग्रही समूह पुरस्कार के जिला स्तरीय विजेता को 21 हजार रूपए एवं राज्य स्तरीय विजेता को 51 हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट बायोगैस संयंत्र पुरस्कार की विजेता ग्राम पंचायत को 51 हजार रूपए दिए जाएंगे।

# अड़भार में मना राम मंदिर आधारशिला स्थापना का पर्व उल्लास के साथ

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

भगवान श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या में 500 वर्षों बाद बनने वाले मंदिर को लेकर पूरे मालखरौदा क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों के गली मोहल्लों सर्व हिंदू समाज में अभूतपूर्व उत्साह का वातावरण देखने को मिला, 5 अगस्त दिन बुधवार का दिन अद्भुत अविस्मरणीय, अयोध्या नगरी में श्री राम मंदिर निर्माण का भूंमि पूजन में प्रधानसेवक नरेन्द्र दामोदर दास मोदी साथ मे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, यूपी के राज्यपाल आनंदी बेन, नृत्य गोपाल दास महाराज एवं देश के कोने कोने से साधु महात्मा ऋषि मुनि और देश के कोने कोने से लाये गए जल से भूमि पूजन किया गया, 5 दशक के लंबे इंतजार खत्म होने के श्री रामलला के भव्य मंदिर निर्माण के खुशी में पूरे हिन्दुस्तान में हर जाति सम्प्रदाय के लोगो मे जो उत्साह खुशी देखने को मिला हर घर हर मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाये।

इसी कड़ी में मां अष्टभुजी की पावन नगरी अड़भार के श्रीराम मंदिर में भी दीप प्रज्वलित महाआरती कर प्रसाद



वितरण किया गया।

इसी तरह मालखरौदा ब्लॉक सहित अंचल में गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों मंदिरों में भगवान राम के जयकारे लग रहे थे। लोग पूजा-अर्चना में लीन थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं तथा सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अपने अपने घरों व गली मोहल्लों में भगवा ध्वज भी लहराया कहीं हनुमान जी के मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तो कहीं अपने अपने घरों में श्री राम जी के तैल चित्र पर पूजा स्थल अपने कार्यस्थल गली मोहल्लों में श्रीराम के जयकारों के साथ दीप प्रज्वलित पूजा पाठ और आतिशबाजी तथा भ्रमण करते नजर आए । वही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों चौक चौराहा तथा मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सक्ती के जागरण पत्रिका प्रमुख भूपेन्द्र कुमार गबेल, अड़भार नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामानुज साहू, अड़भार भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, महामंत्री कमलेश साहू, बसन्त धीरज, नितिन कुमार शुक्ला, घनश्याम देवांगन, विजय श्रीवास, रमेश देवांगन, भोला श्रीवास, साखन दास महंत, सुखदेव कटकवार, नागेंद्र पटेल, सुशील यादव सहित गणमान्य नागरिक व सर्व हिदू समाज एक साथ भगवान श्री राम चन्द्र जी के भव्य मंदिर निर्माण के साक्षी बने।

# रायगढ़ जिले में कोरोना से एक और मौत

**रायगढ़।** रायगढ़ में गुरूवार को एक और व्यक्ति की कोरोना से मौत हो गई है। यह जिले में अब तक तीसरी मौत है जिसे कोरोना भी था। हालांकि स्वस्थ विभाग के अनुसार मरीज को पहले से सांस लेने में दिक्कत के साथ-साथ निमोनिया था। बुधवार को उसे जिंदल फोर्टिज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां कोरोना टेस्ट पॉजिटिव पाया गया था। मृतक जिले के धरमजयगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है जिसकी उम्र करीब 65 वर्ष थी। जिला मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने बताया कि मरीज को गुरूवार को अस्पताल लाया गया था। उसे सांस सम्बन्धी परेशानी क्रिटिकल स्टेज में थी। उसे रायपुर रेफेर किया गया था। जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### धरमजयगढ़ में कोरोना से पहली मौत, पूरे शहर में दहशत का माहौल

धरमजयगढ़ में भी कोरोना के कई मरीज मिले हैं, लेकिन गुरूवार को कोरोना से पहली मौत की खबर आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक एक प्रतिष्ठित स्थानीय व्यवसाई को कई दिनों से सर्दी खांसी होने पर स्थानीय स्तर पर ईलाज करा रहे थे, लेकिन ठीक नहीं होने पर इलाज के लिए जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ ले गए थे। जहां इलाज के दौरान कोरोना टेस्ट किया गया। जिसमें पॉजिटिव आया था, लेकिन ईलाज के दौरान तबीयत में कोई सुधार नहीं होने के कारण रायपुर रिफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिसकी खबर मिलते ही नगर में दहशत का माहौल बन गया है। क्योंकि उक्त व्यवसायी का कोई ट्रेवल हिस्ट्री नही है। फिलहाल स्थानीय प्रशासन कॉन्टेक्ट हिस्ट्री खंगालने में जुटी है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने श्रीराम मंदिर शिलान्यास पर्व मनाया



**सक्ति ।** रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच की नई नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के द्वारा 05 अगस्त ऐतिहासिक दिवस को शाम पाँच बजे के क़रीब भगवान रामचंद्र जी का पूजन आरती कर आतिशबाज़ी की गई लड्डू बाँटे गए, सदस्यों के केशरिया बाना पहने छटा देखते ही बनती थी।सभी ने हर्ष और उल्लास के साथ दीप जलाकर उत्सव के रूप में इस दिवस को मनाया व संकट-मोचन हनुमानजी के मंदिर में जाकर नई कार्यकारिणी ने माथा टेका व प्रभु का आशीर्वाद लिया, इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल अग्रवाल सभा रायपुर के संरक्षक रामजीलाल अग्रवाल, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के प्रमुख मार्गदर्शक अशोक अग्रवाल, हरीश अग्रवाल,राधेश्याम अग्रवाल राजू, राजेश केडिया, दीपक अग्रवाल, नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक मनोज अग्रवाल, महामंत्री नारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष कमल गुप्ता,कोषाध्यक्ष कैलाश छापढ़िया, योगेश शर्मा हेमंत तिवारी पवन सोनी आशुतोष शर्मा उमेश सिंघानिया, त्रिपत जैन, सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

# पुलिस ने दो शराब कोचियों से 96 पौवा और बाइक जब्त किया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भगत सिंह वार्ड में अवैध रूप से शराब बेचने की लगातार शिकायत मिल रही थी। टीम गठित कर आने जाने वाले क्षेत्र में दबिश देकर गोपाल गौशाला के पीछे गली नयापारा वार्ड में मोटर साइकिल को रोका तो दो व्यक्ति शराब व मोटर साइकिल को छोड़कर भाग गए। मौके पर से दो खाखी कलर के कार्टून में 96 पौवा मध्य प्रदेश विक्रय वाली देशी मसाला शराब और बिना नंबर के मोटर साइकिल को जब्त कर कार्यावाही किया गया। मोटर साइकिल के चेसिस नंबर के आधार पर सरगरमी से अज्ञात आरोपी लोग का पता तलाश किया गया तो छोटू गेंडरे पिता तेजीराम गेंडरे उम्र 21 साल पता महासती वार्ड भाटापारा, शत्रुहन उर्फ सोनू बंजारे पिता गंगाराम बंजारे उम्र 21 साल पता भगतसिंह वार्ड भाटापारा को पूछताछ किया गया जो बताया कि अन्य साथी लोग के कहने पर भगत सिंह वार्ड में शराब बिक्री करवाते है साथी लोग के द्वारा ही शराब उपलब्ध कराया जाता है बिक्री के लिए लाते समय पुलिस को देखकर मोटर सायकल व शराब को छोडकर भाग जाना बताए । दूसरे राज्य के शराब परिवहन करने व रखने के संबंध में किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं पेश किया, दोनो कोचिया को भागते हुए देखे उन गवाहों से पहचान कराया गया जो छोटू गेंडरे व शत्रुहन उर्फ छोटू बंजारे को मोटर सायकल व शराब छोड़कर भागते देखना बताए । दोनों कोचिया के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया । शेष चार के विरूद्ध पता तलाश कर वैधानिक कार्यावाही की जाती है।

# संक्रमित मरीजों की संख्या हुई 434, 3 नये मरीज़ों की पहचान, 8 हुए स्वस्थ

**भाटापारा।** जिले में कोरोना के 3 नये मरीज़ों की पहचान की गई है। जिसमें से सभी मरीज भाटापारा नगर से हैं। इसमें से एक मरीज महावीर वार्ड एवं दूसरा मरीज रेल्वे स्टेशन वार्ड से हैं। तीसरा मरीज भी नगर से ही वह अपने अन्य स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं को लेकर मेकाहारा हॉस्पिटल रायपुर में चेकअप के लिये गयी थी। इस दौरान कोरोना टेस्ट कराया गया तो पोजेटिव निकला।

अभी यह मरीज मेकाहारा में भर्ती हैं। अन्य दोनों मरीज को जिला कोविड हॉस्पिटल लाया जायेगा। आज मिले सभी मरीज़ों को मिलाकर जिले में कोरोना संक्रमित मरीज़ों की संख्या बढ़कर 434 तक पहुंच गई है। इनमें से इलाज़ के बाद 361 मरीज़ स्वस्थ हो गए हैं। इस प्रकार एक्टिव मरीजों की संख्या 72 हो गयी हैं। साथ ही आज जिला कोविड हॉस्पिटल से 8 मरीज स्वस्थ होकर वापस घर लौटे है।

# जूदेव परिवार ने भी मनाया दीप जलाकर राम मंदिर शिलान्यास का पर्व

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन पर भाजपा के कद्दावर नेता,चन्द्रपुर के पूर्व विधायक,पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉरपोरेशन व पूर्व संसदीय सचिव युद्धवीर सिंह जूदेव व चंद्रपुर विधानसभा की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संयोजिता सिंह जूदेव ने अपने घर में दीप प्रज्वलित कर श्री राम मंदिर भूमि पूजन के साक्षी बने । भाजपा के कद्दावर नेता युद्धवीर सिंह जूदेव ने अपने निवास पर दिन में पूजन-पाठ का कार्यक्रम रखा और शाम को दीप जलाकर इस ऐतिहासिक दिवस का उत्सवपूर्वक



स्वागत किया। जूदेव ने अपने निवास पर ही अयोध्या में बुधवार को हुए भूमिपूजन व शिलान्यास कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण भी देखा।जूदेव ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि श्री मोदी के संबोधन में देश के लिए एक विशेष संदेश भी था कि एक सशक्त राष्ट्र ही शांति और सुरक्षा दे सकता है। रामचरित मानस के दोहे की एक पंक्ति 'बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति' का उल्लेख कर प्रधानमंत्री मोदी ने देश और विश्व को संदेश दे दिया है कि भारत अब स्वाभिमान, समृद्धि और शक्ति संपन्न आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में विश्व को नेतृत्व देने की दिशा में बढ़ चुका है।

जूदेव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस मौके पर हुए संबोधन में भारत की सत्य-सनातन परंपरा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा और सर्वधर्म समभाव के भारतीय तत्व चिंतन की चर्चा को समयानुकूल बताया और कहा कि भव्य राम मंदिर निर्माण के शुभारंभ की बेला कोटि-कोटि हिन्दुओं की आकांक्षाओं की विजय का पर्व और सैकड़ों वर्षों की गुलामी के कलंक के धुलने की अविस्मरणीय बेला है।

# फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

**बलौदाबाजार।** छ.ग. अधिकारी /कर्मचारी फेडरेशर जिला शाखा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा 7अगस्त



को नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा का स्वागत कर पदस्थापना पर बधाई दी। फेडरेशन के जिला संयोजक रामलाल साहू, कोषाध्यक्ष डॉ एल.एस.ध्रुव, खोडस कश्यप, चंद्रशेखर ध्रुव, नीरज तिवारी, तुलसी वर्मा, प्रकाश तिवारी, एम.एल.साहू. अमृत लाल भारद्वाज, रामकुमार साहू, बी.एल.चंद्राकार, पंचराम साहू, सुरेश कुमार यदु, ओमप्रकाश वैष्णव, टिकाराम साहू, संतोष दास मानिकपुरी, रूखमण सिंह सरदार, जांति लाल कुर्रे आदि उपस्थित थे। उक्त प्रेस विज्ञप्ति कोषाध्यक्ष डॉ एल.एस.ध्रुव द्वारा दिया गया।

# पढाई तुँहर दुआर के अन्तर्गत गांव में लग रही क्लास सराहनीय

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिल शिक्षा विभाग द्वारा ऑफ लाईन क्लास पारा मोहल्लों में जाकर खाली मैदान में पढ़ाया जा रहा है। शिक्षकों का सहयोग पढ़ाई के लिए बच्चों को बहुत ही उम्दा मिल रहा है। विश्व में फेल रहे कोरोना महामारी के संकट काल में बड़े बड़े संस्थान, यातायात, मॉल, जिम, और स्कूल भी बंद हो गए है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर काफी असर पड़ रहा है, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में पढ़ई तुँहर दुआर के साथ ही बच्चे एवं शिक्षक सोसल डिस्टेंन्स का पालन करते हुए मास्क लगाकर पढ़ाई कार्य करवाया जा रहा है। माकड़ी वि.ख. में ग्राम पंचायत मगेदा के जनप्रतिनिधि स्कूल बंद होने से काफी चिंतित है, व बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए जोकि बहुत बड़ी समस्या दिख रही है,



समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन के साथ सामंजस्य बैठाकर, सरपंच छेदीलाल नेताम के सहयोग से एवं शिक्षक रमेश प्रधान, गजेंद्र दमक, कु. पदमा नेताम, सन्तोष कोर्राम, निराकार कश्यप के व्दारा कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं के छात्रों को पारा मोहल्ला मे जाकर पढाई तुँहर दुआर के अन्तर्गत क्लास लिया जा रहा है जो काफी सराहनीय है।

### सारंगढ़ विधायक सहित वन विभाग के उगाधिकारी भी थे मौजूद, प्लांटेशन में गड़बड़ी को लेकर की गई थी उगास्तरीय शिकायत

# सारंगढ़ प्लांटेशन में गड़बड़ी की जांच में पहुंचे पूर्व मंत्री

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

राज्य कैंपा मद अंतर्गत क्षतिपूर्ति असिचिंत मिश्रित प्रजाति का पौधरोपण वर्ष 2018-19 में किया गया था। इसके बाद यहां कई तरह की गड़बड़ी सामने आई थी। प्रारंभ में पौधरोपण न कर पौधों को मरने के लिए केडार डेम के किनारे फेंक दिया गया था। इसके अलावा सही तरह से पौधरोपण नहीं करने, कांटातार व पोलखंभा कम खरीदने सहित मजदूरों को किए गए भुगतान में गड़बड़ी जैसे कई प्रकार के आरोप लगाते हुए इसकी उगास्तरीय शिकायत की गई थी। जहां मामले को लेकर विभाग के पूर्व एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगे थे। मामला तुल पकड़ने के बाद शुक्रवार को रायपुर पूर्व मंत्री व विधायक सत्यनारायण शर्मा सारंगढ़ प्लांटेशन की गड़बड़ी की जांच के लिए रायगढ़ पहुंचे। यहां कुछ देर रेस्ट हाउस में रूकने के बाद वन विभाग के अधिकारियों के साथ सारंगढ़ पहुंचे। उनके



साथ सीसीएफ अनिल सोनी, सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े, डीएफओ मनोज पांडे सहित अन्य अधिकारी शुक्रवार को मौके पर पहुंच कर प्लांटेशन का जायजा लिया। इस दौरान पौधरोपण सहित अन्य प्रकार की हुई शिकायतों को लेकर यहां जांच की प्रक्रिया शुरू की गई। हांलाकि उक्त पंक्ति के लिखे जाने तक मामले में जांच की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। इस कारण जांच के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है, पर सूत्रों की अगर माने तो बरसात के कारण पौधे हराभरा नजर आने की वजह से इस मामले में भले ही पौधरोपण को लेकर पूर्व के अधिकारी बच निकले, पर कांटातार, पोल क्रय, पौधा परिवहन, डीएपी क्रय, यूरिया क्रय, मजदूरों का भुगतान की जांच की जाए तो पूर्व के अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### मुझे नहीं बुलाया गया

सारंगढ़ प्लांटेशन मामले में शिकायतकर्ता पीएस पटेल से जब मोबाईल पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि कल शाम डीएफओ से बात हुई थी, तो उन्होंने जांच स्थल ले जाने की बात कही थी, पर आज जब वरिष्ठ कांग्रेसी विधायक व उगाधिकारी जांच के लिए पहुंचे तो मुझे नहीं बुलाया गया। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता को ही जांच प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाना उचित नहीं है।

अभी उगाधिकारियों के साथ में होने की वजह से पूरी जानकारी देने में समर्थ नहीं हूं। बाद में पूरी जानकारी दी जाएगी।

**मनोज पांडे,** डीएफओ, रायगढ़ वन मंडल

# जिले में 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।

कलेक्टर एल्मा ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी निर्देशों का पालन एवं बचाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष आयोजित 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस के कार्यक्रम में कटौती किया गया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित मुख्य




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। तत्पश्चात् पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकाड़ियों के द्वारा सलामी (गार्ड आफ ऑनर) दी जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री बघेल के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। तदुपरांत कार्यक्रम में मास्क लगाकर और सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए कोरोना वारियर्स डाक्टरों एवं पुलिस, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर एल्मा ने बताया कि तहसील एवं जनपद स्तर पर सार्वजनिक समारोह आयोजित नही होंगे। लेकिन जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष और नगरीय निकायों में नगरीय निकायों के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालयो में ग्राम सरपच और बड़े ग्रामों में गांव के मुखिया राष्ट्रीय ध्वज फ्हराएंगे और सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। उन्होने बताया कि जिला, विकास खण्ड़ और पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में किसी भी स्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओ को एकत्रित नही किया जाएगा और न ही सास्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। कलेक्टर एल्मा ने बताया कि 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनो में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

# संविदा व्याख्याताओं की भर्ती को लेकर पात्र-अपात्र की सूची जारी होते ही छिड़ा बवाल

## कई पात्रों के नाम अपात्रों में शामिल, कुछ के नाम दोनों सूची में दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




राज्य शासन की बेहतर शिक्षा को लेकर शुरु हुई उत्कृष्ट विद्यालय की पहल का पहला ही दौर विवादों में घिर गया है। यहां संविदा पद पर व्याख्याताओं की पदस्थापना के लिए जारी अभ्यर्थियों की पात्र-अपात्र सूची को लेकर आज हंगामा खड़ा हो गया। शिक्षा विभाग ने वेबसाईट पर यह सूची जारी की थी जिसमें कई अभ्यर्थियों ने उनके नाम अपात्र किए जाने के कारण को गलत करार दिया। हालांकि इस मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम ने स्पष्ट किया कि हमने दावा-आपत्ति के लिए ही सूची जारी की है। जो असंतुष्ट हैं वे अपना पक्ष रख सकते हैं और उनके आवेदन, प्रमाण पत्रों का पुनः परिक्षण करने के बाद ही अंतिम सूची का प्रकाशन होगा।

गौरतलब है कि सरकार द्वारा प्रदेश भर में 40 उत्कृष्ट विद्यालय शुरु किए जा रहे हैं। इनमें से एक राजनांदगांव के सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम शाला में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन होना है। इस विद्यालय में अध्यापन कार्य के लिए व्याख्याताओं की संविदा भर्ती शुरु की गई थी। इसके अपने मापदंड निर्धारित हैं। वहीं प्राचार्य के पद पर प्रतिनियुक्त के लिए आवेदन मांगा गया है।

इसी सिलसिले में व्याख्याता पदों के लिए आवेदन आने के बाद शुक्रवार को पात्र व अपात्रों की सूची जारी की गई जिसे लेकर बवाल खड़ा हो गया। अभ्यर्थियों ने इस सूची में कई तरह की खामियों को लेकर नाराजगी जाहिर की। मसलन, कंप्यूटर विषय के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी ने बताया कि इस पद हेतु प्रकाशित विज्ञापन में बीएड की अनिवार्यता का उल्लेख नहीं था। लेकिन जारी सूची में उन्हें बीएड न होने के चलते अपात्र की सूची में रखा गया है। ऐसी ही कई और खामियां इस सूची में देखने को मिली।

### पात्र भी और अपात्र भी

उत्कृष्ट विद्यालय में हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही माध्यमों में व्याख्यता के पद के लिए आवेदन करने वाले एक अभ्यर्थी ने बताया कि उन्हें अंग्रेजी विषय के व्याख्यता पद के लिए अपात्र की सूची में रखा गया है जबकि आवेदन उन्होंने अंग्रेजी माध्यम में गणित के विषय के लिए किया था। उन्होंने यह भी बताया कि इसका कारण बीएड नहीं होना उल्लेखित है जबकि उनके अनुसार बीएड प्रमाणपत्र की छायाप्रति भी आवेदन में संलग्न थी। उन्होंने कहा कि विभाग ने आवेदन के विपरित दूसरे विषय के व्याख्यता पद के लिए मुझे अपात्र किया जो की गलत है। वहीं मैंने बीएड की छायाप्रति भी संलग्न की थी जिसे सूची में अप्राप्त बताया गया। अगर ऐसा ही था तो मुझे हिंदी माध्यम के लिए भी अपात्र किया जाना चाहिए था। इसके अलाव एक अभ्यर्थी ने यह भी बताया कि उन्होंने बताया कि उनका नाम पात्र व अपात्र की दोनों ही सूची में नाम शामिल है जिसे लेकर वे असमंजस में हैं।

### दावा-आपत्ति के बाद होगा सुधार

पात्र - अपात्र की सूची में खामियों को लेकर शिक्षा विभाग घेरे में है। इधर, जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम ने इसे लेकर कहा कि, संभव है सूची में कुछ गलतियां हो इसलिए ही तो दावा आपत्ति के लिए सूची जारी की गई है। उन्होंने कहा कि जिन भी अभ्यर्थियों को सूची को लेकर शिकायत या परेशानी हो वे इसमें सुधार के लिए अपना पक्ष रख सकते हैं। विभाग इसका परिक्षण करने के बाद ही अंतिम सूची का प्रकाशन करेगा। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा विभाग की ही वेबसाईट में ही आवेदन के लिए ईमेल आईडी दी गई है। इस ईमेल आईडी में आवेदन व जिन प्रमाणपत्रों की मांग की गई है वे या जिस चलते वे अपात्र हैं उससे संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवा सकते हैं।

# पेड़ के नीचे लाउडस्पीकर से बच्चों की पढ़ाई

### मिडिल स्कूल दीवानभेड़ी में अध्यापन कार्य जारी



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

कोरोनाकाल में स्कूली छात्रों की पढ़ाई पिछले 6 माह से बंद है। शासन स्तर पर आनलाइन पढ़ाई के लिए शिक्षको को प्रेरित किया गया है। कुछ शिक्षको ने अभिनव प्रयोग करते हुए प्रयास किया है, किन्तु छ ग के भौगोलिक परिस्थितयो के चलते नेटवर्क व डेटा की समस्या आड़े आ रही है। इस विपरीत परिस्थितयो में मिडिल स्कूल दिवानभेड़ी के शिक्षक व शिक्षिका ने ग्राम में माइक लगाकर पेड़ के नीचे बैठकर विद्याध्ययन करा रहे हैं। स्कूल की शिक्षिका शशिकला कठोलिया व शिक्षक विष्णु शर्मा के द्वारा लगातार प्रयास करते हुए अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। संस्था के शिक्षक बीएल यादव व चित्ररेखा वैष्णव के द्वारा भी अध्यापन कराया जा रहा है। टीचर्स के इस कार्य को संकुल समन्वयक एमएल रात्रे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे व सरपंच सुमित्रा गोस्वामी सहित पंचगण व ग्रामीणों ने शिक्षको के अभिनव प्रयोग की सराहना की है।

### जिले में अब तक 556 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 07 अगस्त 2020 सवेरे 8.00 बजे तक की स्थिति में 556.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक 716 मि.मी. वर्षा थानखम्हरिया तहसील में तथा न्यूनतम 365 मि.मी. वर्षा साजा तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेरला तहसील में 579 मि.मी. वर्षा, बेमेतरा तहसील मे 653.4 मि.मी. वर्षा तथा नवाग? तहसील मे 468 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# कुछ शर्तों के साथ अब खुलेंगे बाजार एवं दुकानें

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए बेमेतरा कलेक्टर शिव अनंत तायल द्वारा लॉकडाउन आदेश सम्पूर्ण बेमेतरा जिला में 06 अगस्त 2020 के मध्य रात्रि 12:00 बजे तक प्रभावशील घोषित किया गया था तथा इस अवधि में प्रतिबंध से मुक्त दुकानों/बाजारों आदि के संचालन का समय प्रातः 06:00 बजे से 10:00 बजे तक निर्धारित किया गया था। उपरोक्त आदेश की अवधि कल मध्य रात्रि से समाप्त हो गयी है। छग शासन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में पूर्ण लॉकडाउन उपरोक्त अवधि 06 अगस्त 2020 के मध्य रात्रि से समाप्त किये जाने के निर्देश दिये गये है तथा जिलों में सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क के उपयोग एवं सैनिटाईजेशन की मान्य प्रक्रिया (एसओपी) को अपनाते हुये सामान्य काम-काज के संचालन की अनुमति दी गई है। इस प्रक्रिया में कन्टेंमेंट जोन में मान्य प्रोटोकॉल के आधार पर कार्यवाही किये जाने तथा कन्टेंमेंट जोन में लागू प्रावधानों को कड़ाई से पालन के निर्देश दिये गये है।

# विधायक छाबड़ा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा के समूचित विकास हेतु कृत संकल्पित होकर जुटे हुए है,विधायक आशीष छाबड़ा की अनुसंसा पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत विभिन्न पहुँच मार्गो का विधायक आशीष छाबड़ा ने भूमिपूजन किया जिसमें नवलपुर मुख्य मार्ग से मुड़पार स्कूल पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य राशि 49 लाख 98 हजार रुपये का विधि विधान से भूमि पूजन किया इसी तरह बालसमूंद-चंदनु मुख्य मार्ग से भोईनाभाठा चौक से बस्ती तक सी.सी.रोड पहुँच मार्ग जिसकी निर्माण कार्य राशि 19 लाख 99 हजार होगी का भूमि पूजन किया विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम खिलोरा में हाई स्कूल भवन खिलोरा पहुँच मार्ग जिसकी लागत राशि 13.89 लाख रुपये होगी का भूमि पूजन किया साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम जेवरी में बहेरघट,जेवरी मार्ग पहुँच से आगनबाड़ी केन्द्र क्र.3 जेवरी तक सी.सी.पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य राशि 19 लाख 99 हजार एव विधायक निधि से स्वीकृत कबीर समुदायिक भवन निर्माण कार्य राशि 05 लाख का भूमि पूजन,मुख्यमंत्री सम्रग ग्राम योजना सी.सी.रोड निर्माण कार्य राशि 2.60 लाख रुपये का लोकार्पण किया साथ ही



विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम बीजाभाठ में विधायक निधि से स्वीकृत कबीर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 05 लाख,सी.सी.रोड निर्माण कार्य 02 लाख,सी.सी.रोड निर्माण कार्य 03 लाख रुपये का भूमि पूजन एव आदर्श सामुदायिक पशु आश्रय स्थल निर्माण कार्य राशि 08 लाख 77 हजार रुपये का लोकापर्ण किया विधायक आशीष छाबड़ा ने भीषण कोरोना काल मे भी बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास के पहिये थमने नही दिये है लगातार कोरोना संक्रमण के दौर में भी विधायक आशीष छाबड़ा ने विभागीय अधिकारियों और विभागीय मंत्रियों से संपर्क साध कर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास मुलक कार्यो को पहली प्राथमिकत्ता में पूरा कराया है, जिसका प्रतिफल बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को जल्द ही देखने लगेगा विधायक आशीष छाबड़ा ने पहुँच मार्ग की स्वीकृति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया है, जिनकी छत्रछाया में बेमेतरा विकास के नये आयाम गढ़ राहा है इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा,कुमारी जयसवाल अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, मिथिलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, करुणा महानंद यादव सदस्य जनपद पंचायत बेमेतरा, होमलाल साहू सदस्य जनपद पँचायत बेमेतरा, घनाराम साहू, संतराम यादव, महानंद यादव, बोधन साहू, धनंजय साहू, चिंता साहू, द्वारिका पाण्डे, मोहित वर्मा, गणेश महेश्वरी, मोहन साहू, टिकाराम साहू, चंद्रिका महाराज, मनोज गायकवाड़, हेमकुमार साहू, अजय सेन, प्रतीक दुबे, सरपँच भोईनाभाठा ममता पाटिल, सरपँच खिलोरा भुनेश्वर साहू,सरपंच बीजाभाठ पुसैईया कुर्रे, सरपंच जेवरी पंचराम डौण्डे, योगेश साहू, एस डी ओ सचिन शर्मा, उपअभियंता राकेश वर्मा उपस्थित रहे।

# राममंदिर को लेकर उत्साह, सिंघोला में मना उत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

माँ भानेश्वरी देवी का धाम ग्राम सिंघोला में 5 अगस्त को अयोध्या में भगवान् राम जी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए की गई भूमि पूजन के खुशी में राम राज्य समिति के अगुवाई में महाआरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। गाँव में हर्ष का वातावरण रहा। पूरा गाँव भगवान् राम के रंग में राममय नजर आया। घरों में भगवा ध्वज से भर गया था।

राम राज्य समिति के अध्यक्ष अभिजीत साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुवात गावं के सरपंच मुकेश कुमार साहू द्वारा भगवान् राम जी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुई। ग्रामवासियों की उपस्थिति में भगवान् राम जी की महाआरती की गयी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। राम भक्तो द्वारा आतिशबाजी भी की गयी। गावं में दीवाली जैसा वातावरण नजर आ रहा था।

माँ भानेश्वरी प्रांगण में जितेन्द्र साहू द्वारा बनाया गया भारत के नक्शे को दीयो से सजाया गया था जिसको सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रभु राम जी का जयघोष के साथ मिठाई वितरण किया गया। अभिजीत साहू ने जितेन्द्र साहू एवं उनकी टीम, छनेंद्र कुमार साहू, डॉ. रोहन सोनकर सहित समस्त गावं वालो को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### श्रीराममंदिर भूमिपूजन पर हनुमान चालीसा पाठ

**डोंगरगांव नगर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास के ऐतिहासिक अवसर पर सनातन धर्मावलंबियों में अतीव हर्ष की लहर है। इसी अनु म में साकेत धाम परिषद् डोंगरगांव, गुरु कृपा महिला मानस परिवार, जय मां जगतारिणी महिला मंडल, आराधना महिला मानस परिवार तथा नागरिकों ने साकेत धाम परिसर में श्रीहनुमान चालीसा पाठ पश्चात मंगल दीप प्रज्वलित करके मंगल आरती कर आतिशबाज़ी करते हुए अपनी ख़ुशियों को साझा किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, डॉ. एनके लहरे, डिकेश साहू पार्षद, दीना पटेल, उद्घोषक गजेन्द्र हरिहारनो दीप, गजानंद सोनी, दयालू साहू, श्याम सुन्दर पटेल, आरडी मानिकपुरी, बिन्दु सोनी, शेष नारायण शांडिल्य, गुमान साहू, पार्वती साहू, सरिता ढीमर, निशा पंजवानी सहित वार्डवासी शामिल थे।



# गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह : महोबे

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। इस वर्ष कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरतते हुए आयोजन किए जाएंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए है। जिसके मद्देनजर इस स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आयोजन स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में नही बल्कि ग्राम सिवनी स्तिथ पुलिस रक्षित लाइन में मनाया जाएगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी संबंधी बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह का आयोजन कलेक्टोरेट के समीप पुलिस लाइन में किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरतनी होगी। भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड-19 से बचाव हेतु जारी सभी निर्देशों का पालन एवं उपाय करने होंगे। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण उपरांत पुलिस एवं नगर सैनिक की टुक?ियों के द्वारा सलामी (गार्ड आफ ऑनर) दी जाएगी। मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा।

## लोग सतर्क, रियायत का वक्त बढ़ने से मिली राहत

# गुलजार बाजार, जिम खोलने की तैयारियां भी शुरु, रेस्टोरेंट में आमद कम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

14 दिनों बाद शुक्रवार को बाजार गुलजार हो गया। गुरुवार की शाम आदेश जारी कर जिला प्रशासन ने शहर के लोगों को बड़ी राहत देते हुए लॉकडाउन में रियायत का वक्त बढ़ाते हुए इसे 12 घंटे कर दिया था। अब दुकानें सुबह 07 से शाम 07 बजे तक खुल रहीं हैं। इस छूट के बीच बाजार में उमड़ने वाली भीड़-भाड़ में भी कमी देखी गई। अब हालात सामान्य होते नज़र आ रहे हैं।

शुक्रवार को बाजार में कहीं भी हड़बड़ी देखने को नहीं मिली। लोग इस आपधापी में नहीं थे कि उन्हें कुछ ही देर में घर पहुंचने की जल्दी है वरना बाद में वो कार्रवाई की जद में आ जाएंगे। बढ़े हुए वक्त का फायदा यह भी लोग अब एहतियातन अपनी जरुरतों को लेकर बाजार पहुंच रहे हैं। भीड़-भाड़ की स्थिति भी देखने को नहीं मिल रही है।

यातायात विभाग ने भी लॉकडाउन खुलने के पहले दिन कार्रवाई को विराम दिया। आज महज चुनिंदा लोगों को जो प्रोटोकॉल के नियमों का पालन नहीं करते दिखे या व्यवस्था को बाधित करते रहे उन्हें समझाईश ही दी गई। यातायात विभाग के आरआई नीलकंठ वर्मा ने बताया कि शहर में यातायात आज सामान्य रहा। कहीं भीड़-भाड़ की स्थिति देखने को नहीं मिली। सामान्य आवाजाही से स्थिति बेहतर होती दिख रही है।

दूसरी ओर, नए निर्देश में जिम खोले जाने की भी अनुमति दी गई है। इस संदर्भ में प्रशासन ने जिम संचालकों के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। मार्च से बंद जिम का संचालन अब सोमवार से शुरु होने को है। इन सेंटरों में फिलहाल संचालक सेनेटाईजेशन का काम कर रहे हैं। वहीं सेंटर के संचालन के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर भी तैयारियां संचालकों द्वारा की जा रही है। रेस्टोरेंट भी खोल दिए गए हैं। हालांकि यहां पहले की तरह ग्राहकों की आमद नहीं दिख रही है।



दूसरी ओर लॉकडाउन खुलने का बड़ा फायदा महिला वर्ग को भी हुआ है। इस माह महिलाओं के लिए कई बड़े पर्व हैं जिनके लिए उन्हें बाजार पहुंचना होता है। हलछट की तैयारियां भी जारी हैं।)

### ग्राम बांधामेर एवं रेंगाकठेरा में किया गिरदावरी का निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर ने खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम बांधामेर के समीप मंदराकोही में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नक्शा देखकर किसानों द्वारा लगाए गए फसलों का अवलोकन किया। उन्होंने सभी पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि भूमि में बोनी के आधार पर गिरदावरी का कार्य महत्वपूर्ण है। इसके लिए खेतों में निरीक्षण कर सा यतापूर्वक सभी टीम वर्क में कार्य करें। कलेक्टर ने किसानों के खेतों का अवलोकन किया। कलेक्टर वर्मा ने ग्राम रेंगाकठेरा में नक्शे का अवलोकन करते हुए खसरा नंबर 625, 651 एवं अन्य किसानों के कृषि भूमि में लगे फसल का अवलोकन किया। उन्होंने पटवारियों से कहा कि खेत-खेत में जाकर गिरदावरी का कार्य करें और जिसने जो फसल लगाया है उसकी जानकारी पंजी में लिखें। उन्होंने पटवारी को नक्शा नवीनीकरण के निर्देश भी दिए।

### आमनेर नदी पर पुल एवं स्टाप डेम बनाने के निर्देश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने ग्राम मुढ़ीपार के समीप आमनेर नदी का निरीक्षण किया और उन्होंने वहां उपस्थित कार्यपालन अभियंता जीडी रामटेके को पुल एवं स्टॉप डेम बनाने के निर्देश दिए। इस नदी पर पुल बन जाने से ग्राम गातापार, टेमरी, सांकरी, बैगाटोला, चगुर्दा, लछना, गांडादाह, नवांगांव के निवासियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर एसडीएम निष्ठा पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य विप्लव साहू, जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो, नायब तहसीलदार मनीषा देवांगन, हुलेश्वर खुटे, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रविन्द्र मेहरा, पीओ मनरेगा उपेन्द्र वर्मा, डीपीएम बिहान दिनानाथ लिलहरे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### जिले में फिर मिले 17 कोरोना मरीज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में गुरूवार को फिर 17 नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है। जिसकी पुष्टि रायगढ़ सीएचएमओ ने की है। जिले के लैलूंगा क्षेत्र से 10, तमनार से एक, किरोड़ीमल नगर से एक, रामभाठा से एक, इतवारी बाजार से दो, उर्दना बटालियन से एक और जिंदल से एक मरीज मिले हैं। सभी मरीजों कि भर्ती की प्रक्रिया जारी है। जिले में गुरूवार को फिर बड़ा कोरोना विस्फोट हुआ है। गुरूवार को सबसे %यादा मरीज लैलूंगा में मिले हैं। लैलूंगा में 10 मारीज मिले हैं। वहीं रायगढ़ शहर के इतवारी बाजार से दो मरीज, तमनार से एक, उर्दना पुलिस लाइन से एक, किरोड़ीमल नगर से एक, जिंदल फोर्टिज अस्पताल से एक, रामभांठा से एक मरीज मिला है। लैलूंगा में एक साथ 10 कोरोना मरीज पाए जाने से दहशत का माहौल है।

### शहर सहित जिले के पांच ब्लाक रेड जोन में

**रायगढ़।** राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग ने गुरूवार को रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन वाले क्षेत्रों की नई सूची अधिसूचित की है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रदेश के सभी विकासखंडों और शहरी क्षेत्रों में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या, इनके दोगुने होने की दर तथा प्रति एक लाख जनसंख्या पर सैंपल जांच की ताजा स्थिति के आधार पर उन्हें रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन में पुनः वर्गीकृत किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो अगस्त की स्थिति के आधार पर यह वर्गीकरण किया गया है। अद्यतन रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन घोषित क्षेत्र इस प्रकार हैं। वर्तमान जारी जोन सूची के आधार पर रायगढ़ जिले के ब्लाक बरमकेला, सारंगढ़, खरसिया, लैलूंगा, लोइंग, धरमजयगढ़ रेड जोन में हैं तो वहीं रायगढ़ नगर निगम शहरी क्षेत्र भी रेड जोन में शामिल है।

# डॉक्टर, कैदी, बच्ची, गृहणी समेत 65 नए मरीज




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में आज कोरोना का कहर टूट पड़ा है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायपुर से जारी मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक गुरुवार को 65 नए मरीजों की पहचान की गई है, लेकिन बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 मरीजों जानकारी दी गई है। जिसमें दो डॉक्टर भी शामिल हैं।

मिले नए मरीजो में सिम्स गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली एक 26 वर्षीय जूनियर डॉक्टर भी संक्रमित पाई गई है। जो पूर्व में सिम्स में संक्रमित मरीज के संपर्क में आकर संक्रमित हुई थी, साथ ही ग्रीन गार्डन में रहने वाले 38 साल के आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। बताया जा रहा है, उनका शांति नगर में क्लीनिक है। वहीं सेंट्रल जेल में उम्र कैद की सजा कटाने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग बंदी भी संक्रमित पाया गया है। इसके अलावा माता चौरा में रहने वाली 45 वर्षीय और कोनी निवासी 35 साल की महिला भी संक्रमित मिली है। महमंद में रहने वाले 38 वर्षीय और यदुनंदन नगर तिफरा में रहने वाले 52 साल का व्यक्ति, सरकण्डा निवासी 28 साल का युवक भी पॉजिटिव पाया गया है। साथ ही शहरीय क्षेत्र से 46 साल का एक व्यक्ति और 2 साल की मासूम भी संक्रमित पाई गई है। तो ग्रामीण क्षेत्रों से मस्तूरी में रहने वाले 32 वर्षीय और सीपत के 26 साल के युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। गुरुवार को सैंट्रल जेल के एक और कैदी की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। जिसकी उम्र 85 साल बताई जा रही है। वैसे तो उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी की मौत 4 अगस्त को हो गई थी। लेकिन उसकी रिपोर्ट दो दिनों के बाद पॉजिटिव आई है। मिली जानकारी के अनुसार बंदी की तबीयत काफी समय से जेल में खराब चल रही थी। इसी दौरान 29 जुलाई को उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसे सिम्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जहाँ 6 दिनों तक चले उनके इलाज के बाद भी स्थिति नही सुधरी, तो उसे अपोलो रिफर किया गया था। जहाँ इलाज के दौरान उसकी 4 अगस्त को मौत हो गई। जिसकी कोरोना रिपोर्ट गुरुवार को पॉजिटिव आई है। जिसके बाद उसका दाह संस्कार देर शाम किया गया है।

## जेल में महिला कैदी की अचानक बिगड़ी तबियत , सिम्स में किया गया भर्ती

**बिलासपुर ।** तबियत बिगड़ने पर महिला कैदी को सिम्स में उपचार के लिए भर्ती



कराया गया, जेल के भीतर भी कोरोना का सं मण बना हुआ है जिसके गिरफ्त में कैदी आ रहे हैं। कोरोना के साथ अब मौसमी बीमारी का प्रकोप सैंट्रल जेल में दिखाई देने लगा है। जेल से सजा काट रहे कैदियों के कोरोना सं मित होने के मामलों के बाद अब उल्टी,दस्त जैसे बीमारी के चपेट में बंदी आ रहे है। ऐसा ही एक मामला देखा गया जहाँ सजा काट रही 22 वर्षीय महिला कैदी को गंभीर हालत में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। बताया जा रहा है। कि कुछ दिनों से महिला कैदी को उल्टी और दस्त की शिकायत थी। जिसका प्राथमिक उपचार जेल में चल रहा था। लेकिन उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नही हुआ। इसी बीच अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी जिसे आनन फानन सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसका उपचार जारी है । कोरोना सं मण से पहले ही सैंट्रल जेल में दर्जनभर से अधिक कैदी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। ऐसे में मौसमी बीमारियों के प्रकोप को लेकर जल्द ही पहल नही के गई तो स्थिति काफी गंभीर हो सकती है।

# सिटी डिस्पेंसरी बना लाइलाज

### डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी नदारत बिना इलाज के ही लौट रहे मरीज

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




शहर के गांधी चौक स्थित सिटी डिस्पेंसरी मात्र उपचार के दिखावे का ढांचा बना हुआ है जहां उपचार कराने आने वाले मरीजों को समय पर डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी नहीं मिलते है। जिस वजह से बीमार नागरिकों को बिना इलाज कराये ही बैरंग लौटना पड़ रहा है। वहीं मौजूद अन्य कर्मचारी मरीजों के प्रति औपचारिकता सहानभूति दिखाते हुए सभी डॉक्टर , कर्मचारी कोरोना ड्यूटी में होने की बात कह , जिला अस्पताल या अपोलो जाकर इलाज कराने का दिलासा देते हैं

ज्ञात हो कि सिम्स , जिला अस्पताल के ओपीडी में बढ़ती मरीजों की सँख्या को देखते हुए अर्बन स्वास्थ्य सेवा के तहत , 9 सिटी डिस्पेंसरियों की बुनियाद रखी गई थी , इनमें से एक गांधी चौक जूना बिलासपुर है सिटी डिस्पेंसरी है । स्वास्थ्य विभाग ने जिस उद्देश्य से इसे खोला गया था वह मकसद नजर नही आ रहा है प्रदेश में कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए है। वही जिला अस्पताल को कोविड 19 अस्पताल में तब्दील किया गया है। तबसे वहा सामान्य बीमारियों के मरीजों का इलाज जिला अस्पताल में पूर्ण रूप से बंद है वही मातृत्व शिशु अस्पताल के ओपीडी में डॉक्टर नही मिलते हैं ।

ऐसे में अपने क्षेत्र में खोले गए सिटी डिस्पेंसरियों में उपचार की होने की उम्मीद रहती मगर इन सिटी डिस्पेंसरियों का नजारा ही अलग है जहां डॉक्टर बैठते है न ही कोई सहायक मौजूद रहता है कुछ चतुर्थ वर्ग कर्मचारी नजर आ जाते हैं वह भी जिला अस्पताल जाकर इलाज करने का आश्वासन देते है या अपोलो जाने कहा जाता है जबकि अपोलो अस्पताल में आम आदमी खर्च के डर से इलाज नही करा सकता। ऐसे में सिटी डिस्पेंसरी में डॉक्टरों व स्टॉफ की वैकल्पिक व्यवस्था नही होने से आमजन को इलाज के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# स्कूटी समेत दो युवकों से पुलिस ने की शराब बरामद

**बिलासपुर।** मस्तूरी पुलिस ने क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान दो व्यक्तियों से 50 पाव शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने शराब परिवहन में उपयोग किए गए स्कूटी को भी जब्त कर लिया है। मस्तूरी थाना टीआई फैजूल शाह ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली कि दो व्यक्ति अवैध रूप से स्कूटी से शराब परिवहन कर रहे हैं। मामले की जानकारी पुलिस कप्तान को दी गयी। मामले को डीएसपी निमिषा पांडे को भी अवगत कराया गया। आवश्यक दिशा निर्देश के बाद टीम बनाकर मस्तूरी मुख्य सड़क की



नाकेबंदी की गयी। इसी दौरान स्कूटी पर सवार होकर दो व्यक्तियों को आते हुए देखा गया। पुलिस की घेराबंदी से बचने दोनों स्कूटी खड़ी कर भागने लगे। संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस टीम ने दोनों धर दबोचा। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना नाम संजय बोले पिता कल्लू बोले और मनोज अग्रवाल पिता दिनेश अग्रवाल बताया। दोनों ने जानकारी दी कि वह दयालबंद के रहने वाले हैं। वे लोग शराब लेकर जा रहे हैं,। उनके पास शराब परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज भी नहीं है। तलाशी के दौरान दोनों के पास से 20 पाव देशी मसाला शराब और 30 पाव देसी प्लेन शराब बरामद किया गया। शराब समेत परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त किया गया। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत 34 (2) 59 (क) का अपराध दर्ज किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड पर भेजा जाएगा। फैजुल शाह ने बताया कि जब्त 50 पाव शराब कीमत करीब 4200 रूपए से अधिक है।

# बावरा मन के वर्चुअल वर्ल्ड में सात सुरों का संगम

- **कल श्रीनिवास का परिवार सुरीले तरानों की प्रस्तुति देगा**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बावरा मन के कलाकार-सदस्यों के इवेंट उमंग-20 का क्रेज, ऑनलाइन दर्शकों व श्रोताओं में लगातार बढ़ता ही जा रहा है। लॉकडाउन के दौरान शुरू हुए फेसबुक लाइव में सजे इस वर्चुअल स्टेज में प्रतिभासंपन्न कलाकारों के सुरीले तरानों की लाइव परफार्मेंस से आम और खास, सभी प्रेक्षकों का भरपूर मनोरंजन हो रहा है।

बावरा मन के अध्यक्ष पी. रामा राव और सचिव राजेश दुआ ने




बताया कि रविवार 9 अगस्त को शाम 7 बजे से एम. श्रीनिवास और उनका परिवार अपनी दिलकश आवाज का जादू बिखेरना आरम्भ करेगा . सीएमपीडीआईएल में कार्यरत श्रीनिवास गीत-संगीत के प्रति अपार रूचि रखते हैंश्रीनिवास मेरे नैना सावन भादों जैसे सुपरहिट गीतों की झड़ी लगा देंगे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती एम पद्मावती तेरे बिना जिंदगी से कोई जैसे युगल और दिल तो है दिल जैसे एकल गीतों के जरिये माहौल को खुशगवार बनाने में भरपूर साथ देंगी । पद्मावती राजस्व मंडल, बिलासपुर में कार्यरत हैं ।

श्रीनिवास की सुपुत्री एम सौम्या भी खासी टेलेंटेड सिंगर हैं . सौम्या चेन्नई स्थित फ्रांस की मल्टीनेशनल कंपनी कैप जैमिनी में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर है एक तेलुगु फिल्म के लोकप्रिय गीत ÷मंदारा मंदारा ..÷ और कलंक के टाइटल सॉंग जैसे आज के दौर के गीतों की रवानगी किसी को भी मदमस्त कर देगी। श्रीनिवास के पुत्र एम के वी शास्त्री, टाटा कंन्सल्टेंसी सर्विसेस, नागपूर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं . नए-पुराने और सूफियाना गीतों में सुरों की लड़ियाँ बुनना उन्हें खूब आता है।बुल्लेया सुल्तान और कहो न कहो गीत उनकी झोली में हैं। आयोजक द्वय ने आग्रह किया है कि बावरा मन के फेसबुक लाइव के लिंक से जुड़कर देश-विदेश के रसिक श्रोता घर बैठे ऑनलाइन इस वर्चुअल कॉन्सर्ट का हिस्सा बन सकते हैं ।

# विद्युत आपूर्ति हुई ठप्प, कोल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

### बरौद एसईसीएल फीडर लाइन में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने का मामला

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



गत एक पखवाड़े से भी अधिक समय से एसईसीएल बरौद कॉलरी के स्वतंत्र फीडर लाइन में बाधापूर्ण विद्युत आपूर्ति की निरंतरता बनी हुई है। कभी 12 घंटे तो कभी 24 घंटो तक विद्युत गुल से परेशान कोयला कर्मचारियों ने गुरूवार को घरघोड़ा विद्युत मंडल कार्यालय का जबरदस्त घेराव करते हुए नारेबाजी कर कार्यालय में मौजूद अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि अब उक्त फीडर लाइन में विद्युत आपूर्ति इसी तरह बाधित रही तब आने वाले समय में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। विदित हो कि 133 केव्हीए चुहकीमार सबस्टेशन से 20 किमी दूर स्थित एसईसीएल के बरौद कॉलरी तक स्वतंत्र फीडर लाइन बिछाई गई है। जहां उत्पादन उत्पादकता कोयला प्रोडक्शन विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने से प्रभावित होती है। वहीं दूसरी ओर आवासीय कालोनी में जल प्रदाय की व्यवस्था के साथ ही परिजनों को निस्तारी व पीने के पानी के लिए तरसना पड़ता है। गृहणियों का कार्य भी बाधित होने से महिलाओं में भी विद्युत मंडल विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्याप्त था। क्षुब्ध प्रदर्शनकारी बताते हैं कि गत पखवाड़े से विद्युत की आपूर्ति निरंतर बाधापूर्ण है। गत तीन दिनों से विद्युत की आपूर्ति लगभग ठप्प रही है। रक्षा बंधन जैसे पर्व के पूरी रात व दिन भी नहीं रहना अत्याधिक पीड़ादायक रही। उन्होनें बतलाया कि 24-25 लाख रुपए का एसईसीएल कंपनी द्वारा विद्युत मंडल को राशि की अदायगी की जाती है। वहीं दूसरी ओर 10-12 लाख रुपए देने वाली टीआरएन कंपनी को भरपूर लाइन प्रदाय की जाती है। विद्युत विभाग का यह दोहरा रवैय्या और भेदभाव कोयला कामगार संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा संगठन को नागवार गुजर रहा है।

**एसडीएम मार्बल से की गई शिकायत** - गुरूवार को विद्युत मंडल कार्यालय में संयुक्त यूनियन इंटक, बीएमएस, एटक, एचएमएस तथा सीटू के पदाधिकारियों ने बरौद फीडर लाइन में हो रहे तकनीकी खराबियों को सुधार करने का ज्ञापन देते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर अनुविभागीय अधिकारी( राजस्व) एके मार्बल को भी ज्ञापन देते हुए विद्युत विभाग द्वारा बरौद फीडर का लाइन काटकर टीआरएन कंपनी को दिए जाने की शिकायत करते हुए इस पर उचित कार्यावाही की बात कही गई।

# चौथे मंजिल से गिरने से महिला की मौत, पुलिस कर रही जांच




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

फ्लैट के चौथे मंजिल के छत पर दीया जलाने गई महिला की संदिग्ध मौत हो गई। घटना तोरवा थाना क्षेत्र के साई धाम अपार्टमेंट की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जिसके बाद घटना के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे में ड्राइवर ए के वर्मा का तोरवा क्षेत्र के साईंधाम अपार्टमेंट में फ्लैट है। जहां वे पत्नी रजनी वर्मा व अपने बेटा और बेटी के साथ रहते हैं। उनका बेटा बीई, और बेटी बीबीए की पढ़ाई कर रही है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के भूमिपूजन का उत्सव मनाने दीपक जलाने के लिए रजनी वर्मा अपार्टमेंट के चौथे माले के छत पर गई थी। जो कुछ देर बाद उन्हें नीचे गिरी मिली। परिजन उन्हें इलाज के लिए अपोलो हॉस्पिटल लेकर गए, लेकिन उसने दम तोड़ दिया।

परिजनों को आशंका है, कि दीया जलाने के दौरान छत से गिरकर रजनी की मौत हुई होगी। हालांकि तोरवा पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है, जिसके बाद महिला की मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# दुकानों के टेंडर में गड़बड़ी की शिकायत पर बनी जांच कमेटी

- **रिपोर्ट अभी नही आई, आबंटन अभी नही हुआ क्योकि प्रक्रिया काफी लंबी, निगम के अधिकारी गड़बड़ी से कर रहे इंकार**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राजकिशोर नगर में नगर निगम द्वारा निर्मित व्यवसायिक परिसर के दुकानों की 2 माह पूर्व हुई नीलामी में गड़बड़ी की शिकायत और अपनों को उपकृत करने के आरोप पर नगर निगम ने जांच कमेटी गठित कर दी है । कमेटी ने अभी अपनी रिपोर्ट नही दी है इसी बीच दुकानों का आबंटन नही हुआ है क्योंकि आबंटन की प्रक्रिया काफी लंबी है और इसमें 8 से 9 माह लग सकते है जबकि निगम सूत्रों ने टेंडर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से इनकार किया है । उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में नगर निगम में शामिल किए गए राजकिशोर नगर में पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल के दौरान नगर निगम ने व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराया था जिसमे कई दुकानों की नीलामी भाजपा शासनकाल के दौरान हो चुका है । शेष बची दुकानों



को आवंटित करने 7 बार नीलामी की जा चुकी है मगर हर बार निरस्त कर दी जाती रही है । अभी 2 माह पूर्व कुछ दुकानों की नीलामी के लिए पुनः टेंडर बुलाया गया था जिस पर कलेक्टर ,निगम आयुक्त ,विधायक महापौर आदि को लिखित में की गई शिकायत में कहा गया कि टेंडर प्रक्रिया में नियमो का पालन नही किया गया । ई टेडरिंग के बजाय मेन्युअल टेंडर स्वीकृत किया गया । कई टेंडर के लिफाफे खोल बाद में सेलोटेप से चिपकाया गया । टेंडर पेटी का उपयोग करने के बजाय निगम कर्मी टेंडर लिफाफो को झोले में लेकर घूमता रहा ।टेंडर के कुछ लिफाफा को खोल कर उसमें भरे गए रेट से कुछ सौ और हजार रुपये ज्यादा का टेंडर भरकर अपनो को उपकृत किया गया । शिकायत में टेंडर की पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर फिर से टेंडर आमंत्रित करने की मांग की गई थी । इन शिकायतों की जांच हो इसके पहले यह भी खबर उड़ी कि एक पूर्व पार्षद ने रिंग बनाकर अपने लोगो को दुकान दिलवाने सुनियोजित ढंग से टेंडर की प्रक्रिया पूरी करवाया । इन आरोपो पर निगम के अधिकृत सूत्रों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है । जिन्हें दुकान नही मिली वे स्वभाविक है शिकायत करेंगे फिर भी प्राप्त शिकायतों को ध्यान में रख निगम अधिकारयियो की एक जांच कमेटी गठित की गई है । यह कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट नही दी है । जांच रिपोर्ट आने के बाद सत्यता स्वतः सामने आ जायेगी । दुकानों के आबंटन के प्रश्न पर निगम सूत्रों का कहना है कि टेंडर हों जाने के बाद भी दुकान आबंटन आसानी से नही होती । आबंटन की प्रक्रिया काफी लंबी है । टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसकी स्वीकृति के लिए पहले निगम के एमआईसी के पास जाता है उसके बाद सामान्य सभा मे भेजा जाता है दोनो जगह स्वीकृति के बाद अंतिम स्वीकृति के लिए राज्य शासन के पास भेज दिया जाता है ।

## अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

# कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए ली बैठक , दिये आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोविड 19 महामारी के विरूद्ध लड़ाई में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करने वाले कोरोना वारियर्स को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंथन सभा कक्ष में आयोजित बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपें गये, कलेक्टर ने बताया कि कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए इस बार समारोह



आयोजन के दौरान विशेष सावधानी बरती जाएगी तथा भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेगें और पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी जायेगी, मुख्य अतिथि द्वारा जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स, डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों, स्वच्छता कर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह प्रात 9 बजे आरंभ होगा,जिसके पूर्व सभी शासकीय कार्यालयों में प्रात 8 बजे ध्वजारोहण करने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड का निरीक्षण एवं अन्य कार्यक्रम नहीं होगें, लेकिन जो कार्यक्रम होगें उनकी व्यवस्था में कोई कमी नही रखी जाये,परेड की सलामी चार टुकड़ियों द्वारा दी जायेगी जिसमें जिला पुलिस बल, होम गार्ड, सशस्त्र पुलिस बल के दल होगें। पुलिस ग्राउण्ड की बैरिकेटिंग हेतु पी.डब्लू.डी एवं मैदान के समतलीकरण हेतु खनिज विभाग को निर्देश दिया गया,वन विभाग को बांस बल्ली उपलब्ध कराने, नगर निगम को वाटर प्रूफ पंडाल की व्यवस्था एवं कुर्सियों की व्यवस्था सोशल डिस्टेंसिंग के साथ करने के निर्देश दिये। कोरोना संक्रमण को देखते हुए समारोह के आमंत्रण पत्र सीमित संख्या में वितरित किये जायेगें,जिसके लिए प्रोटोकाल अधिकारी को निर्देश दिया गया है,पी.डब्लू.डी. विभाग को माईक व्यवस्था, आबकारी विभाग को पत्रकारों की बैठक व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा व्यवस्था, पशु पालन विभाग को कबूतर एवं गुब्बारे की व्यवस्था हेतु निर्देश किया गया।

# चोरी हुई बाइक में फर्राटा मारते पकड़ाये आरोपी



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चकरभाठा पुलिस ने 1 महीने पहले हुई चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, साथ ही चोरी किए गए दो बाइक सहित एक फोन को भी जब्त कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नांदघाट जिला बेमेतरा निवासी दूकलहा 48 वर्ष द्वारा चकरभाठा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी की 11 जून की रात कृष्णा हुंडई वर्कशॉप ट्रांसपोर्टनगर परसदा के पास से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दो मोटरसाइकिल तथा एक मोबाइल चोरी कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए चकरभाटा पुलिस चोरी पर अंकुश लगाने, लगातार संदिग्ध व आदतन चोरों से पूछताछ कर रही थी, साथ ही नाकाबंदी पॉइंट एवं रात्रि पेट्रोलिंग द्वारा अभियान भी चला रही थी, इसी दौरान साइबर सेल संदेही श्यामू सोनी से पूछताछ करने पर उसने सचिन पाटले से मोबाइल खरीदने की जानकारी दी, वही सचिन पाटले को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य दोस्त दीपक बंजारे पिता राम प्रसाद बंजारे (18 वर्ष), अमन कुमार सोनी गीता मोतीराम सोनी (18 वर्ष) के साथ मिलकर बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई दो बाइक एक मोबाइल सहित घटना में प्रयुक्त एक अन्य बाइक भी जब्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# भाजपा नेताओं को सांप सूंघ गया, जब भूपेश सरकार ने 150 करोड़ कौशल्या मंदिर के लिए किया ऐलान : विकास

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और पूर्व धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से सीधा सवाल पूछते हुए कहां है कि जिस प्रकार भाजपा आरएसएस और और विश्वहिंदू परिषद अयोध्या के राम मंदिर निर्माण का श्रेय लूटना चाह रहे हैं।

वही पिछले पंद्रह वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य जो कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की माता कौशल्या का मायके और राम भगवान राम का ननिहाल है उसकी उपेक्षा पूर्ववर्ती भाजपा सरकार,पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने उपेक्षित करके रखा था। कमीशन खोरी के भयंकर संक्रमण से ग्रसित पूर्ववर्ती रमन सरकार उन्हीं योजनाओं पर ध्यान रखती थी जिसमें कोटा कमीशन उन्हें प्राप्त हो सके। कौशल्या माता मंदिर निर्माण और राम वनपथ गमन को विकसित करने के लिए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने ढेला भर का बजट स्वीकृत नहीं किया जाता था। वर्तमान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लगातार जन हितैषी कार्य किए जा रहे हैं उसे देख भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सांप सूंघ गया है।

कांग्रेस सरकार द्वारा माता कौशल्या के भव्य मंदिर के निर्माण हेतु लगभग चौदह करोड़ की राशि और राम वन गमन को विकसित करने के लिए लगभग 137 करोड़ों रुपए की राशि की घोषणा की गई है इस पर तथाकथित राम भक्त भाजपा नेता और आरएसएस के स्वयंसेवको ने चुप्पी साध रखा है।केंद्र की मोदी सरकार रामायण कॉरिडोर निर्माण योजना में प्रदेश भाजपा जोर क्यो छत्तीसगढ़ राज्य को शामिल करने हेतु प्रस्ताव नही दे रही है। और अपने आखरी के छः सालों के कार्यकाल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने क्यों नहीं छत्तीसगढ़ राज्य में जो कि भगवान श्रीराम का ननिहाल है और जहां पर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी ने वनवास का बहुत समय व्यतीत किया है इन स्थानों का पुनर्निर्माण,विकसित और उद्धृत करने का कार्य क्यों नहीं किया है जबकि पूर्व पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश में पर्यटन की दृष्टि से मोटी कमाई करने के लिये मोर्टाल और अन्य पर्यटन स्थलों का निर्माण कराया जिसमे कॉरोडो-अरबो का बजट व्यय किया गया और राम वनपथ गमन के विकास के लिये ढेला मात्र के बजट का प्रावधान नहीं किया था जबकि भारतीय जनता पार्टी लगातार भगवान राम के नाम पर राजनीति कर अपना स्वार्थ सिद्धि कर रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से सवाल करते हुए कहा है कि क्या उनके द्वारा पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा जायेगा जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के उन स्थलों को रामायण कॉरिडोर से जोड़ने का आग्रह किया जायेगा।

एक और जहां देश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कौशल्या माता मंदिर और राम वनपथ गमन मार्ग के सर्वांगीण विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध है कि आने वाले वर्षों में कौशल प्रदेश छत्तीसगढ़ जो की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का ननिहाल है और माता कौशल्या का जन्म स्थल है वहां आकर पूरे देश और विदेश के राम भक्त कौशल्या माता की पतित पावन भूमि का दर्शन कर सकेंगे और भगवान राम,माता सीता और लक्ष्मण जी के वनपथ गमन मे भ्रमण कर अपने प्रभु को सुमिरन कर सकेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और पूर्व पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से पूछा है कि कब तक केंद्र की मोदी सरकार को पत्र लिखकर रामायण कॉरिडोर निर्माण योजना में छत्तीसगढ़ राज्य के उन पवित्र स्थलों को जोड़ने हेतु पत्र लिखेंगे जिसमें चलकर भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण जी ने वनवास का समय व्यतीत किया था और उस पत्र को कब प्रदेश की जनता के समक्ष जारी करेंगे इस बात का खुलासा भी तत्काल करना चाहिये।

# मुगलकाल में मुस्लिम बनने वाले 50 परिवारों राम मंदिर भूमिपूजन के बाद हुई वापसी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

5 अगस्त को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन चल रहा था. लेकिन इसी दिन एक और पूजा राजस्थान के बाड़मेर में चल रही थी. ये पूजा मुस्लिम परिवारों के लिए आयोजित थी. बाड़मेर के पायला कला पंचायत के मोतीसरा गाँव में आयोजित इस पूजा में 50 मुस्लिम परिवारों ने हिंदू धर्म को अपना लिया है. हिंदू धर्म को अपनाने वाले 50 परिवारों के करीब 250 लोग थे। हिंदू धर्म को अपनाने वाले मुस्लिम परिवारों का कहना था कि उनके पूर्वज हिंदू ही थे। लेकिन मुगलकाल में उन्हें मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए बाध्य कर दिया गया. लेकिन पिछले कई वर्षों उनके परिवार के लोग हिंदू रीति-रिवाज के साथ ही जी रहे हैं. गाँव के हम सभी मुस्लिम परिवारों ने तय किया कि अब उन्हें हिंदू धर्म वापसी करनी है. लिहाज यज्ञ-हवन के पश्चात जनेऊ धारण कर हम सभी हिंदू धर्म को अपना लिया है। मुस्लिम धर्म को छोड़ हिंदू धर्म अपनाने वाले बुजुर्ग सुभनराम का कहना है कि मुगलकाल में मुस्लिमों ने हमारे



पूर्वजों को डरा धमकाकर मुस्लिम बनाया था, लेकिन हम हिंदू धर्म से ताल्लुक रखते थे। मुस्लिम हमसे दूरी रखते हैं. उन्होंने कहा कि इतिहास की जानकारी होने के बाद हमने इस चीज के ऊपर गौर किया कि हम हिंदू हैं और हमें वापस हिंदू धर्म में जाना चाहिए. हमारे रीति रिवाज पूरी तरह हिंदू धर्म से संबंध रखते हैं. इसी के बाद पूरे परिवार ने हिंदू धर्म में वापसी की इच्छा जताई और फिर घर पर हवन यज्ञ कराकर जनेऊ पहनकर परिवार के सभी 250 सदस्यों ने फिर से हिंदू धर्म में वापसी कर ली। वहीं हरजीराम का कहना है कि कंचन ढाढ़ी जाति से ताल्लुक रखने वाला परिवार पिछले कई सालों से हिंदू रीति रिवाजों का पालन कर रहा था. वह हर वर्ष अपने घरों में हिंदू त्योहारों को ही मनाते हैं. बुधवार को राम जन्मभूमि पर राम मंदिर के शिलान्यास के समारोह पर सभी ने हवन पूजा पाठ का कार्यक्रम रखा और हिंदू संस्कृति का पालन करते हुए हमने अपनी स्वेच्छा से वापस घर वापसी की है. हमारे ऊपर कोई दबाव वगैरह नहीं है। गाँव के पूर्व सरपंच प्रभुराम कलबी का कहना है कि जिन लोगों ने हिंदू धर्म को अपनाया है उन पर किसी भी तरह से कोई दबाव नहीं था. सभी ने अपनी मर्जी के अनुसार निर्णय लिया है. गाँव के लोगों ने उनके फैसले का सम्मान किया है. कार्यक्रम में बाड़मेर के आस-पास के दर्जनों हिंदू धर्म के महराज शामिल थे।

# पुलिस टीम की तबाड़तोड़ कार्रवाई, हल्दीडीह रेतघाट में रेत से लदे 15 ट्रैक्टर जब्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर/आरंग
www.dailypioneer.com





रायपुर से करीब 25 किमी दूर आरंग में प्रतिबंध के बावजूद भी महानदी के किनारे रेतघाटों से रेत का उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है. यही वजह है कि तहसीलदार ने राजस्व विभाग और पुलिस की टीम के साथ मिलकर तबाड़तोड़ कार्रवाई करते हुए हल्दीडीह रेतघाट से रेत से लदे 15 ट्रैक्टर जब्त किया है. पकड़े गए ट्रैक्टरों और मालिकों के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए रायपुर खनिज विभाग को सौंपा गया है।

महानदी में बारिश के चलते पानी बढ़ गया, इसके बाद भी मजदूरों के जरिए ट्रैक्टरों में रेत भराया जाता है. तेज बहाव पानी के बीच काम करने से मजदूरों की जान पर भी बनी रहती है. आरंग राजस्व विभाग इससे पहले भी कई बार कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन रेत माफिया अवैध रूप से खनन और परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। तहसीलदार नरेंद्र बंजारा ने बताया कि आरंग में महानदी से लगे रेतघाटों में राजस्व विभाग नजर रख रही है, जब भी रेत का अवैध खनन और परिवहन की शिकायत विभाग को मिली है, कार्रवाई हुई है. आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। आरंग क्षेत्र के महानदी में जितने भी रेतघाट है, वहां खनिज विभाग से बिना अनुमति के निजी और शासकीय जमीनों पर रेत का अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है. जिसके बाद रेत माफिया रेत को काफी अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमा रहे है. रेत का अवैध भंडारण मुख्य रूप से चिखली, हल्दीडीह, कागदेही, बेनीडीह, राटाकाट, परागांव, गौरभाट, कुम्हारी स्थित रेटघाटों में किया जाता है।

कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अब सितंबर में

# 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक दवा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

हर वर्ष 8 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है। परंतु इस वर्ष कोरोनावायरस संक्रमण को देखते हुए अब यह दिवस सितंबर के तीसरे सप्ताह में मनाया जाएगा। बच्चों को पेट के कीड़ों के संक्रमण से बचाने के लिए प्रदेश के 1.12 करोड़ बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल की गोली दी जाएगी।


खून की कमीं और कुपोषण से लड़ने के लिए उक्त दिवस कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनाया जाता है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की समान भागीदारी होती है। इस दिन बच्चों को निःशुल्क एलबेंडाजोल गोली खिलाकर राज्य में कृमि संक्रमण से मुक्ति का प्रयास किया जाता है। वहीं जो बच्चे छूट जाते हैं उन्हें मॉप उप राउंड में दवा दी जाती है।

राज्य एनडीडी नोडल अधिकारी डॉ. अमर सिहं ठाकुर ने बताया इस वर्ष कोरोनावायरस का संक्रमण को

**स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग निभाएंगे सामूहिक भागीदारी**

देखते हुए उक्त कार्यक्रम को 8 अगस्त की बजाए सितंबर के तीसरे सप्ताह में किए जाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया स्वास्थ्य विभाग की सजगता और प्रयास से राज्य में शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर में कमीं आई है। दवा का सेवन कराने का मुख्य उद्देश्य पेट के कीड़ों के संक्रमण से बचाने के साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण के स्तर में सुधार लाना भी है। इसे देखते हुए ही वर्ष में दो बार कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी 2015 से इसकी शुरूआत हुई है। प्रदेश में जब इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई तब प्रीवेलेंट रेट 73 प्रतिशत था जो अब घटकर 13 प्रतिशत हो गया है, रेट को और भी कम करने का प्रयास निरंतर जारी है। बच्चों को दवाई स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी मितानिन और एएनएम के माध्यम से दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली (200 एमजी) एलबेंडाजोल तथा 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली (400 एमजी) की दवा अभियान के तौर खिलाई जाएंगीं।

## महात्मा गांधी की प्रासंगिकता विषय पर वेबिनार का आज सीएम करेंगे शुभारंभ



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 8 अगस्त, शनिवार को सोसायटी फॉर इम्पॉवरमेण्ट के द्वारा 'वैश्विक शांति-समकालीन परिदृश्य में महात्मागांधी की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित वेबिनार का शुभारंभ करेंगे। वेबिनार का आयोजन शाम 6 बजे से 8.30 बजे तक होगा। इसके कोऑर्डिनेटर सीए आशीष नीरज होगें। वेबिनार में इसराइल से डॉ. ओलेक नेट्जर, यूएसए से विलियम वेस्टरमेन, भारत से भद्रा बहन, ए.के.पाण्डे, प्रोफेसरएस.नारायण और भैरव लाल दास शामिल होंगे।

# 8 लाख का अवैध पटाखा जब्त, आरोपी व्यापारी और ड्राइवर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के सारंगढ़ थाना क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर 8 लाख का पटाखा जब्त किया गया. आरोपी व्यापारी के पास पटाखे से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं था. पूछताछ में व्यापारी कोई जवाब भी नहीं दे पाया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी व्यापारी और ड्राइवर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सुबह 9 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि सिविल लाईन सारंगढ़ निवासी राहुल अग्रवाल पिता पदम अग्रवाल (34) अपने मकान में अवैध रूप से पटाखा मंगा कर भण्डारण कर रहा है. इस सूचना पर एसपी संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देश पर सारंगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर रेड कार्रवाई की गई. मौके पर एक वाहन में 74 कार्टून पटाखा व राहुल अग्रवाल के मकान से 100 कार्टून पटाखा मिला. पुलिस ने मौके पर राहुल अग्रवाल को नोटिस देकर भण्डारण का लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन आरोपी राहुल अग्रवाल कोई शासकीय दस्तावेज, लाइसेंस नहीं था। आरोपी राहुल अग्रवाल का मकान सिविल लाइन जैसी घनी बस्ती में है, फिर भी आरोपी ज्वलन शील पदार्थ को अवैध रूप से अपने घर में भण्डार किया था, जिससे भविष्य में कोई बड़ी आगजनी की घटना हो सकती थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत,मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से जुपिटर सवार व्यक्ति की मौत हो जाने की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएडी कालोनी कंचना खम्हारडीह निवासी रोहित टंडन 24 वर्ष पिता विरेन्द्र टंडन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि तेलीबांधा निवासी जगदीश यादव 50 वर्ष पिता पूरन यादव को 5 अगस्त को जुपिटर स्कूटी से जाते समय तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0355 ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये ठोकर मार दिया जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मृतक जोरा स्थित दुध डेयरी जोरा बस्ती में रहकर काम करता था। 5 अगस्त को दोपहर करीब एक बजे अपने साथी का जुपिटर स्कूटी मांगकर ग्राम पिरदा गया हुआ था शाम हो जाने के बाद भी वापस नही आने पर प्रार्थी व डेरयरी में काम करने वाले अन्य कर्मचारी उसकी तलाश कर रहे थे। 6 अगसत को आने-जाने वालों से पूछने पर पता चला कि ग्राम पिरदा के पास सिलिण्डर से भरा ट्रक ने एक जुपिटर सवार को जोरदार ठोकर मार दिया था जिसे 112 के माध्यम से मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया है।




# जीवन में हर काम दिल लगाकर करें, कभी असफल नहीं होंगे : डीजीपी अवस्थी

**मैट्स विश्वविद्यालय के इंटरएक्टिव सेशन में पुलिस महानिदेशक ने ऑनलाइन दिये विद्यार्थियों के प्रश्नों के जवाब**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

हमें जीवन में हर काम दिल लगाकर करना चाहिए और जो काम दिल से किया जाता है वह कभी असफल नहीं होता। परिजनों को चाहिए कि बच्चों के नंबरों पर ज्यादा दबाव बनाने की तुलना में उन्हें अच्छा इंसान बनाने पर विशेष ध्यान दें। यह बातें छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी (आईपीएस) ने मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन इंटरएक्टिव सेशन में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से कहीं।

मैट्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडी के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ शासन डी.एम. अवस्थी थे. अवस्थी ने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब देते हुए जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि हर चीज को दिमाग से नहीं करना चाहिए बल्कि अपने जीवन में हर काम मन से कीजिये और दिल लगाकर किया गया काम असफल नहीं होता। अवस्थी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए विद्यार्थियों को अनेक महत्वपूर्ण टिप्स दिये और कहा कि आज भाषा का माध्यम कोई भी हो, हिन्दी या अंग्रेजी, सभी के लिए समान अवसर है. हिन्दी के विद्यार्थी हिन्दी में और अंग्रेजी के विद्यार्थी अंग्रेजी में यूपीएससी की परीक्षा देते हैं. अनेक विद्यार्थी सफल होते हैं तो अनेक असफल भी लेकिन जो असफल होते हैं वे नाकाबिल होते हैं, ऐसा नहीं है, उनमें भी बहुत नॉलेज होता है. हमें अपने जीवन से कृतिमता या नकलीपन को हटा देना चाहिए और अच्छा



इनसान बनना चाहिए. बच्चों में यह दबाव न बनाएँ कि वे सौ में से सौ नंबर प्राप्त करें, बल्कि उन्हें एक अच्छा इनसान बनाने के लिए प्रयास करें।

अवस्थी ने अपने जीवन के अनुभव भी साझा किये और कहा कि बच्चों के पहले रोल माडल माता-पिता होते हैं और माता-पिता जैसे होंगे बच्चे भी वैसे ही सीखेंगे. पुलिस महानिदेशक अवस्थी ने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि आज तकनीकी का दौर है और तकनीकी की सफलता तभी है जब इसका सही उपयोग हो. उन्होंने यह भी कहा कि हर क्षेत्र में आज अवमूल्यन हो रहा है और हमें मूल्यों की रक्षा करने के प्रति सजग होना आवश्यक है।

अवस्थी ने विद्यार्थियों द्वारा कैरियर की संभावनाओं को लेकर पूछे गए प्रश्नों का उत्साह के साथ जवाब दिया गया. इस अवसर पर एआईजी राजेश अग्रवाल (पीएचक्यू) भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे. इंटरएक्टिव सेशन में कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांढ, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी द्वारा विद्यार्थियों को दिये गये मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त किया एवं वर्तमान समय में इसे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिये महत्वपूर्ण बताया. इस सेशन में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं विभिन्न संकायों के विद्यार्थी ऑनलाइन उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403